नई दिल्ली
मंगलवार, 26 अगस्त 2025
भाद्रपद मास शुक्ल पक्ष, तृतीया वर्ष : 29, अंक : 132
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 27
न्यून. 23



हरिभूमि
दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com




विभिन्न दलों के 31 सदस्यीय जेपीसी का गठन होना है

# विपक्ष का जेपीसी से किनारा, अमित शाह बोले, देश भ्रष्टाचार के खिलाफ दोहरे चरित्र वाले नेताओं को देख रहा है, कानून समय पर लेगा आकार

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

केंद्र सरकार द्वारा संसदीय पटल पर रखे गए तीन विधेयकों पर राय मशविरे के लिए बनायी जा रही संयुक्त संसदीय समिति, जेपीसी, में सहभागिता निभाने से समूचे विपक्ष ने मना कर दिया है। इसकी शुरुआत तृणमूल कांग्रेस ने की फिर उनके साथ आम आदमी पार्टी, समजपवादी पार्टी और अब कांग्रेस भी शामिल हो गई।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने कहा कि कांग्रेस पार्टी जेपीसी का हिस्सा बनने को अनिच्छुक है। विदित हो की विभिन्न दलों के 21 लोकसभा और 10 राज्यसभा के सांसदों को मिलाकर 31 सदस्यीय जेपीसी का गठन होना है। संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के गठन को लेकर जारी विवाद और गहराता दिख रहा है। विपक्षी दलों ने केंद्र सरकार द्वारा गठित इस समिति से दूरी बना ली है। इसके बावजूद केंद्र सरकार ने साफ संकेत दिया है कि यह विधेयक कानून बनने की दिशा में आगे बढ़ेगा। गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को एएनआई को दिये इंटरव्यू में कहा की देश राहुल गांधी के दोहरे रवैये को देख रहा है।

उन्होंने मनमोहन कैबिनेट से पारित उस आर्डिनेंस को फाड़ कर फेंकते हुए उसे "नॉनसेंस" कहा था जिसके आधार पर तत्कालीन रेलमंत्री लालू यादव को बचाने के लिए लाया गया था, अब वो क़ानून बनाने पर विरोध कर रहे हैं। उन्होंने कहा, देश में जब सांसदों के लिए पहले से कानूनी प्रावधान है कि दो साल से अधिक की सजा किसी कोर्ट से हुई तो ऊपरी अदालतों में आवेदन से पहले इस्तीफ़ा देना होगा तो मंत्री, मुख्यमंत्री ⏩ शेष पेज 5 पर

## विधेयक का प्रावधान

विवादित विधेयक में एक कड़ा प्रावधान जोड़ा गया है। इसके तहत कोई भी राजनेता यदि किसी आपराधिक मामले में तीस दिनों के भीतर जमानत नहीं ले पाता है, तो उसे मंत्री, मुख्यमंत्री या प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देना होगा। सरकार का तर्क है कि इस कदम से राजनीति में पारदर्शिता बढ़ेगी और आपराधिक मामलों में उलझे नेताओं पर जवाबदेही तय होगी।



### आगे की राह

- जेपीसी अब अपने निर्धारित समय में विधेयक पर रिपोर्ट तैयार करेगी।
- संसद के अगले सत्र में इस पर बहस और मतदान होना तय है।
- विपक्ष की गैरमौजूदगी अगर जेपीसी से विधेयक लौट कर आने के बाद संसद में भी रही तो सरकार के लिए इसे पारित कराना आसान दिख रहा है।

### विपक्ष का विरोध

*विपक्षी दलों का आरोप है कि सरकार इस विधेयक का इस्तेमाल "राजनीतिक बदले" की भावना से विपक्षी सरकारों के ख़िलाफ़ कर सकती है। ऐसे कई मामले होते जिनमें तुरंत बेल का प्रावधान नहीं होता। जब तक अदालतें किसी को दोषी न ठहरायें तब तक किसी को दोषी मान कर इस्तीफ़े का प्रचलन ठीक नहीं। क़ानून का दुरुपयोग विपक्षी दलों के ख़िलाफ़ होने की पूरी संभावना है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता अभिषेक मनु सिंघवी का मानना है, जेपीसी में सत्ता पक्ष की मेजोरिटी रहेगी। जब संसद में विपक्ष को नहीं बोलने दिया का रहा जेपीसी में कहाँ राय रखने देंगे ? ये सब दिखावा हाई। उन्होंने कहा, इतना कठोर प्रावधान लोकतांत्रिक परंपराओं के विपरीत है।*

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## महू में पहली बार तीनों सेनाओं का' रण संवाद'

**इंदौर।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहली बार तीनों सेनाओं द्वारा युद्ध पद्धति में नवाचार और रणनीतिक विमर्श को लेकर राष्ट्रीय स्तर का 'रण संवाद 2025' आयोजित हो रहा है। आज मंगलवार और बुधवार अगस्त को महू के सैन्य संस्थान में होगा। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर इंदौर एयरपोर्ट पर प्रशासन, पुलिस और अन्य विभागों की बैठक एडीएम रोशन राय की अध्यक्षता में हुई। इस आयोजन में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ सीडीएस जनरल अनिल चौहान, थलसेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी, नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी और वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमरप्रीत सिंह शामिल होंगे। आयोजन के दौरान 26 से 28 अगस्त तक महू को नो-फ्लाई जोन घोषित किया गया है। इस अवधि में महू और आसपास के क्षेत्रों में ड्रोन उड़ाने पर भी पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। देश में पहली बार थल सेना, जल सेना और वायु सेना का संयुक्त सेमिनार आयोजित किया जा रहा है। इसमें रक्षा उद्योग विशेषज्ञ, शिक्षाविद् और अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधि भी शामिल होंगे। सेमिनार में युद्ध, युद्धनीति और आधुनिक तकनीक के प्रभाव जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा होगी।


भारत और फिजी के बीच रक्षा क्षेत्र में कार्य योजना के जरिए मजबूत होगा सहयोग

# आतंकवाद को मानवता के लिए बड़ी चुनौती मानते दोनों देश, मामले पर भारत को फिजी का समर्थन



यह जानकारी सोमवार को राजधानी में प्रधानमंत्री मोदी और फिजी के प्रधानमंत्री सिटिवेनी राबुका के बीच हुई प्रतिनिधिमंडल स्तर की बैठक से मिली है

दोनों देशों के राष्ट्राध्यक्ष एक खुले हुए, स्वतंत्र, समावेशी हिंद-प्रशांत क्षेत्र के पक्ष में हैं



हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बने हुए चुनौतीपूर्ण हालातों के बीच सोमवार को राजधानी में भारत और फिजी के प्रधानमंत्रियों के बीच एक प्रतिनिधिमंडल स्तर की महत्वपूर्ण बैठक हुई। जिसमें दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों से जुड़े हुए सभी पहलुओं के अलावा क्षेत्रीय व वैश्विक मुद्दों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। रक्षा और सुरक्षा के क्षेत्र में कार्य योजना के जरिए अपने सहयोग को मजबूत बनाने पर भी दोनों शीर्ष नेता सहमत हैं।

आतंकवाद को दोनों मानवता के खिलाफ बहुत बड़ी चुनौती मानते हैं और इससे जुड़ी भारत की लड़ाई में फिजी उसके साथ खड़ा है। एक खुले हुए, स्वतंत्र, समावेशी और समृद्ध हिंद-प्रशांत क्षेत्र के भी दोनों समर्थक हैं। बैठक के बाद द्विपक्षीय ⏩ शेष पेज 5 पर

### एक ही नाव में सवार हमारी आकांक्षाएं

बैठक के बाद दिए संयुक्त प्रेस वक्तव्य में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत और फिजी भले ही महासागरों से दूर हों। लेकिन हमारी आकांक्षाएं एक ही नाव में सवार हैं। मैंने और पीएम राबुका ने अपनी बातचीत में आपसी सहयोग को मजबूत बनाने के लिए कई जरूरी फैसले किए हैं। जिनमें रक्षा, सुरक्षा सहयोग को सशक्त बनाने के लिए एक कार्य योजना तैयार की गई है। फिजी की समुद्री सुरक्षा सुरक्षा को चाक-चौबंद बनाने के लिए भारत से प्रशिक्षण और उपकरणों के जरिए सहयोग दिया जाएगा। साइबर सुरक्षा और डेटा प्रोटेक्शन के क्षेत्रों में हम अपने अनुभव बांटने के लिए तैयार हैं।

### जलवायु परिवर्तन में साथ कार्य जारी

उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन फिजी के लिए गंभीर खतरा है। जिसे लेकर हम नवीकरणीय ऊर्जा, सौर ऊर्जा में साथ मिलकर काम कर रहे हैं। दोनों देश अंतरराष्ट्रीय सौर संघ, सीडीआरआई और वैश्विक बॉयोफ्यूल अलायंस में साथ हैं। भारत आपदा प्रतिक्रिया में फिजी की क्षमताओं को बढ़ाने में सहयोग देगा। शिक्षा के क्षेत्र में हमने तय किया है कि भारत फिजी विश्वविद्यालय में हिंदी और संस्कृत पढ़ाने के लिए भारतीय शिक्षक भेजेगा। जबकि फिजी के पंडित स्वदेश आकर प्रशिक्षण लेने के साथ ही गीता महोत्सव में भी भाग लेंगे। जिससे भाषा से संस्कृति तक हमारे संबंध और मजबूत होंगे।

### पीएम राबुका ने की गिरमिट डे की घोषणा

पीएम मोदी ने कहा कि भारत, फिजी के बीच आत्मीयता का गहरा रिश्ता है। 19 वीं सदी में भारत से गए 60 हजार से अधिक गिरमिटिया भाई-बहनों ने अपने परिश्रम और पसीने से न केवल फिजी को समृद्ध बनाने में योगदान दिया है। बल्कि वहां की ⏩ शेष पेज 5 पर

### आईपीओआई से जुड़ेगा फिजी

*पीएम ने ये भी कहा कि आतंकवाद को लेकर हम दोनों एकमत हैं कि यह पूरी मानवता के लिए एक बहुत बड़ी चुनौती है। मामले पर दिए गए समर्थन, सहयोग के लिए भारत ने फिजी के प्रधानमंत्री और वहां की सरकार के प्रति आभार जताया। भारत, प्रशांत के द्वीपीय देश से सहयोग में फिजी को एक केंद्र के रूप में देखता है। दोनों देश एक खुले हुए, स्वतंत्र, समावेशी और समृद्ध हिंद-प्रशांत क्षेत्र का समर्थन करते हैं। फिजी के प्रधानमंत्री की शांति के महासागर नामक एक बहुत ही सकारात्मक सोच है। इंडो-पेसिफिक ओसियन इनिशिएटिव से जुड़ने के लिए भारत, फिजी का स्वागत करता है। उन्होंने कहा, हम वैश्विक दक्षिण की विकास यात्रा में भी सहयात्री हैं। दोनों एक ऐसी विश्व व्यवस्था के निर्माण में भागीदार हैं। जहां क्षेत्र की स्वतंत्रता, विचार और पहचान को सम्मान मिले। भारत मानता है कि किसी भी आवाज का अवहेलना नहीं की जानी चाहिए और कोई भी देश पीछे नहीं छूटना चाहिए। हिंद से लेकर प्रशांत महासागर तक हमारी साझेदारी महासागरों के बीच का सेतु है। जिसकी जड़ें विश्वास और सम्मान पर टिकी हुई हैं।*

# दुनिया में जहां कहीं से भी हमें 'बेस्ट डील' मिलेगी, हम वहां से तेल खरीदेंगे: विनय कुमार

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली



ट्रंप के कल से लागू होने वाले 50 फीसदी पूर्ण टैरिफ को लेकर बेधड़क अंदाज में बोले रूस में भारत के राजदूत विनय कुमार।

भारत पर कल यानी बुधवार से पूरी तरह से लागू होने वाले अमेरिका के 50 फीसदी पारस्परिक टैरिफ के बीच घरेलू से लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गहमागहमी तेज हो गई है। जिसमें एक ओर रूस में भारत के राजदूत विनय कुमार का दिया एक ताजा बयान संचार माध्यमों पर जबरदस्त वायरल हो रहा है।

जिसका सार ये है कि 'दुनिया में जहां कहीं से भी भारतीय कंपनियों को तेल के संबंध में बेहतरीन सौदा (बेस्ट डील) मिलेगा, वो वहां से लगातार तेल की खरीद करेंगी'। नई दिल्ली अपने राष्ट्रीय हितों और 140 करोड़ देशवासियों की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए सभी जरूरी कदम उठाएगी। इन सबके बीच टैरिफ के भारतीय निर्यातकों पर पड़ने वाले प्रभावों की समीक्षा के लिए 26 अगस्त को केंद्र सरकार द्वारा एक उच्च-स्तरीय बैठक भी बुलाई गई है। दूसरी ओर अमेरिका के उप-राष्ट्रपति जेडी वेंस का कहना है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूस के तेल ⏩ शेष पेज 5 पर

### बाजार में स्थिरता लाती भारत की खरीद

विनय कुमार ने ये भी कहा कि व्यापार मुख्य रूप से व्यापारिक आधार पर निर्भर करता है। जिसमें स्वदेशी कंपनियों को जहां बेहतरीन मौका मिलेगा। वो वहां से अपना व्यापार करेंगी। वर्तमान स्थिति में हमने साफ किया है कि हमारा उद्देश्य 1.4 बिलियन लोगों की ऊर्जा आवश्यकताओं की पूर्ति और उसके साथ-साथ रूस और कुछ अन्य देशों के साथ हमारे सहयोग से जुड़ा हुआ है। जो कि तेल बाजार खासकर अंतरराष्ट्रीय तेल बाजार में स्थिरता लाने में मददगार है।

### रूस से अमेरिका भी कर रहा व्यापार

भारत के राजदूत ने वाशिंगटन के निर्णय को अनुचित और अविवेकपूर्ण बताते हुए कहा कि भारत की सरकार अपने देश की आम जनता के हितों (राष्ट्रीय) की रक्षा करेगी। वहीं, हमारी अब तक ऊर्जा की खरीद जिसमें रूस से जारी तेल खरीद भी शामिल है। वो पूरी तरह से राष्ट्रीय हितों और बाजार की स्थिति पर निर्भर करती है। कुमार ने स्पष्ट किया कि भारत और रूस का व्यापार आपसी हितों, बाजार कारकों के तहत किया जाता ⏩ शेष पेज 5 पर

# दिल्ली मेट्रो के किराए में आठ साल बाद एक से चार रुपए तक की बढ़ोतरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ल

कोविड-19 से हुए नुकसान, ऋण भुगतान और रखरखाव लागत के कारण वित्तीय संकट से जूझ रहे दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) ने सोमवार को लगभग आठ साल के अंतराल के बाद यात्री किराए में वृद्धि की। अधिकारियों ने बताया कि यह बढ़ोतरी यात्रा की दूरी के आधार पर एक रुपये से चार रुपये तक होगी।

डीएमआरसी के एक अधिकारी के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2023-24 में डीएमआरसी को कर-पूर्व 1,781.69 करोड़ रुपये का घाटा हुआ। अगले वर्ष, 2024-25 में, घाटा लगभग 1,598 करोड़ रुपये होने का अनुमान है। अधिकारी ने कहा, "किराए में हालिया वृद्धि न्यूनतम है और इससे सीमित राहत ही मिलेगी। हालांकि, अतिरिक्त राजस्व से डीएमआरसी को ट्रेनों और बुनियादी ढांचे का समय पर रखरखाव सुनिश्चित करके अपने परिचालन मानकों को बनाए रखने में मदद मिलेगी, जिनमें से अधिकांश अब पुराने हो चुके हैं।" नयी दरों में दो किलोमीटर तक की दूरी के लिए किराया 10 रुपये से बढ़कर 11 रुपये हो गया है, जबकि 32 किलोमीटर से अधिक की यात्रा के लिए किराया 60 रुपये से बढ़कर 64 रुपये हो गया है। वहीं, 12 से 21 किलोमीटर की यात्रा के लिए किराया 40 रुपये से बढ़कर 43 रुपये हो गया है और 21 से 32 किलोमीटर की दूरी के लिए नया किराया पहले के 50 रुपये के मुकाबले 54 रुपये हो गया है। डीएमआरसी ने एक बयान में कहा कि नयी दरें रविवार और राष्ट्रीय अवकाशों पर भी लागू होंगी। इन दिनों में, 32 किलोमीटर से अधिक की यात्रा के लिए अब 50 रुपये के बजाय 54 रुपये देने होंगे, जबकि 12 से 21 किलोमीटर के लिए पहले किराया 30 रुपये था, जिसे अब 32 रुपये कर दिया गया है।

एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन पर भी किराए में पांच रुपये तक की बढ़ोतरी की गई है। डीएमआरसी ने कहा कि यह बढ़ोतरी ''न्यूनतम'' है और इसका उद्देश्य किफायती सार्वजनिक परिवहन प्रदान करते हुए परिचालन लागत को संतुलित करना है। अधिकारियों ने कहा, ''किराया बढ़ाने का कारण कोविड अवधि के दौरान हुए नुकसान, जापान अंतरराष्ट्रीय सहयोग एजेंसी (जेआईसीए) को पुनर्भुगतान प्रतिबद्धताएं, ट्रेनों के नवीनीकरण की आवश्यकता, बुनियादी ढांचे का रखरखाव और कर्मचारियों के वेतन जैसे प्रमुख वित्तीय दबाव हैं।'' यह संशोधन चौथी किराया निर्धारण समिति की सिफारिश पर किया गया है तथा ⏩ शेष पेज 5 पर

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने विधानसभा में की घोषणा

# दंगों में जान गवाने वाले के परिवार के एक सदस्य को मिलेगी सरकारी नौकरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

हरियाणा सरकार द्वारा 1984 में हुए सिख विरोधी दंगों के दौरान प्रदेश के ऐसे सभी 121 परिवारों जिनके किसी एक सदस्य की जान चली गई थी उनके परिवार के एक सदस्य को प्राथमिकता के आधार पर नौकरी प्रदान की जाएगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सोमवार को हरियाणा विधानसभा में चल रहे मानसून सत्र के दौरान यह घोषणा की। उन्होंने सदन को अवगत कराया की 1984 में हुए सिख विरोधी दंगों में प्रदेश में लगभग 20 गुरुद्वारों, 221 मकानों, 154 दुकानों, 57 फैक्ट्रियों, 3 रेलडिब्बों और 85 वाहनों को जला दिया गया था। इन दंगों में 58 व्यक्ति घायल हुए और 121 लोगों की मृत्यु हुई थी। उन्होंने पीड़ित परिवारों को आपसी सहमति से परिवार के एक सदस्य का नाम अपने जिले के उपायुक्त के माध्यम से मुख्य सचिव, हरियाणा सरकार को भिजवाने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि इस सम्बन्ध में सरकार द्वारा हिदायतें शीघ्र ही जारी कर दी जाएंगी।

शिक्षक भर्ती घोटाले में थी तलाश

# दीवार फांदकर भाग रहे विधायक को ईडी टीम ने दौड़ाकर पकड़ा

टीएमसी विधायक जीवन कृष्ण साहा को गिरफ्तार किया

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पश्चिम बंगाल के स्कूलों में शिक्षकों और कर्मचारियों की नियुक्ति में कथित अनियमितताओं को लेकर टीएमसी विधायक जीवन कृष्ण साहा के आवास पर छापेमारी की। ईडी अधिकारी ⏩ शेष पेज 5 पर



### ईडी अधिकारियों ने तालाब से फोन बरामद किए

ईडी अधिकारी ने बताया विधायक ने सबूत मिटाने की कोशिश में अपना फोन घर के पास एक तालाब में फेंक दिया। उन्होंने ⏩ शेष पेज 5 पर

देश भर में कम होगा करों का बोझ

# नवरात्रि के पहले दिन से ही लागू हो सकती हैं जीएसटी की नई दरें

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली




वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता वाली जीएसटी (गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स) परिषद 22 सितंबर तक नए जीएसटी कर स्लैब लागू कर सकती है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 अगस्त को अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार लाने की घोषणा की थी, जिससे देश भर में टैक्स का बोझ कम होगा। सरकारी सूत्रों ने बताया कि नए जीएसटी दरें 22 सितंबर यानी नवरात्रि के त्योहारों के साथ लागू होने की संभावना है। पीएम मोदी ने 79वें स्वतंत्रता दिवस पर राष्ट्र को संबोधित करते हुए कहा था कि सरकार अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार लाएगी, जिससे आम आदमी ⏩ शेष पेज 5 पर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण को भी साझा किया गया

विश्व खाद्य कार्यक्रम के कार्यकारी उप निदेशक और मुख्य परिचालन अधिकारी कार्ल स्काउ ने कृषि मंत्रालय के सचिव देवेश चतुर्वेदी से मुलाकात की

# कार्ल स्काउ ने खाद्य सुरक्षा को आगे बढ़ाने में भारत की उल्लेखनीय प्रगति की सराहना की

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफपी) के कार्यकारी उप निदेशक एवं मुख्य परिचालन अधिकारी कार्ल स्काउ ने सोमवार को नई दिल्ली स्थित कृषि भवन में कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के सचिव डॉ. देवेश चतुर्वेदी से मुलाकात की। बैठक में राष्ट्रीय, क्षेत्रीय और वैश्विक स्तर पर डब्ल्यूएफपी की गतिविधियों और विकास पर चर्चा की गई। डीए एंड एफडब्ल्यू सचिव ने विभाग में कार्यकारी उप निदेशक और प्रतिनिधिमंडल के अन्य सदस्यों का गर्मजोशी से स्वागत किया। डब्ल्यूएफपी के साथ साझेदारी के महत्व पर ज़ोर देते हुए, उन्होंने सरकारों के साथ डब्ल्यूएफपी के बहुमूल्य समन्वय की सराहना की। सचिव चतुर्वेदी ने भारत को वैश्विक खाद्यान्न भंडार के रूप में स्थापित करने, खाद्य एवं पोषण सुरक्षा के लिए आत्मनिर्भरता प्राप्त करने के प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण को भी साझा किया और विकसित भारत के लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मार्ग के रूप में दक्षिण- दक्षिण सहयोग के महत्व को रेखांकित किया।

उन्होंने भारत के कृषि क्षेत्र में प्रमुख नवाचारों को रेखांकित किया, जिनमें फसल बीमा, डिजिटल कृषि और ट्रेसेबिलिटी आदि में प्रगति शामिल है। उन्होंने खाद्य सुरक्षा बढ़ाने में भारतीय ⏩ शेष पेज 5 पर

वैश्विक भुखमरी से निपटने के लिए भारत ने विश्व खाद्य कार्यक्रम के साथ की साझेदारी

## खाद्य सुरक्षा से जूझ रहे देशों की सहायता के लिए भारत प्रतिबद्धः खाद्य सचिव

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

भारत सरकार और विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफपी) ने सोमवार को एक आशय पत्र (एलओआई) पर हस्ताक्षर करके वैश्विक भुखमरी संकट से निपटने के उद्देश्य से अपने सहयोग के रूप में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि की घोषणा की। भारत सरकार का खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग (डीएफपीडी) इस पहल के तहत डब्ल्यूएफपी को भारत से फोर्टिफाइड चावल की आपूर्ति करने का अवसर प्रदान करता है। इस पहल से वैश्विक स्तर पर संकटग्रस्त क्षेत्रों में सबसे कमजोर आबादी की खाद्य और पोषण संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने में मदद मिलेगी। यह सहयोग वैश्विक साझेदारियों की मजबूती को दर्शाता है। भारत से चावल प्राप्त करके, डब्ल्यूएफपी अपनी आवश्यकता ⏩ शेष पेज 5 पर

### 40 पुलिसकर्मी किए गए तैनात

# हमले के बाद दिल्ली की मुख्यमंत्री को दिया गया दोहरा सुरक्षा कवच

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर हाल में हुए हमले के बाद दिल्ली पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था को और कड़ा करते हुए उनकी सुरक्षा में स्थायी रूप से 40 पुलिसकर्मी तैनात किए हैं। साथ ही, उनके किसी भी कार्यक्रम में आने वाले लोगों की कई बार तलाशी ली जाएगी। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। प्रारंभ में केंद्रीय गृह मंत्रालय ने मुख्यमंत्री को केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की 'जेड' श्रेणी की सुरक्षा देने का निर्देश दिया था, लेकिन अब वह व्यवस्था समाप्त कर दी गई है। उसकी जगह दिल्ली पुलिस ने सुरक्षा की जिम्मेदारी संभाल ली है और अतिरिक्त बल तैनात कर उन्हें 'जेड-प्लस' श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की गई है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, मुख्यमंत्री की सुरक्षा में 40 से अधिक पुलिसकर्मी हर समय तैनात रहेंगे। दिल्ली की मुख्यमंत्री के लिए एक सुदृढ़ सुरक्षा व्यवस्था की गई है। उनके सभी कार्यक्रमों में कड़ी जांच की जाएगी। इसमें उनके जनसुनवाई कार्यक्रम भी शामिल हैं। मुख्यमंत्री गुप्ता (51) पर 20 अगस्त की सुबह सिविल लाइंस क्षेत्र में उनके कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान एक व्यक्ति ने हमला कर दिया था। मुख्यमंत्री कार्यालय ने इस हमले को उनकी हत्या की सुनियोजित साजिश बताया था। अधिकारी ने कहा, कि प्रवेश से पहले हर आगंतुक की पूरी तरह तलाशी और पहचान की पुष्टि की जाएगी। हमने सुरक्षा की बहु-स्तरीय व्यवस्था की है ताकि किसी प्रकार की चूक न हो। उन्होंने बताया कि अब मुख्यमंत्री की सुरक्षा दो-स्तरीय घेरे में की जाएगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी दिल्ली पुलिस के पास होगी। भीतरी सुरक्षा घेरे में दो सशस्त्र अंगरक्षक मुख्यमंत्री के थोड़ा आगे तैनात रहेंगे, जो किसी भी अप्रिय स्थिति में तुरंत सुरक्षा प्रदान करेंगे, जबकि अन्य अंगरक्षक चारों ओर 360 डिग्री निगरानी बनाए रखेंगे ताकि किसी भी खतरे को शुरुआत में भांपा जा सके। बाहरी सुरक्षा घेरा मुख्यमंत्री के कार्यक्रमों के दौरान आमजन की पहुंच, तलाशी और भीड़ नियंत्रण की जिम्मेदारी निभाएगा। गुप्ता की सुरक्षा में यह बढ़ोतरी उनके जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान हुए हमले के कुछ ही दिनों बाद की गई है। दिल्ली पुलिस ने मुख्यमंत्री पर हमले की जांच के सिलसिले में अब तक दो लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनमें मुख्य आरोपी, पेशे से ऑटो चालक सकारिया राजेशभाई खिमजी (41) भी शामिल हैं जो राजकोट (गुजरात) निवासी है। उसके सहयोगी तहसीन को भी गिरफ्तार किया गया है, जिसने घटना से पहले आर्थिक मदद की और समन्वय किया।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, जांच में यह सामने आया है कि खिमजी अकेले नहीं था, बल्कि उसने मुख्यमंत्री को नुकसान पहुंचाने की स्पष्ट और सुनियोजित साजिश रची थी। जांच से जुड़े एक अन्य पुलिस अधिकारी ने कहा, "हम खिमजी से जुड़े 10 से अधिक लोगों से पूछताछ कर रहे हैं। हमले के पीछे के मकसद की गहन जांच की जा रही है और जैसे-जैसे जांच आगे बढ़ेगी, और नाम सामने आ सकते हैं।" पुलिस ने कहा कि गुप्ता के सार्वजनिक कार्यक्रमों में सुरक्षा को और कड़ा किया जाएगा, क्योंकि इन आयोजनों में बड़ी संख्या में लोग शामिल होते हैं। अधिकारी ने कहा, "मुख्यमंत्री की सुरक्षा से किसी भी स्तर पर समझौता नहीं किया जाएगा। हमने उनके सभी कार्यक्रमों के लिए सख्त दिशानिर्देश तय किए हैं। प्रवेश नियंत्रण से लेकर सुरक्षाकर्मियों की तैनाती तक, हर पहलू पर सख्त निगरानी रखी जाएगी।

# सड़क पर फिसले मैकेनिक की करंट लगने से मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

■ कीर्ति नगर इलाके की घटना

पश्चिमी दिल्ली के कीर्ति नगर इलाके में एक मैकेनिक की करंट लगने से मौत हो गई। मैकेनिक बारिश के कारण फिसलकर बिजली के खंभे के पास पहुंच गया था। जैसे ही उसने खंभे को हाथ लगाया करंट की चपेट में आ गया। यह घटना रविवार रात करीब नौ बजकर 40 मिनट पर सामने आई। शव को पोस्टमॉर्टम के लिये दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल भिजवाया गया है।

पुलिस के अनुसार यह हादसा केसर टी-प्वाइंट के पास हुआ। स्थानीय लोगों ने हादसे की सूचना फोन के माध्यम से पुलिस को दी। पूछताछ के दौरान पता लगा कि इलाके से गुजरते समय बारिश के कारण कीचड़ भरी सड़क पर पवन यादव (40) फिसल गए और उनका हाथ बिजली के खंभे से जा लगा। इससे वह करंट की चपेट में आ गए। यादव को बेहोशी की हालत में तुरंत एबीजी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि उनके परिजन को सूचित कर दिया गया है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट तथा जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। यादव दोपहिया वाहन मैकेनिक थे और वह बसई दारापुर में अपने परिवार के साथ रहते थे। स्थानीय लोगों का आरोप है कि बिजली के खंभे में करंट आने की वे लोग कई बार अधिकारियों से शिकायत कर चुके हैं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। यादव के सहकर्मी एवं प्रत्यक्षदर्शी सतीश ने कहा कि वह काम के बाद घर जा रहा था, तभी उसका पैर फिसल गया और वह गलती से बिजली के खंभे से टकरा गया। हमने पहले भी खुले तार की शिकायत की थी, लेकिन कोई सुधार नहीं हुआ। यादव कुछ मिनट तक करंट के कारण खंभे से चिपका रहा, उसके बाद हमने किसी तरह से उसे खींच लिया। इस खंभे में पहले भी करंट था और हम इसके पास जाने से बचते थे। यह घोर लापरवाही है कि ऐसे खंभों की जांच नहीं की जाती।

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**(धारा 82 सीआरपीसी/84 भा.न.स.स.देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **गौरव उर्फ लल्लू** पुत्र श्री भगवान सिंह, निवासी- मकान संख्या 16/290ई, टैंक रोड, बापा नगर, नई दिल्ली ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 272/2016 धारा 379/411 भा.द.स, थाना कश्मीरी गेट, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है की किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **गौरव उर्फ लल्लू** मिल नहीं रहा और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **गौरव उर्फ लल्लू** फ़रार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इस लिए इस के द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **गौरव उर्फ लल्लू, प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 272/2016 धारा 379/411 भा.द.स, थाना कश्मीरी गेट, दिल्ली** न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 27.09.2025 को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेश से
**श्री वैभव गर्ग**
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी-11
(केंद्रीय), कक्ष संख्या 138
तीस हजारी न्यायालय, दिल्ली

DP/10479/N2025

## दिल्ली की मुख्यमंत्री पर हमला करने वाला व्यक्ति उनकी हत्या करना चाहता था, खरीदा था चाकू : पुलिस

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर हाल हमें हुए हमले के मुख्य आरोपी ने कथित तौर पर उनकी (मुख्यमंत्री) हत्या की योजना बनाई थी और दिल्ली पहुंचते ही चाकू खरीद लिया था। पुलिस के एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि आरोपी के दोस्त तहसीन सईद को साजिश के बारे में पता था और वह हमले से पहले लगातार उसके संपर्क में था।

सईद को भी इस मामले में गिरफ्तार किया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, ''आरोपी सकरिया राजेशभाई खिमजी मुख्यमंत्री की हत्या की योजना बनाकर आया था और उसने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के बाहर एक सब्जी के ठेले से चाकू खरीदा था। लेकिन जब उसने (मुख्यमंत्री के) जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान भारी पुलिस बल तैनात देखा तो आरोपी ने सिविल लाइंस में कहीं चाकू फेंक दिया।" उन्होंने बताया कि सिविल लाइंस इलाके से चाकू बरामद किया गया है। सईद को पूछताछ के लिए गुजरात के राजकोट से शुक्रवार रात को दिल्ली लाया गया और तथ्यों की पुष्टि के लिए खिमजी से उसका आमना-सामना कराया गया। उसे रविवार को हिरासत में ले लिया गया।

अधिकारी ने बताया कि खिमजी ने कथित तौर पर सईद को गुप्ता के शालीमार बाग स्थित आवास का वीडियो भेजा था जबकि सईद ने उसे 2,000 रुपये भेजे थे और बुधवार को मुख्यमंत्री पर उनके सिविल लाइन्स कैंप कार्यालय में आयोजित 'जन सुनवाई' कार्यक्रम के दौरान हुए कथित हमले से पहले दोनों लगातार संपर्क में थे। सूत्रों ने दावा किया कि खिमजी शालीमार बाग स्थित गुप्ता के निजी आवास की ओर जाने से पहले उच्चतम न्यायालय गए थे। उन्होंने बताया कि ऑटोरिक्शा चालक खिमजी के खिलाफ राजकोट के भक्तिनगर पुलिस थाने में 2017 से 2024 के बीच मारपीट और शराब रखने के पांच मामले दर्ज हैं। उसके खिलाफ कई निवारक कार्रवाई भी की गई है। गुजरात मद्यनिषेध अधिनियम और दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की विभिन्न धाराओं के तहत 2017, 2020 और 2022 में दो बार ये कार्रवाई की गई। खिमजी को 2021 में बॉम्बे पुलिस अधिनियम की धारा 56 के तहत एक बार निर्वासित भी किया गया था। वर्ष 2017 के एक मामले के तथ्यों के अनुसार, खिमजी ने एक व्यक्ति के सिर पर तलवार से वार किया और कपड़े धोने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले बल्ले से उसकी पिटाई की। वहीं, वर्ष 2022 में पत्नी से झगड़े के बाद उसने परिवार वालों को डराने के लिए ब्लेड से अपने सिर पर हमला भी किया था। तब उसे नौ टांके लगे थे। खिमजी अवैध शराब की तस्करी में भी शामिल था।

# पैसे के विवाद के बाद महिला की हत्या का आरोपी अरेस्ट



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

डाबड़ी इलाके में पैसे को लेकर हुए विवाद के बाद एक महिला की गला घोंटकर हत्या और उसके बाद शव को नाले में फेंकने की कोशिश करने के आरोप में एक दर्जी को गिरफ्तार किया गया है। बिंदापुर निवासी महिला की मां ने 21 अगस्त को उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

डीसीपी द्वारका अंकित सिंह के अनुसार डाबड़ी थाने में 23 अगस्त को दोपहर करीब दो बजकर 54 मिनट पर एक शव के बारे में सूचना मिली। प्रारंभिक जांच में मृतक की पहचान उस लापता महिला के रूप में हुई, जिसकी रिपोर्ट उसकी मां ने 21 अगस्त को दर्ज करवाई थी। पुलिस ने पीड़िता की गतिविधियों का पता लगाने के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगालने के साथ ही तकनीकी निगरानी का इस्तेमाल किया। महिला को 21 अगस्त को महावीर एन्क्लेव निवासी सलीम (35) के साथ एक इमारत में प्रवेश करते देखा गया था, जो मूलरूप से उत्तर प्रदेश के हरदोई का निवासी है। बाद में आरोपी परिसर से बाहर निकलते हुए देखा गया, जो एक शव को छिपा कर ला रहा था। पुलिस के अनुसार सलीम तथा मृतका एक-दूसरे को जानते थे और वे लगातार संपर्क में थे। महिला कथित तौर पर उससे बकाया पैसे वापस मांग रही थी, जिस पर दोनों के बीच बहस हुई। गुस्से में आकर आरोपी ने उसका गला घोंट दिया और फिर शव को मोटरसाइकिल पर रखकर डाबड़ी के एक नाले में फेंकने की कोशिश की। हालांकि, इस दौरान शव फिसल गया, जिससे लोगों ने उसे देख लिया। सलीम मौके से फरार हो गया। डाबड़ी थाने की टीम उसे ढूंढने के लिए हरदोई पहुंची। लगातार प्रयासों के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया।

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 सीआरपीसी देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **निखिल मित्तल**, पुत्र **राज कुमार मित्तल** पता **जे–15/6, गली नं.1, ब्लॉक–जे, जय प्रकाश नगर, घोंडा, दिल्ली** ने case **CC No. 511389/16 U/s 138 NI Act., थानाः सदर बाजार, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है ) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त **निखिल मित्तल** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **निखिल मित्तल** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि case **CC No. 511389/16 U/s 138 NI Act., थानाः सदर बाजार, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **निखिल मित्तल** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद/मुकद्मा का उत्तर देने के लिए **दिनांक 24.09.2025** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

आदेशानुसार
श्री अरविन्द तोमर
न्यायायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी, एनआई एक्ट–07
केन्द्रीय जिला, कोर्ट नं. 507, एक्सटेंशन ब्लॉक
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/11317/N/2025 (Court Matter)

## उत्तम नगर में इमारत का एक हिस्सा ढहा, दो लोग घायल



**नई दिल्ली।** पश्चिमी दिल्ली के उत्तम नगर इलाके में सोमवार को एक इमारत का हिस्सा ढहने से दो लोग घायल हो गए। दोनों घायलों को इलाज के लिये अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। दिल्ली अग्निशमन सेवा द्वारा जानकारी दी गई कि हमें सूचना मिली कि एक इमारत की तीसरी मंजिल का एक हिस्सा गिर गया है। इसमें दो लोग घायल हुये हैं। दोनों को तुरंत दीन दयाल उपाध्याय (डीडीयू) अस्पताल ले जाया गया। घटना की सूचना सुबह सात बजकर 42 मिनट पर मिली। मामले की जांच जारी है।

# बहन से वीडियो कॉल पर बात करते हुए यमुना में कूदा युवक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

■ पुलिस और दमकल की टीमें तलाश में जुटी

दक्षिण-पूर्वी दिल्ली में एक व्यक्ति ने अपनी बहन से वीडियो कॉल पर बात करते समय ही यमुना नदी में छलांग लगा दी। यह घटना रविवार रात करीब 11 बजकर 20 मिनट पर सामने आई। युवक का नाम रितिक (21) बताया गया है। शुरुआती जांच में पता चला कि अपनी बहन से विवाद के बाद युवक ने यमुना में छलांग लगाई।

पुलिस का कहना है कि रितिक की बहन सुमन द्वारा पीसीआर कॉल कर सूचना दी थी। इसके बाद सनलाइट कॉलोनी थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। सुमन ने बताया कि उसके भाई ने उसके साथ वीडियो कॉल में बात करते हुए नदी में छलांग लगा दी है। पुलिस को यमुना पुल पर एक मोटरसाइकिल और एक मोबाइल फोन पड़ा मिला। करोल बाग में रहने वाली और सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कर रही सुमन भी मौके पर पहुंची। उसने पूरा घटनाक्रम पुलिस को बताया। पुलिस के मुताबिक रितिक पिछले कुछ महीनों से नौकरी की तलाश में अपनी बहन के साथ रह रहा था और अपनी प्रेमिका से अनबन के बाद से वह उदास था। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ), अग्निशमन विभाग के साथ ही जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) की एक टीम को भी यमुना पर बुलाया गया। एनडीआरएफ की एक मोटरबोट टीम ने युवक के कूदने के 20 मिनट के भीतर खोज अभियान शुरू कर दिया था। बचाव अभियान पूरी रात और सोमवार सुबह भी जारी रहा, लेकिन फिलहाल युवक का कुछ पता नहीं लग पाया है।

## 39 लाख 50 हजार रुपये के क्रिप्टो निवेश धोखाधड़ी में तीन पकड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

क्रिप्टोकरेंसी निवेश धोखाधड़ी कर एक व्यवसायी से 39.5 लाख रुपये ठगने के आरोप में मुख्य आरोपी समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गये लोगों के नाम पहाड़गंज निवासी कृष्ण कुमार उर्फ मोनू (42), गोपालपुर निवासी दीपू (32) और जीटीबी एन्क्लेव निवासी मोहम्मद इरफान शेख (31) बताये गये हैं। पुलिस के अनुसार महेंद्रू एन्क्लेव के 47 वर्षीय स्टेशनरी शॉप के मालिक को उच्च लाभ दिलाने का वादा करके एक फर्जी सोशल साइट के माध्यम से क्रिप्टोकरेंसी में निवेश करने के लिए लुभाया गया था। इस योजना को असली मानकर शिकायतकर्ता ने विभिन्न बैंक खातों में 39.5 लाख रुपये ट्रांसफर कर दिये थे। जांच के दौरान पुलिस को करोल बाग स्थित एक निजी बैंक में आरएस मैनेजमेंट सर्विसेज के नाम से संचालित खाता मिला। इस खाते में 17 फरवरी को ठगी गई राशि में से 10 लाख रुपये प्राप्त हुए थे। यह राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर दर्ज कम से कम नौ अन्य शिकायतों से जुड़ा हुआ था। खाताधारक कृष्ण कुमार फरार पाया गया। वह गिरफ्तारी से बचने के लिए बार-बार अपना ठिकाना और मोबाइल नंबर बदल रहा था। आखिरकार 20 अगस्त को कृष्ण कुमार को गिरफ्तार किया गया। उसके खुलासे के आधार पर सहयोगी दीपू को एक दिन बाद गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि अरविंद पश्चिमी जिले के साइबर थाने में दर्ज धोखाधड़ी के एक अन्य मामले में पहले से ही न्यायिक हिरासत में है। लगातार प्रयासों के बाद इरफान को भी पहाड़गंज से गिरफ्तार कर लिया गया।

### एसएससी अभ्यर्थियों द्वारा किया गया था रविवार को प्रदर्शन

# रामलीला मैदान में तीन महिला कांस्टेबलों सहित पांच पुलिसकर्मी हुये घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली




एसएससी परीक्षाओं से संबंधित मुद्दों को लेकर एसएससी अभ्यर्थियों द्वारा रविवार को रामलीला मैदान में हुये विरोध प्रदर्शन में तीन महिला कांस्टेबलों सहित कुल पांच पुलिसकर्मी घायल हुये हैं। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर लाठी चार्ज की घटना से भी इंकार किया है।

दिल्ली पुलिस द्वारा सोमवार को साफ तौर पर कहा गया कि इस सभा में लगभग 1,500 लोग शामिल हुए थे। इसे सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक शांतिपूर्ण तरीके से आयोजित करने की अनुमति दी गई थी। हालांकि, निर्धारित समय के बाद भी बार-बार हटने के अनुरोध के बावजूद लगभग 300 प्रदर्शनकारी कार्यक्रम स्थल पर डटे रहे। एसीपी कमला मार्केट और डीसीपी ने बार-बार उनसे मैदान छोड़ने का अनुरोध किया। उन्हें स्पष्ट रूप से सूचित किया गया था कि धारा 163 बीएनएसएस लागू है और निर्धारित समय के बाद किसी भी तरह का जमावड़ा गैरकानूनी होगा। बार-बार चेतावनी के बावजूद लगभग 100 प्रदर्शनकारियों ने जाने से इनकार कर दिया। प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने की प्रक्रिया में 40 लोगों को हिरासत में लिया गया, जबकि अन्य मौके से चले गए। घटना के दौरान कुछ प्रदर्शनकारियों के आक्रामक व्यवहार के कारण तीन महिला कांस्टेबलों सहित पांच पुलिसकर्मी घायल हो गए। पुलिस द्वारा कोई लाठीचार्ज नहीं किया गया। कानूनी कार्रवाई की गई है। बीएनएस की धारा 223 बी (पूर्व में आईपीसी की धारा 188) के तहत रविवार रात प्राथमिकी दर्ज की गई। डीसीपी मध्य जिला निधिन वलसन ने बताया कि इसके अलावा आयोजकों द्वारा दिए गए वचन का उल्लंघन करने के कारण सोमवार को विरोध प्रदर्शन के लिए दी गई अनुमति वापस ले ली गई है।

## हिट एंड रन केस का आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** रिंग रोड पर भीकाजी कामा प्लेस मेट्रो स्टेशन के पास 16 दिन पहले सामने आए हिट एंड रन केस के आरोपी को दिल्ली पुलिस ने सैंकड़ों सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के बाद पकड़ लिया है। इस हादसे में एक युवक की जान चली गई थी और एक अन्य किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया था।द पुलिस ने बताया कि आरोपी की पहचान रंगपुरी निवासी राजीव रंजन उर्फ मुन्ना (29) के रूप में हुई है। उसे गिरफ्तार कर वाहन को जब्त कर लिया गया है। पुलिस के अनुसार यह घटना सात अगस्त को सुबह करीब छह बजे हुई थी, जब मोटरसाइकिल सवार दो लोगों को रिंग रोड पर भीकाजी कामा प्लेस मेट्रो स्टेशन के पास एक वाहन ने टक्कर मार दी थी। मोटरसाइकिल पर गाजियाबाद के इंदिरापुरम निवासी प्रत्यूष (19) और लक्ष्य वर्मा (16) सवार थे। डीसीपी हेमंत तिवारी ने बताया कि दोनों को गंभीर चोटें आई थी और उन्हें एम्स ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया था। प्रत्यूष की 14 अगस्त को इलाज के दौरान मौत हो गई थी। जबकि लक्ष्य की हालत अभी भी गंभीर है। वह गहन चिकित्सा इकाई में है। इस संबंध में आर.के. पुरम थाने में मामला दर्ज किया गया था। जांच में बाद पीड़ितों की मोटरसाइकिल के पीछे चल रही एक महिंद्रा बोलेरो कार की पहचान की थी। हालांकि कार की नंबर प्लेट स्पष्ट नहीं थी। टीम ने द्वारका एक्सप्रेसवे नियंत्रण कक्ष, टोडापुर यातायात नियंत्रण कक्ष, डीएनडी टोल प्लाजा, एनएचएआई, डासना नियंत्रण कक्ष और दिल्ली, गाजियाबाद और नोएडा में यातायात पुलिस की सहायता से सैंकड़ों सीसीटीवी और स्वचालित नंबर प्लेट पहचान (एएनपीआर) कैमरों की जांच की। दिल्ली-एनसीआर के कई प्रवेश और निकास बिंदुओं से फुटेज का विश्लेषण करने के बाद आखिरकार दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर गाड़ी देखी गई। पंजीकृत वाहन के मालिक का पता लगाकर चालक को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ के दौरान, रंजन ने कथित तौर पर कबूल किया कि वह गुरुग्राम से उत्तराखंड के भीमताल जैविक खाद ले जा रहा था। वह जल्दी में था और भीकाजी कामा प्लेस के पास मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी थी। गिरफ्तारी के डर से वह मौके से भाग गया था। नौवीं कक्षा तक पढ़ा रंजन पिछले दो साल से ड्राइवर का काम कर रहा था।


## पर्ल पॉलिमर्स लिमिटेड

PET JARS BOTTLES

CIN No. L25209DL1971PLC005535
पंजीकृत कार्यालय : ए–97/2, ओखला औद्योगिक क्षेत्र, फेस–II, नई दिल्ली – 110020, भारत
टेलीफोन नंबरः +91–11–47385300
ईमेलः pearl@pearlpet.net, वेबः www.pearlpet.net

**वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी)/अन्य ऑडियो–विजुअल माध्यमों (ओएवीएम) और ई–वोटिंग सूचना के माध्यम से आयोजित होने वाली 54वीं वार्षिक आम बैठक ("एजीएम") की सूचना**

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि:

1. कंपनी के सदस्यों की 54वीं वार्षिक आम बैठक सोमवार, 22 सितंबर, 2025 को दोपहर 12:30 बजे वीसी/ओएवीएम के माध्यम से कंपनी अधिनियम, 2013 ("अधिनियम") के लागू प्रावधानों के अनुपालन में आयोजित की जाएगी और उसके तहत बनाए गए नियमों और सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 ("सूचीबद्धता विनियम") के साथ पठित सामान्य परिपत्र संख्या 14/2020 दिनांक 8 अप्रैल, 2020, परिपत्र संख्या 17/2020 दिनांक 13 अप्रैल, 2020, परिपत्र संख्या 20/2020 दिनांक 5 मई, 2020, परिपत्र संख्या 02/2021 दिनांक 13 जनवरी, 2021, परिपत्र संख्या 19/2021 दिनांक 12 दिसंबर, 2021, परिपत्र संख्या 2/2022 दिनांक 5 मई, 2022, परिपत्र संख्या 09/2023 दिनांक 25 सितंबर, 2023 और उसके बाद के परिपत्र दिनांक 19 सितंबर, 2024 और कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय और सेबी द्वारा समय–समय पर जारी किए गए अन्य सभी प्रासंगिक परिपत्रों के अनुसार वार्षिक आम बैठक बुलाने के नोटिस में निर्धारित व्यवसायों का संचालन करने के लिए।
2. वार्षिक आम बैठक (एजीएम) की सूचना और वार्षिक रिपोर्ट उन सभी सदस्यों को भेजी जाएगी जिनके ईमेल पते कंपनी/डिपॉजिटरी प्रतिभागियों के पास पंजीकृत हैं। उपरोक्त दस्तावेज कंपनी की वेबसाइट www.pearlpet.net और स्टॉक एक्सचेंजों की वेबसाइट www.bseindia.com और www.nseindia.com पर भी उपलब्ध होंगे।
3. वित्तीय वर्ष 2024–25 की सूचना और वार्षिक रिपोर्ट तक पहुँचने के लिए एक वेब लिंक और क्यूआर कोड युक्त पत्र उन शेयरधारकों के पंजीकृत पतों पर भेजा जाएगा जिन्होंने कंपनी/डिपॉजिटरी/आरटीए के पास अपना ईमेल पता पंजीकृत नहीं कराया है।
4. वीसी/ओएवीएम के माध्यम से वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में भाग लेने की प्रक्रिया वार्षिक आम बैठक (एजीएम) की सूचना में बताई गई है और वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में भाग लेने के लिए वेब लिंक https:/www.evoting.nsdl.com है। वीसी/ओएवीएम के माध्यम से वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में भाग लेने वाले सदस्यों को अधिनियम के अनुसार कोरम के लिए गिना जाएगा।
5. **ईमेल पते पंजीकृतध्अपडेट करने का तरीकाः**
   i. भौतिक रूप में शेयर रखने वाले सदस्यः कृपया ISR-1 के लिए निर्धारित विवरण और अन्य प्रासंगिक प्रपत्र रजिस्ट्रार के पास उनके पते पर अपडेट करेंः एमएएस सर्विसेज लिमिटेड, टी–34, द्वितीय तल, ओखला औद्योगिक क्षेत्र, नई दिल्ली–110020। सभी प्रासंगिक प्रपत्र आरटीए की वेबसाइट www.masserve.com से डाउनलोड किए जा सकते हैं।
   ii. डीमैट रूप में शेयर रखने वाले सदस्यः कृपया पंजीकरण/ई–मेल अपडेट के लिए अपने उन डिपॉजिटरी प्रतिभागियों से संपर्क करें जिनके पास आप अपना डीमैट खाता रखते हैं।
6. **ई–वोटिंग के माध्यम से वोट डालने का तरीकाः**
   i. सदस्यों को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग सिस्टम (ई–वोटिंग) के माध्यम से वार्षिक आम बैठक की सूचना में निर्धारित व्यवसायों पर अपना वोट डालने का अवसर मिलेगा। डीमैट रूप में, भौतिक रूप में शेयर रखने वाले सदस्यों और जिन सदस्यों ने अपने ईमेल पते पंजीकृत नहीं कराए हैं, उनके लिए ई–वोटिंग का तरीका वार्षिक आम बैठक की सूचना में दिया जाएगा।
   ii. वार्षिक आम बैठक में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग सिस्टम के माध्यम से वोट करने की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी और वार्षिक आम बैठक में भाग लेने वाले वे सदस्य जिन्होंने रिमोट ई–वोटिंग के माध्यम से अपना वोट नहीं डाला है, वे वार्षिक आम बैठक में वोट डाल सकेंगे।
   iii. ई–वोटिंग के माध्यम से वोट डालने के लिए लॉगिन क्रेडेंशियल सदस्यों को ईमेल के माध्यम से उपलब्ध कराए जाएँगे। जिन सदस्यों को ईमेल प्राप्त नहीं होते हैं या जिनका ईमेल पता कंपनी/आरटीए/डिपॉजिटरी प्रतिभागी(ओं) के पास पंजीकृत नहीं है, वे वार्षिक आम बैठक की सूचना के नोट्स में दिए गए निर्देशों का पालन करके लॉगिन क्रेडेंशियल जनरेट कर सकते हैं।
7. कंपनी का सदस्य रजिस्टर और शेयर हस्तांतरण बही 16 सितंबर, 2025 से 22 सितंबर, 2025 तक (दोनों दिन सम्मिलित) बंद रहेंगे।
8. सदस्यों से अनुरोध है कि वे वार्षिक आम बैठक (एजीएम) की सूचना में दिए गए सभी निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें, विशेष रूप से वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में शामिल होने के निर्देश और दूरस्थ ई–वोटिंग या वार्षिक आम बैठक में ई–वोटिंग के माध्यम से मतदान करने के तरीके को ध्यानपूर्वक पढ़ें।
9. **भौतिक शेयरों के हस्तांतरण अनुरोध का पुनः दाखिल करना**
   i. सेबी परिपत्र संख्या– सेबी/एचआ/एमआईआरएसडी/एमआईआरएसडी–पीओडी/पी/सीआईआर/2025/97 दिनांक 2 जुलाई 2025 के अनुसार, 7 जुलाई 2025 से 6 जनवरी 2026 तक छह महीने के लिए एक विशेष विंडो खोली गई है, केवल उन हस्तांतरण विलेखों को पुनः दाखिल करने के लिए जो 1 अप्रैल, 2019 की समय सीमा से पहले दाखिल किए गए थे और दस्तावेजों/प्रक्रियाध्या अन्यथा में कमी के कारण अस्वीकृत/वापस कर दिए गए/उपचार नहीं किया गया।
   ii. कंपनी के जिन सदस्यों ने 31 मार्च, 2021 की पूर्व निर्धारित समय सीमा चूक दी है, उन्हें हस्तांतरण हेतु अपने शेयर पुनः जमा करने का एक और अवसर प्रदान किया जाता है। उन्हें इस अवसर का लाभ उठाने के लिए कंपनी के पंजीकृत कार्यालय या कंपनी के रजिस्ट्रार एवं स्थानांतरण एजेंट, एमएएस सर्विसेज लिमिटेड, टी–34, द्वितीय तल, ओखला औद्योगिक क्षेत्र, फेज–II, नई दिल्ली–110020, दूरभाषः 011–26387281–83, ई–मेलः info@masserv.com पर आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

पर्ल पॉलिमर्स लिमिटेड के लिए
हस्ताक्षरकर्ता/–
उदित सेठ
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

स्थानः नई दिल्ली
दिनांकः 25 अगस्त, 2025

## खबर संक्षेप

### उप महापौर ने पूठ कलां का किया निरीक्षण

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उप महापौर जयभगवान यादव ने सोमवार को वार्ड नंबर 26 पूठ कलां का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उप महापौर यादव ने पूठ कलां गांव की चौपाल से निरीक्षण आरम्भ कर ग्रामीणों से उनकी समस्याओं के बारे में जाना। इसके बाद रोहिणी सेक्टर-22 में साफ सफाई, जलभराव आदि समस्याओं का जायजा लेकर संबंधित अधिकारियों को इनका त्वरित निवारण करने संबंधी आदेश जारी किए। इस अवसर पर पूर्व पार्षद देवेंद्र सोलंकी एवं आनंद आर्य, नरेला क्षेत्र के उपायुक्त राकेश कुमार सहित दिल्ली नगर निगम के अधिकारीगण, स्थानीय नागरिक और आर.डब्लू.ए. प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। उप महापौर जयभगवान यादव ने कहा कि रोहिणी जोन के अंतर्गत आने वाले किराड़ी ड्रेन के पानी को रोहिणी सेक्टर -22 की तरफ करने से रोहिणी सेक्टर -22 की कई पॉकेट में जलभराव की समस्या उत्पन्न हो गई है। जयभगवान यादव ने निगम अधिकारियों को पानी निकालने के लिए अतिरिक्त पंप लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस समस्या का स्थाई समाधान करने के लिए डीडीए, पीडब्ल्यूडी, सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग और दिल्ली जल बोर्ड आदि के अधिकारियों के साथ समन्वय बैठक की जाएगी।

### डीयू में निकाली 'क्लीन कैम्पेन, ग्रीन कैम्पेन रैली'

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रॉक्टर कार्यालय ने सोमवार को राष्ट्रीय सेवा योजना, दिल्ली विश्वविद्यालय के सहयोग से 'क्लीन कैम्पस, ग्रीन कैम्पस रैली' का आयोजन किया। इस पहल का उद्देश्य आगामी दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डूसू) चुनावों के दौरान नैतिक, पर्यावरण-अनुकूल और शांतिपूर्ण प्रचार प्रथाओं के प्रति छात्रों को जागरूक करना था। रैली में दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रॉक्टर प्रो. मनोज कुमार सिंह, डिप्टी प्रॉक्टर डॉ. सौरभ, एनएसएस के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. नरेंद्र बिश्नोई और अन्य कई समिति सदस्यों और अनेकों विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस अवसर पर डीयू प्रॉक्टर प्रो. मनोज कुमार सिंह ने कहा कि यह पहल जिम्मेदार नागरिकता, पर्यावरणीय स्थिरता और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अखंडता को बढ़ावा देने के लिए विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

### निगम सफाई कर्मियों को मनमाने तरीके से निकाल रही एमसीडी : यूनियन

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) प्रशासन पर सफाई कर्मियों को मनमाने तरीके से हटाए जाने के आरोप निगम की सफाई यूनियनों ने लगाए हैं और इसके चलते सोमवार को नरेला जोन सभागार में अखिल भारतीय मजदूर परिषद और दिल्ली नगर निगम समस्त कोर कमेटी के बैनर तले करीब दो सौ सफाई कर्मियों ने निगम उपायुक्त राकेश कुमार से मुलाकात की और निगम से हटाए गए सफाई कर्मचारी अमर कुमार का मामला बैठक में जोर शोर से उठाया। अखिल भारतीय मजदूर परिषद के नरेला जोन अध्यक्ष जगपाल रिढ़लान ने सोमवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि सफाई कर्मचारी अमर कुमार को हटाने में निगम प्रशासन ने ना तो कोई कारण बताओ नोटिस जारी किया और ना ही आठ अगस्त 2025 को जारी किए कार्यालय आदेश में नौकरी से हटाए जाने संबंधी कोई कारण बताया गया।

## दो दिवसीय ऑल इंडिया स्पीकर्स कॉन्फ्रेंस संपन्न

# विधायिकाएं जनता की आवाज और लोकतांत्रिक भावना को मूर्त रूप देने वाली जीवंत संस्थाएं हैं : बिरला

हरिभूमि न्यूज ⏭नई दिल्ली

विधायिकाएं मात्र ईंट और पत्थर की इमारतें नहीं हैं, वे जनता की आवाज़, आकांक्षाओं और लोकतांत्रिक भावना को मूर्त रूप देने वाली जीवंत संस्थाएं हैं। यह बात लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सोमवार को ऑल इंडिया स्पीकर्स कॉन्फ्रेंस 2025 के समापन सत्र को संबोधित करते हुए कही। यह दो दिवसीय सम्मेलन 24–25 अगस्त 2025 को ऐतिहासिक दिल्ली विधानसभा में आयोजित हुआ था। इस अवसर पर केंद्रीय आवास मंत्री मनोहर लाल खट्टर, केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता, उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट तथा लोक निर्माण विभाग मंत्री प्रवेश साहिब सिंह उपस्थित थे। इस अवसर पर एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म का अनावरण किया गया, जिसमें राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता, अभिनेता श्री अनुपम खेर द्वारा वॉयस ओवर किया गया था।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने केंद्रीय विधान सभा के प्रथम भारतीय अध्यक्ष विट्ठल भाई पटेल को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि 1925 में श्री विट्ठलभाई पटेल का निर्वाचन भारत के संसदीय इतिहास का निर्णायक क्षण था। उनकी निष्पक्षता, न्यायप्रियता और अडिगता ने लोकतांत्रिक जवाबदेही की नींव रखी, जो एक सदी बाद भी देशभर के अध्यक्षों को मार्गदर्शन देती है। बिरला ने कहा कि इस भवन में लाला लाजपत राय, मदन मोहन मालवीय, गोपाल कृष्ण गोखले और तेज बहादुर सप्रू जैसे नेताओं की आवाज़ें गूंजी थीं। उनके विमर्श और बलिदान ने इस सभा को भारतीय लोकतांत्रिक आकांक्षाओं का पवित्र स्थल बना दिया। उन्होंने कहा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, सार्थक विमर्श और निर्भीक प्रतिनिधित्व भारतीय लोकतंत्र की नींव हैं, जिन्हें गरिमा और निष्पक्षता के साथ संरक्षित रखना अध्यक्षों की जिम्मेदारी है। बिरला ने कहा कि आज की विधायिकाओं को नागरिकों की अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिए पारदर्शिता, जवाबदेही और दक्षता सुनिश्चित करनी चाहिए। स्वतंत्रता का अधिकार हमेशा जिम्मेदारी और संसदीय मर्यादा के साथ होना चाहिए।

**खास बात**

- अंतिम दिन लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर, ज्योतिरादित्य सिंधिया और विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने किया संबोधित



### सरकारें बदल सकती हैं लेकिन सदन की गरिमा अपरिवर्तनीय है : मनोहर लाल

केंद्रीय आवास मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने इस ऐतिहासिक विधानसभा के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि विट्ठल भाई पटेल का नेतृत्व निष्पक्षता और जवाबदेही के मूल्यों की स्थापना करता है, जो आज भी प्रासंगिक हैं। उन्होंने कहा कि सरकारें बदल सकती हैं, परंतु अध्यक्षों का दायित्व सदन की गरिमा, मर्यादा और निष्पक्षता बनाए रखना सदा अपरिवर्तनीय है। हरियाणा से अपने अनुभव साझा करते हुए उन्होंने परिवार पहचान पत्र और सीएम विंडो जैसी पहलें बताईं, जिनसे पेंशन व कल्याणकारी योजनाएं सीधे नागरिकों तक पहुंचीं और समय व संसाधनों की बचत हुई।

### भारत के लोकतंत्र की जड़े सदियों के विमर्श और बलिदान में हैं : ज्योतिरादित्य

केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया ने भारत की लोकतांत्रिक यात्रा पर विचार रखते हुए कहा कि भारत लोकतंत्र की जननी है, जिसकी जड़ें उधार ली गई परंपराओं में नहीं, बल्कि सदियों के विमर्श और बलिदान में हैं। उन्होंने कहा कि इसी विधानसभा में स्वतंत्रता सेनानियों और महान नेताओं की आवाजें गूंजी थीं, जिन्होंने देश के संसदीय पथ को आकार दिया। सिंधिया ने जी20 द्वारा भारत के समावेशी लोकतांत्रिक मॉडल की सराहना का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत यह दिखाता है कि 1.4 अरब नागरिकों के स्तर पर भी शासन प्रभावी ढंग से चल सकता है।

### भारत के लोकतंत्र की नींव बलिदान और संघर्ष पर टिकी है: रेखा गुप्ता

**नई दिल्ली।** भारत के लोकतंत्र की नींव बलिदान और संघर्ष पर टिकी है और हर जनप्रतिनिधि का पहला संकल्प राष्ट्रहित होना चाहिए। विचारों में मतभेद लोकतंत्र की शक्ति है, लेकिन जनता और राष्ट्रहित से जुड़े निर्णयों में सभी राजनीतिक दलों को एकजुट होकर खड़ा होना चाहिए। यह बातें मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली विधानसभा में आयोजित ऑल इंडिया स्पीकर्स कॉन्फ्रेंस के समापन सत्र को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने महिला स्पीकर्स और डिप्टी स्पीकर्स की भागीदारी को विशेष रूप से प्रेरणादायक बताया। मुख्यमंत्री ने भारत की पहली केंद्रीय विधानसभा के 100 वर्ष पूरे होने के ऐतिहासिक अवसर का उल्लेख करते हुए कहा कि भारतीयों द्वारा विधानसभा की अध्यक्षता संभालना देश के लोकतंत्र की वास्तविक शुरुआत थी। मुख्यमंत्री ने स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदानों को नमन करते हुए कहा कि आज जब हमें अपने संविधान और लोकतांत्रिक संस्थाओं के साथ स्वतंत्र भारत का नेतृत्व करने का अवसर मिला है तो यह हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी है कि हम उस आजादी की गरिमा को और मजबूत करें। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि जनप्रतिनिधियों को हमेशा 'राष्ट्र प्रथम, पार्टी द्वितीय, स्वयं अंतिम' के सिद्धांत पर काम करना चाहिए। मुख्यमंत्री ने महान स्वत्रतंत्रा सेनानी विट्ठल भाई पटेल के योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी लोकतंत्र और विधायी कार्यों के आदर्श स्थापित किए। उन्होंने कहा कि आज सभी जनप्रतिनिधियों को यह सुनिश्चित करना होगा कि सदनों में होने वाली बहस और चर्चा जनता के हित में हो तथा लोकतंत्र की गरिमा बढ़ाने वाली हो। उन्होंने कहा कि जब देश की जनता अपने निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को सदनों में देखती है तो उसे उम्मीद रहती है कि वे उनकी आवाज उठाएंगे और राष्ट्रहित में निर्णय लेंगे।

### विधानसभाओं को सच्चे लोकतंत्र के मंदिरों के रूप में देखा जाना चाहिए : विजेंद्र

सम्मेलन का समापन सत्र को संबोधित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि विधानसभाओं को कभी भी केवल सत्ता के केंद्र के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए, बल्कि संवाद, जवाबदेही और विश्वास की जीवंत संस्थाओं के रूप में सच्चे लोकतंत्र के मंदिरों के रूप में देखा जाना चाहिए। वहीं उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के सतत मार्गदर्शन और सभी गणमान्य अतिथियों एवं प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने याद दिलाया कि विट्ठल भाई पटेल की ऐतिहासिक घोषणा कि मैं सभी दलों का हूं, सदन में निष्पक्षता और प्रत्येक आवाज के प्रति समान सम्मान का सिद्धांत स्थापित करता है। समापन सत्र से पूर्व, लोकसभा की पूर्व अध्यक्ष मीरा कुमार ने ऐतिहासिक शताब्दी समारोह को संबोधित किया।

# दिल्ली में गिग कर्मियों को बड़ी राहत देगी दिल्ली सरकार : योगेंद्र चंदोलिया

हरिभूमि न्यूज ⏭नई दिल्ली

- रोहिणी में आश्रय केंद्र का सांसद ने किया उद्घाटन

दिल्ली सरकार व दिल्ली नगर निगम उत्तर पश्चिमी दिल्ली में दस स्थानों पर दिल्ली में गिग कर्मियों को ऐसे आश्रय केंद्र खोलने के लिए जगह दे सकती है, जोकि भविष्य में उनके लिए राहत दे सके। उत्तर पश्चिमी दिल्ली से सांसद योगेंद्र चंदोलिया ने सोमवार को बाबा साहेब डॉ. अंबेडकर अस्पताल के सामने पेट्रोल पंप परिसर में 24 वें आश्रय केंद्र का उद्घाटन करने के बाद आयोजित कार्यक्रम में यह संबोधन दिया। उन्होंने कहा कि हमने दिल्ली विधानसभा के चुनावी घोषणा पत्र में गिग कर्मियों के लिए कल्याण बोर्ड बनाने की बात भी कही थी। जिसमें उनके नाम दर्ज होंगे और उनके लिए दस लाख का जीवन



बीमा और 5 लाख का दुर्घटना बीमा दिल्ली सरकार के माध्यम से दिया जाएगा। बता दें कि यह आश्रय केंद्र गिग कर्मियों के लिए समर्पित विश्राम स्थल हैं, जहां डिलीवरी पार्टनर्स को एयरकंडीशंड सीटिंग, स्वच्छ पेयजल, चाय-कॉफी, मोबाईल चार्जिंग पॉइंट्स, स्वच्छ वॉशरूम, फर्स्ट एड किट आदि की सुविधा मिलती है। वहीं, भारत में एमेज़ॉन ऑपरेशंस के निदेशक सलीम मेमन और एचपीसीएल के कार्यकारी निदेशक मुरली कृष्णा वी वद्रेवु ने भी संबोधित किया।

सांसद चंदोलिया ने कहा कि मेरे संसदीय क्षेत्र में यह 24 वां आश्रय केंद्र खोला गया है। उन्होंने कहा कि गिग कर्मियों के लिए जो कार्य सरकार को करना चाहिए वह कार्य अमेजन और एचपीसीएल मिलकर कर रहे हैं यह भी गिग कर्मियों के हित में उनका एक अच्छा प्रयास हैं। उन्होंने कहा कि देश में गिग कर्मियों की संख्या 66 लाख से लेकर डेढ़ करोड़ तक हो सकती है। ये कर्मचारी दिन भर, बारिश, धूप और प्रतिकूल परिस्थितियों में कार्य करते हैं तो इनके लिए इतना तो बनता ही है।

# सीएम और एमएलए फंड से जुड़े विकास कार्यों में लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त : रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭नई दिल्ली

- मुख्यमंत्री ने विकास कार्यों को लेकर की विस्तृत समीक्षा

मुख्यमंत्री विकास फंड और विधायक फंड से जुड़े विकास कार्यों में किसी प्रकार की कोताही या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। हमारी सरकार हर वर्ग और हर क्षेत्र का विकास चाहती है। सरकार के पास फंड की कमी नहीं है। यह निर्देश दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को दिल्ली सचिवालय में एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में दिए। इस बैठक में मुख्यमंत्री ने आदेश जारी किए कि वे मुख्यमंत्री विकास फंड से जुड़े कार्य, विधायक निधि से भेजे गए विकास कार्यों के अलावा अनधिकृत कॉलोनियों और अनुसूचित जाति व जनजाति बस्तियों में विकास की गति तेज करें और वहां शुरू हो रहे विकास कार्यों को समय पर पूरा करें। बैठक में मुख्य सचिव, दिल्ली नगर निगम के आयुक्त सहित शहरी विकास, योजना, वित्त, सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग तथा अन्य संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री विकास निधि और विधायक निधि से संबंधित सभी कार्यों की स्टेटस रिपोर्ट नियमित रूप से उनके और विधायकों के पास भेजी जाए, ताकि यदि किसी स्तर पर कोई अड़चन आती है तो संबंधित विधायक उसकी तुरंत जानकारी प्राप्त कर उसका समाधान कर सकें। उन्होंने यह भी कहा कि यदि किसी विधायक द्वारा भेजा गया प्रस्ताव नियमों के अनुसार नहीं पाया जाता है, तो उसकी जानकारी तत्काल विधायक को उपलब्ध कराई जाए, जिससे समय की बर्बादी न हो और कार्ययोजना पर जल्द से जल्द अमल हो सके।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अनधिकृत कॉलोनियों और अनुसूचित जाति/जनजाति बस्तियों में विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर तेज किया जाए, क्योंकि इन क्षेत्रों में रहने वाले लोगों की अपेक्षाएं सबसे अधिक हैं। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि इन इलाकों में शुरू हो रहे कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूरा किया जाए और किसी भी स्तर पर ढिलाई न बरती जाए।

मुख्यमंत्री कहा कि मानसून का मौसम अब समाप्ति की ओर है, इसलिए सभी विभाग आने वाले दिनों में विकास कार्यों की रफ्तार और तेज कर दें। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि पूरी दिल्ली में विकास कार्य जमीन पर उतरते हुए साफ दिखाई दें। बैठक में मुख्यमंत्री ने सभी विभागों से यह भी कहा कि वे अपने-अपने विभाग से संबंधित प्रस्तावों की विस्तृत सूची उनके कार्यालय को प्रस्तुत करें।

### विकास कार्यों में लाई जाएगी तेजी : बिधूड़ी



**नई दिल्ली।** दक्षिण-पूर्व जिले के अंतर्गत आने वाले विधानसभा क्षेत्रों में विकास कार्यों में तेजी लाई जाएगी। जिले के विकास के लिए सड़कों के निर्माण, नालों की डिसिल्टिंग, बिजली में सुधार, पार्कों में जिम के साथ-साथ सौर ऊर्जा के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए योजनाओं को अंतिम रूप दिया गया। दक्षिण-पूर्व जिले की डेवेलपमेंट, कोआर्डिनेशन एंड मानिटरिंग कमेटी (दिशा) की बैठक सोमवार को दक्षिण दिल्ली के सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिसमें 35 करोड़ रुपए से अधिक के विकास कार्यों को हरी झंडी दिखाई गई। बैठक में विधायक शिखा राय, नीरज बसोया और चंदन कुमार चौधरी के अतिरिक्त जिले के डीएम, डीसी, डीसीपी के साथ-साथ डीडीए और नगर निगम और अन्य विभागों के अधिकारियों ने भी हिस्सा लिया। बिधूड़ी ने बताया कि ग्रामोदय योजना, सांसद निधि, डीडीए तथा दिल्ली सरकार के फंड से होने वाले कार्यों पर चर्चा की गई। दक्षिण-पूर्व जिले के विधानसभा क्षेत्रों में यह फंड खर्च किया जाएगा। बैठक में विशेष तौर पर सौर ऊर्जा के प्रति लोगों को जागरूक करने पर जोर दिया गया। इसके लिए एक करोड़ कनेक्शन का टारगेट तय किया गया है। केंद्र सरकार एवं दिल्ली सरकार 3 किलोवाट तक के कनेक्शन के लिए 1 लाख 8 हजार रुपए की सबसिडी दे रही हैं। बैठक में तय किया गया कि बीएसईएस प्रशासन इसके लिए प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में कैंप लगाएगा। उन्होंने बताया कि बैठक में नशीले पदार्थों के बढ़ते धंधे पर भी चर्चा हुई। डीसीपी ने उन कदमों की चर्चा की जो हाल ही में इस दिशा में उठाए गए हैं। उन्होंने बताया कि आने वाले दिनों में और कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# स्वच्छता की मुहिम ने ले लिया है एक जन आंदोलन का रूप : महापौर

हरिभूमि न्यूज ⏭नई दिल्ली



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की स्वच्छता की मुहिम ने एक जन आंदोलन का रूप ले लिया है। दिल्ली के महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने स्थायी समिति की अध्यक्षा सत्या शर्मा के नेतृत्व में सोमवार को दिल्ली विश्वविद्यालय इलाके में स्वच्छता रैली के आयोजन पर यह संबोधन दिया। उन्होंने कहा कि हमें दिल्ली की जनता को विश्वास दिलाना है कि दिल्ली नगर निगम जनता की समस्याओं के समाधान के लिए उनके साथ है। महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने जनता से अपील करते हुए कहा कि दिल्ली को साफ रखने की मुहिम में अपना योगदान दें, स्वच्छ आदतों को अपनाएं, कूड़ा डालने के लिए कूड़ेदान का प्रयोग करें, कूड़ा पृथक करके गीला कूड़ा हरे कूड़ेदान में एवं सूखा कूड़ा नीले कूड़ेदान में डालें। उन्होंने कहा कि दिल्ली को स्वच्छ बनाने के इस अभियान में जनता का सहयोग अपेक्षित है। दिल्ली नगर निगम की स्थायी समिति की अध्यक्षा सत्या शर्मा ने कहा कि स्वच्छता अभियान के रूप में हमने राष्ट्रीय सेवा का संकल्प किया है। वहीं, सिविल लाइंस जोन के अध्यक्ष गुलाब सिंह ने कहा कि "दिल्ली को कूड़े से आजादी" अभियान एक बहुत अच्छी पहल है।

### सीएम रेखा गुप्ता चालिहा साहिब महोत्सव की भव्य शोभा यात्राओं में हुईं शामिल



**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता सोमवार को शालीमार बाग में आयोजित चालिहा साहिब महोत्सव की भव्य शोभा यात्राओं में शामिल हुईं। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली की विविध सांस्कृतिक धरोहर ही इसकी सबसे बड़ी ताकत है। पहली शोभायात्रा का शुभारंभ श्री झूलेलाल मंदिर, सिंधी पंचायत, शालीमार बाग से हुआ। यह यात्रा सिंधी समाज की आस्था और संस्कृति का अद्भुत प्रतीक बनी, जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। मुख्यमंत्री ने यात्रा में शामिल होकर श्रद्धालुओं का उत्साह बढ़ाया और कहा कि यह महोत्सव भाईचारे, सामाजिक एकता और सांस्कृतिक परंपराओं को सशक्त बनाने का प्रतीक है। उन्होंने सिंधी समाज की दिल्ली के सामाजिक व आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना की। इसके पश्चात मुख्यमंत्री लायंस स्कूल, जी-ब्लॉक, अशोक विहार, फेज-1 से प्रारंभ होकर श्री झूलेलाल मंदिर, अशोक विहार तक आयोजित दूसरी शोभा यात्रा में भी सम्मिलित हुईं। यहां भी समाज के हजारों लोग पारंपरिक वेशभूषा और भक्ति संगीत के साथ शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने का कि सिंधी समाज द्वारा हर वर्ष आयोजित किया जाने वाला चालिहा साहिब महोत्सव न केवल धार्मिक आस्था का उत्सव है, बल्कि यह समाज को एकजुट करने और भावी पीढ़ियों तक अपनी परंपराओं को पहुंचाने का माध्यम भी है। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार राजधानी में सभी समुदायों की परंपराओं और त्योहारों को सम्मान व सहयोग देती रहेगी ताकि दिल्ली की गंगा-जमुनी तहज़ीब को और मजबूती मिले।

## इंडिया क्लीन ट्रांसपोर्टेशन समिट-2025 में दिल्ली के परिवहन मंत्री ने साझा किया दिल्ली सरकार का ईवी विजन

# साल के अंत तक दिल्ली की सड़कों पर दौड़ेंगी 6000 इलेक्ट्रिक बसें : डॉ. पंकज

हरिभूमि न्यूज ⏭नई दिल्ली

इस साल के अंत तक लगभग 6 हजार इलेक्ट्रिकबसें दिल्ली की सड़कों पर दौड़ती नजर आएंगी। यह बात सोमवार को दिल्ली के परिवहन मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने इंडिया क्लीन ट्रांसपोर्टेशन समिट-2025 को संबोधित करते हुए कही। डॉ. पंकज ने कहा कि जब मैंने परिवहन विभाग का कार्यभार संभाला था, तब दिल्ली में करीब 400 इलेक्ट्रिक बसें थीं। आज ईवी बसों की संख्या 3,400 से अधिक है और इस साल के अंत तक लगभग 6,000 इलेक्ट्रिक बसें दिल्ली की सड़कों पर दौड़ती नजर आएंगी। वहीं मंत्री पंकज ने समिट में दिल्ली के स्वच्छ और सतत मोबिलिटी के भविष्य पर चर्चा की। इस विशेष सत्र में ओस्लो (नॉर्वे) के वाइस डायरेक्टर एवं हेड ऑफ क्लाइमेट डिपार्टमेंट के ऑडुन गारबर्ग के साथ अंतरराष्ट्रीय संवाद भी हुआ।




समिट को संबोधित करते हुए डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने दिल्ली की ई-मोबिलिटी में हुई प्रगति को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार का मिशन बिल्कुल स्पष्ट है कि हम चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर को और ज्यादा मजबूत करेंगे। साथ ही इलेक्ट्रिक सार्वजनिक परिवहन का विस्तार करेंगे और राजधानी दिल्ली को ईवी अपनाने का एक मॉडल शहर बनाएंगे। उन्होंने बताया कि चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास दिल्ली जैसे घनी आबादी वाले शहर में सबसे बड़ी चुनौती है। हमारी सरकार रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन, स्थानीय निकायों और निजी संस्थाओं के साथ मिलकर पूरे शहर में सुलभ चार्जिंग प्वाइंट तैयार कर रही है। साथ ही दिल्ली के फ्लाईओवरों के नीचे और बाहरी दिल्ली में निजी क्षेत्र की साझेदारी से चार्जिंग सुविधाओं का तेजी से विकास की भी योजना है। डॉ. पंकज ने कहा कि दिल्ली इलेक्ट्रिक बसों के विस्तार और लास्ट माइल कनेक्टिविटी को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने विशेष रूप से छोटी 'देवी बसों' की भूमिका को रेखांकित किया, जो पहले से वंचित और सुदूर क्षेत्रों तक पहुंच रही हैं। उन्होंने कहा कि हमने अपनी ईवी बसों को उन इलाकों तक पहुंचाया है जहां पहले कभी बसें नहीं जाती थीं। लास्ट माइल कनेक्टिविटी के लिए छोटी ईवी बसों को उतारकर हमने आम जनता को सीधा लाभ पहुंचाया है। डॉ. सिंह ने बताया कि आने वाले दिनों में दिल्ली को लगभग 7,000–8,000 इलेक्ट्रिक बसों की आवश्यकता होगी, जो शहर की परिवहन जरूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त होंगी। उन्होंने कहा कि रूट रेशनलाइजेशन और प्रभावी तैनाती के माध्यम से हम दिल्ली की परिवहन आवश्यकताओं को कुशलतापूर्वक पूरा कर सकेंगे, आवश्यकतानुसार फ्लीट को बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि दिल्ली की ईवी नीति को अगले वर्ष फरवरी तक बढ़ा दिया गया है और संशोधित दिल्ली ईवी पॉलिसी 2.0 पर काम जारी है। जहां तक ईवी पॉलिसी की बात है, इसे फरवरी तक बढ़ाया गया है। हम जनता की राय भी लेंगे और जो सुझाव प्राप्त होंगे उन्हें पॉलिसी में शामिल किया जाएगा।



## खबर संक्षेप

### गंदगी नाले में डालने पर गिरफ्तार

**गुरुग्राम।** भौंडसी एरिया में पुलिस ने सीवर टैंक की गंदगी को नाले में डालने पर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी पर डिजास्टर मैनेजमेंट एक्ट के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरु कर दी। दरअसल, पुलिस को भौंडसी मार्केट के पास बरसाती नाले में मलमूत्र डालने की शिकायत मिली। जिस पर पुलिस ने छापेमारी कर उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिले के शेखपुरा लाला गांव के पवन कुमार को काबू कर लिया।



### 7 दिन के बच्चे का किडनेप कर डेढ़ लाख में बेचा

**गुरुग्राम।** साइबर सिटी गुरुग्राम के सेक्टर- 53 एरिया में सात दिन के बच्चे का किडनेप कर डेढ़ लाख रुपए में बेचने का मामला सामने आया है। मामले में पुलिस ने नौ घंटे के दरमियान एक किन्नर और उसके साथी को गिरफ्तार कर बच्चे को बरामद कर लिया है। पुलिस थाने में 25 अगस्त को एक किन्नर ने शिकायत दी थी कि सरस्वती कुंज की झुग्गी-झोपड़ी में रहती है। 18 अगस्त को अपनी पड़ोसन फूलो देवी से एक नवजात शिशु (लड़का) को गोद लिया था।



### कार की टक्कर से एसआई गिरा, आरोपी काबू

**गुरुग्राम।** डीएलएफ फेज-2 एरिया में नाका लगाकर जांच कर रही पुलिस को एक कार सवार ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि एसआई करीब 5 फीट उछलकर दूर जा गिरा। पुलिस ने भी पीछा करते हुए आरोपियों को फिल्मी स्टाइल में काबू कर लिया। आरोपियों की पहचान बादली झज्जर निवासी सोनू, बुलंदशहर उत्तर प्रदेश निवासी मंथन भारद्वाज, हाथरस उत्तर प्रदेश निवासी तिलक, हिमांशु सेंगर व राजस्थान निवासी ईरफान के रूप में हुई।



# गांधी कालोनी में बाल विवाह निरोधक एवं महिला अधिकारों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

उपायुक्त विक्रम सिंह के मार्गदर्शन में गांधी कालोनी में आज एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बाल विवाह निषेध, महिला अधिकार और समाज में समानता के विषय पर विस्तृत जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्थानीय नागरिकों, विशेषकर महिलाओं और युवाओं को उनके अधिकारों एवं कानूनी प्रावधानों से अवगत कराना था।

■ उपायुक्त सिंह के मार्गदर्शन में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



## मुख्य उद्देश्य विशेषकर महिलाओं और युवाओं को उनके अधिकारों से अवगत कराना

### समाज के प्रत्येक वर्ग की जिम्मेदारी बाल विवाह जैसी कुप्रथा को रोकने में सहयोग करें

कार्यक्रम में प्रोटेक्शन व चाइल्ड मैरिज अधिकारी हेमा कौशिक ने बाल विवाह से जुड़े कानून और उसके दुष्परिणामों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बाल विवाह न केवल समाज के विकास में बाधक है, बल्कि यह बच्चों के स्वास्थ्य, शिक्षा और भविष्य के लिए भी गंभीर खतरा है। उन्होंने कहा कि समाज के प्रत्येक वर्ग की जिम्मेदारी है कि वह बाल विवाह जैसी कुप्रथा को रोकने में सहयोग करे। इस अवसर पर उपस्थित महिलाओं और बच्चियों को उनके संवैधानिक अधिकारों के बारे में भी जागरूक किया गया। वक्ताओं ने बताया कि महिलाओं को शिक्षा, समान अवसर और आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ने के लिए सरकार द्वारा अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं। कार्यक्रम में महिला अधिकारों के प्रति सजग रहने और किसी भी प्रकार की हिंसा या भेदभाव की स्थिति में संबंधित अधिकारियों को तुरंत सूचित करने का संदेश दिया गया।

### बाल विवाह निषेध प्रावधानों पर चर्चा की गई

कार्यक्रम में बाल विवाह निषेध कानून के प्रावधानों पर विशेष चर्चा की गई और उपस्थित जनों से शपथ दिलवाई गई कि वे स्वयं बाल विवाह नहीं करेंगे और न ही अपने आस-पास किसी भी परिवार में बाल विवाह होने देंगे। इस सामूहिक शपथ ने कार्यक्रम को सार्थक दिशा दी और उपस्थित लोगों में नई ऊर्जा का संचार किया। कार्यक्रम में सुपरवाइजर स्मिता धीमन, रेनू चौधरी और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मौजूद रहीं।

## केंद्रीय राज्य मंत्री ने 16वीं एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक विजेता कपिल बैंसला को किया सम्मानित

# खेलो इंडिया की असली ताकत हैं हमारे युवा चैंपियनः मंत्री गुर्जर

*बैंसला ने प्रतियोगिता में अपना पहला स्वर्ण पदक जीतकर सफलता की ओर कदम बढ़ाया*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

पलवल जिले के ग्राम मुनीरगढ़ी निवासी और 16 वीं एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप में भारत को पहला स्वर्ण पदक दिलाने वाले युवा निशानेबाज कपिल बैंसला को उनकी इस उपलब्धि पर आज केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने सेक्टर-28 स्थित अपने कार्यालय पर सम्मानित किया।

कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय सहकारिता राज्यमंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कपिल बैंसला एवं उनके दादा जी स्वामी बैंसला को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। उन्होंने स्वयं कपिल को मिठाई खिलाकर उनकी सफलता पर बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कपिल के कोच विकास डागर भी उपस्थित रहे। केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और हरियाणा सरकार खिलाड़ियों को हर संभव सहयोग प्रदान कर रही है। राज्य में खेलों को बढ़ावा देने के लिए उत्कृष्ट सुविधाएं, स्कॉलरशिप और प्रोत्साहन योजनाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। कपिल बैंसला जैसे खिलाड़ी इन योजनाओं का सार्थक परिणाम हैं, जिन्होंने कठिन परिश्रम और समर्पण के बल पर एशियाई स्तर पर देश का परचम लहराया है। केंद्र और राज्य सरकार खिलाड़ियों को और भी बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करा रही है, ओलंपिक और विश्व स्तर की प्रतियोगिताओं में भी भारत का नाम स्वर्ण पदकों की सूची में दर्ज करा सकें। उन्होंने जिले के युवाओं से आह्वान किया कि वे खेलों को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं, क्योंकि खेल न केवल शरीर को स्वस्थ रखते हैं बल्कि जीवन में अनुशासन और आत्मविश्वास भी प्रदान करते हैं। कपिल बैंसला जैसे युवा ही नया भारत और खेलो इंडिया अभियान की असली ताकत हैं।



### अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे

उनकी यह उपलब्धि न केवल जिले के लिए गौरव है बल्कि पूरे देश के लिए प्रेरणा है। उन्होंने कपिल के दादा स्वामी बैंसला की भी सराहना की, जिन्होंने बचपन से ही अपने पोते को खेलों की दिशा में प्रोत्साहित किया और उसके अंदर लक्ष्य प्राप्ति का जज्बा जगाया। मंत्री ने कहा कि परिवार, कोच और समाज का सहयोग ही किसी खिलाड़ी को विश्व पटल पर पहचान दिलाने में अहम भूमिका निभाता है। इस अवसर पर कपिल बैंसला के दादा स्वामी बैंसला, पिता सुभाष बैंसला, कोच विकास डागर, ग्राम मुनीरगढ़ी के सरपंच प्रकाश, धरम सिंह, प्रवीण पोसवाल, दया राम सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### कपिल बैंसला के शूटिंग करियर की समयरेखा

कपिल बैंसला ने वर्ष 2020 में अपने शूटिंग करियर की शुरुआत की। कड़ी मेहनत और लगन के बल पर उन्होंने वर्ष 2022 में ऑल इंडियन विद्यालय स्तर की शूटिंग प्रतियोगिता में अपना पहला स्वर्ण पदक जीतकर सफलता की ओर कदम बढ़ाया। इसी वर्ष उन्होंने राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में कांस्य पदक भी हासिल किया। वर्ष 2024 में कपिल का प्रदर्शन और भी शानदार रहा, जब उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर पांच पदक जीते, जिनमें एक स्वर्ण, तीन रजत और एक कांस्य पदक शामिल था। उनकी प्रतिभा और निरंतर प्रगति का परिणाम वर्ष 2025 में कजाकिस्तान में आयोजित 16वीं एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप में देखने को मिला, जहां उन्होंने भारत को व्यक्तिगत श्रेणी में स्वर्ण पदक और टीम श्रेणी में रजत पदक दिलाकर देश का मान बढ़ाया।

## वोट चोर-गद्दी छोड़ अभियान किया शुरू

# लोकतंत्र की रक्षा के लिए जनता को जागरूक करेगी कांग्रेसः प्रदेशाध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष निशित कटारिया ने कहा है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा शुरू किए गए वोट चोर-गद्दी छोड़ अभियान को लोगों का अपार समर्थन मिल रहा है, जो भाजपा सरकार की नीतियों से तंग आ चुके है और उन्हें पता है कि यह सरकार केवल पूंजीपतियों की सरकार है और गरीब, मध्यमवर्गीय परिवार इस सरकार से आज पूरी तरह से तंग आ चुके है। कटारिया यूथ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष विकास दायमा के कार्यालय से वोट चोर-गद्दी छोड़ अभियान शुरु करने के उपरांत उपस्थितजनों को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उनके साथ मुख्य रूप से प्रदेश प्रवक्ता तरुण तेवतिया, तिगांव से पूर्व प्रत्याशी रोहित नागर, विधान प्रताप, सागर कौशिक, परवीन भडाना आदि।

### अभियान पूरे देश में चलाया जाएगा

कटारिया ने कहा कि यह अभियान हरियाणा समेत पूरे देश में मजबूती से चलाया जाएगा। इस कैंपेन का मुख्य उद्देश्य चुनावों में पारदर्शिता लाना और फर्जी वोटों की पहचान करना है। उन्होंने बताया कि मंडल स्तर पर पार्टी कार्यकर्ताओं को वोटर लिस्ट उपलब्ध कराई जा रही है और उनका बारीकी से अध्ययन किया जा रहा है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि किन क्षेत्रों में फर्जी वोट डाले गए हैं या बनवाए गए हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इस मुद्दे को जन आंदोलन का रूप देगी और लोकतंत्र की रक्षा के लिए जनता को जागरूक करेगी। बिहार चुनाव को लेकर पूछे गए सवाल पर निशित कटारिया ने कहा कि इस कैंपेन का असर सिर्फ हरियाणा तक सीमित नहीं रहेगा बल्कि देश भर के चुनावों में इसकी गूंज सुनाई देगी।

## युवा शक्ति मैथिल ब्राह्मण समाज के राहुल झा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पद बनाए गए

**फरीदाबाद।** युवा शक्ति मैथिल ब्राह्मण समाज की बैठक एनएच दो स्थित राहुल झा के कार्यालय पर आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता युवा शक्ति मैथिल ब्राह्मण के अध्यक्ष पंडित इंद्रजीत झा ने की। इस मौके पर सर्व सम्मति से नए पदाधिकारियों की घोषणा की गई। युवा शक्ति मैथिल ब्राह्मण के अध्यक्ष पंडित इंद्रजीत झा ने कहा कि मैथिल युवा संगठन मैथिल समाज के उत्थान के लिए हर संभव प्रयास करेगा। पंडित इंद्रजीत झा ने कहा युवा ही युग बदलने का काम करेगा। जिसमें प्रवासी परिषद के संस्थापक एवं समाजसेवी राहुल झा के सामाजिक कार्यों में आस्था देखकर आज युवा शक्ति मैथिल ब्राह्मण का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पद से नवाजा गया। बैठक में उपस्थित सदस्यों को संबोधित करते हुए राहुल झा ने बताया कि नवनिर्मित संगठन समय की मांग है। प्रवासी परिषद की गुजरात राज्य की इकाई, महाराष्ट्र राज्य की इकाई, कर्नाटक राज्य की इकाई, पंजाब राज्य की इकाई, दिल्ली राज्य की इकाई, हरियाणा राज्य की इकाई, उत्तर प्रदेश राज्य की इकाई में मैथिल युवाओं को जोड़ने का काम किया जाएगा। राहुल झा ने प्रवासी परिषद की तरफ से हरेक यथासंभव सहायता देने का वादा किया। नवगठित संगठन में इंद्रजीत झा को अध्यक्ष, राहुल झा को उपाध्यक्ष, स्वराज मैथिल को महासचिव आदि।

# एल्विश यादव के घर फायरिंग मामले में दो और शूटर गिरफ्तार

## *नीरज और हिमांशु गैंग से जुड़े हैं आरोपी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

यूट्यूबर एल्विश यादव के घर पर हुई फायरिंग मामले में दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल ने कार्रवाई करते हुए दो और शूटरों को काबू किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान फरीदाबाद के गौरव और आदित्य के रूप में हुई है।

दोनों नेपाल भागने की फिराक में थे। दोनों आरोपी गैंगस्टर हिमांशु भाऊ के लिए काम करते थे और उससे अमेरिका में रहते हुए सिग्नल एप के माध्यम से संपर्क में थे। बता दें कि 17 अगस्त को यूट्यूबर और बिग बॉस ओटीटी विनर एल्विश यादव के घर पर सुबह करीब 5 बजे फायरिंग की गई थी। एल्विश के गुरुग्राम स्थित घर पर करीब 25 राउंड फायरिंग हुई थी। हालांकि घटना के समय एल्विश यादव घर में मोजूद नहीं थे, वह भोपाल में हैं। पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई थी। हालांकि फायरिंग की इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ था। एल्विश के घर हुई फायरिंग की जिम्मेदारी भाऊ गैंग ने ली थी। सोशल मीडिया पोस्ट में गैंगस्टर नीरज फरीदपुर और भाऊ रिटौलिया ने कहा था कि यह फायरिंग हमने की। एल्विश ने बैटिंग एप प्रमोट कर कई घर बर्बाद किए हैं, इसलिए उस पर फायरिंग की गई। इसको हमने अपना परिचय दिया है। सट्टे का प्रमोशन कर इसने कई घर बर्बाद कर दिए। सोशल मीडिया के कीड़ों को वॉर्निंग है कि जो सट्टे का प्रमोशन करते मिल गया, उसके पास गोली या कॉल कभी भी आ सकती है। जो भी सट्टे वाले हैं, वे तैयार रहें। एल्विश यादव को 2023 में एक करोड़ रुपए की फिरौती मांगने वाला मैसेज मिला। उस वक्त वह लंदन में था और एक अनजान शख्स ने वॉट्सऐप पर मैसेज भेजकर जान से मारने की धमकी दी थी। नवंबर 2023 में नोएडा में एक रेव पार्टी में सांप और सांप के जहर सप्लाई करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने 9 सांप और 20 मिलीलीटर जहर बरामद किया था। 8 दिन जेल में रहने के बाद उन्हें जमानत मिल गई। ईडी भी उनसे पूछताछ कर चुकी है। यही नहीं मार्च 2024 में एल्विश का यूट्यूबर मैक्सटर्न (सागर ठाकुर) से झगड़ा हो गया। एल्विश ने खुद माना कि उन्होंने उसे थप्पड़ मारा, क्योंकि मैक्सटर्न ने कथित तौर पर उन्हें और उनके परिवार को जला देने की धमकी दी थी।

## सेक्टर 11 प्रताप विहार रामचरित मानस रामलीला का हुआ भूमि पूजन



**गाजियाबाद।** सेक्टर 11 प्रताप विहार विजय नगर में श्री रामचरित मानस रामलीला समिति रामलीला के आयोजन के लिए विधिवत रूप से भूमि पूजन का कार्यक्रम किया। जिसमे महापौर सुनीता दयाल ने पहुँच कर भूमि पूजन करवाया।

रामलीला समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि हम महापौर से मिलने गए थे और रामलीला के आयोजन से पहले रामलीला ग्राउंड में शौचालय बनवाने की बात कही थी। जिसका सोमवार को महापौर ने भूमि पूजन के दौरान ही लोकार्पण किया है और ऐसे ही रामलीला ग्राउंड का गेट बहुत जर्जर हालत में थी जिसका फंड पास कराकर सोमवार को शिलान्यास कर मुख्य द्वार के सौंदर्यीकरण का कार्य शुरू कराया है ।

## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **गौरव मिट्टू पुत्र सुभाष मिट्टू निवासी (1) फ्लैट नंबर 248, पॉकेट सी–8, सेक्टर–8, रोहिणी (2) फ्लैट नंबर 103, सावित्री ग्रीन सोसाइटी नंबर 2, जीरकपुर, पंजाब (3) मकान नंबर 616, दूसरी मंजिल, केशव राम कॉम्प्लेक्स, सेक्टर–45जी, चंडीगढ़ द्वारा संदीप बजाज** ने **FIR No. 377/2017, U/S 420 IPC, अन्तर्गत थाना कंझावला, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **गौरव मिट्टू** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **गौरव मिट्टू** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये अपने आपको छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR No. 377/2017, U/S 420 IPC, अन्तर्गत थाना कंझावला, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **गौरव मिट्टू** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **27.09.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
**श्री अपूर्व भारद्वाज**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी**
**उत्तर–पश्चिम, कोर्ट नंबर 113, प्रथम तल**
**रोहिणी न्यायालय, दिल्ली**

DP/11283/RD/2025(Court Matter)

## कोटिया एंटरप्राइजेज लिमिटेड

905, नई दिल्ली हाउस, 27, बाराखम्बा रोड, नई दिल्ली–110001
**CIN:** L74110DL1980PLC010678, **Website:** www.kotiaenterprises.com,
**Email:** compliance@kotiaenterprises.com, **Ph:** 011 - 40045955

### सूचना

एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि कंपनी की 45वीं वार्षिक सामान्य बैठक (एजीएम) बृहस्पतिवार, 18 सितंबर, 2025 को पूर्वा. 11:00 बजे 905, नई दिल्ली हाउस, 27, बाराखंभा रोड, नई दिल्ली–110001 में आयोजित की जाएगी, जिसमें एजीएम बुलाने की सूचना में उल्लिखित सामान्य और विशेष कार्य निष्पादित किए जाएँगे।

45वीं एजीएम की सूचना की इलेक्ट्रॉनिक प्रति और दूरस्थ ई-वोटिंग के निर्देश, सहित उपस्थिति पर्ची और प्रॉक्सी फॉर्म और वार्षिक रिपोर्ट 2024-25, उन सभी सदस्यों को संचार के उद्देश्य से भेज दी गई हैं जिनकी ईमेल आईडी कंपनी/डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट(एस) के पास पंजीकृत हैं, बशर्ते किसी सदस्य ने इसकी एक हार्ड कॉपी के लिए आग्रह नहीं किया हो। जिन सदस्यों ने अपना ईमेल पता पंजीकृत नहीं कराया है, उनके लिए उपरोक्त दस्तावेजों की भौतिक प्रतियां उनके पंजीकृत पते पर अनुमत मोड में भेज दी गई हैं। एजीएम की सूचना का प्रेषण 26 अगस्त, 2025 को पूर्ण कर लिया गया है।

कंपनीज (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियमों, 2015 द्वारा संशोधित अनुसार कम्पनीज (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 20 के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 के अनुसार और सेबी (लिस्टिंग ऑब्लीगेशंस एवं घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों 2015 के नियमन 44 के अनुरूप कम्पनी इसके सदस्यों को एजीएम में विचार किए जाने प्रस्तावित सभी प्रस्तावों पर इलेक्ट्रॉनिक साधनों द्वारा अपना मत का प्रयोग करने की सुविधा प्रदान करते हुए प्रसन्न है। सदस्यों द्वारा एजीएम स्थल के अलावा किसी अन्य स्थान से इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग प्रणाली ("दूरस्थ ई-वोटिंग") का उपयोग करके मतदान करने की सुविधा नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) द्वारा प्रदान की जाएगी।

कंपनी अधिनियम, 2013 और संशोधित अनुसार उक्त नियमों के नियम 20 के प्रावधानों के अनुसरण में विवरण नीचे दिए गए हैं :

1. एजीएम की सूचना में विनिर्दिष्ट अनुसार सामान्य और विशेष बिजनेस इलेक्ट्रॉनिक साधनों द्वारा मतदान के माध्यम से सम्पादित किए जा सकते हैं।
2. इलेक्ट्रॉनिक साधनों के माध्यम से मतदान प्रारम्भ होने की तिथि और समय : 15 सितंबर, 2025, पूर्वा. 9:00 बजे।
3. इलेक्ट्रॉनिक साधनों के माध्यम से मतदान समाप्त होने की तिथि और समय : 17 सितंबर, 2025, अप. 5:00 बजे।
4. इलेक्ट्रॉनिक साधनों के माध्यम से मतदान की अनुमति 17 सितंबर, 2025 को अप. 5:00 बजे के पश्चात नहीं दी जाएगी।
5. इलेक्ट्रॉनिक साधनों द्वारा अथवा एजीएम में मतदान करने की पात्रता निर्धारित करने हेतु कट–ऑफ तिथि 11 सितंबर, 2025 है।
6. कोई भी व्यक्ति, जो कंपनी के शेयर अर्जन करता है और सूचना के प्रेषण के पश्चात कंपनी का सदस्य बनता है और कट- ऑफ तिथि अर्थात 11 सितंबर, 2025 के अनुसार शेयर धारण करता है, evoting@nsdl.co.in पर अथवा (आरटीए) को ईमेल : admin@skylinerta.com पर आग्रह भेजकर लॉगिन आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकता है। यद्यपि, यदि आप पहले से ही दूरस्थ ई-वोटिंग के लिए एनएसडीएल के पास पंजीकृत हैं, तो आप अपना मतदान करने के लिए अपने मौजूदा यूजर आईडी और पासवर्ड का उपयोग कर सकते हैं।
7. मतपत्र/पोलिंग पेपर के माध्यम से मतदान के लिए सुविधा एजीएम में उपलब्ध करवाई जाएगी और बैठक में उपस्थित होने वाले सदस्य, जिन्होंने दूरस्थ ई–वोटिंग द्वारा अपना मतदान नहीं किया है, वे बैठक में मतपत्र के माध्यम से अपने अधिकार का उपयोग करने में सक्षम होंगे।
8. जिन सदस्यों ने एजीएम से पहले दूरस्थ ई–वोटिंग के माध्यम से अपना मतदान किया है, वे भी एजीएम में उपस्थित हो सकते हैं, परन्तु उन्हें दोबारा मतदान करने का अधिकार प्राप्त नहीं होगा।
9. कोई व्यक्ति, जिसका नाम सदस्यों के रजिस्टर में या डिपॉजिटरीज द्वारा मेनटेन किए गए लाभकारी मालिकों के रजिस्टर में केवल कट–ऑफ तिथि अर्थात 11 सितंबर, 2025 के अनुसार दर्ज है, वह दूरस्थ ई-वोटिंग या एजीएम में बैलेट पेपर के माध्यम से मतदान की सुविधा का लाभ उठाने का हकदार होगा।
10. एजीएम की सूचना कंपनी की वेबसाइट www.kotiaenterprises.com पर और एनएसडीएल की वेबसाइट https://www.evoting.nsdl.com पर भी प्रदर्शित की गई है।
11. किन्हीं प्रश्नों के मामले में, आप सदस्यों हेतु बारम्बार पूछे जाने वाले प्रश्न (एफएक्यूएस) और www.evoting.nsdl.com के डाउनलोड सेक्शन पर उपलब्ध सदस्यों के लिए दूरस्थ ई-वोटिंग यूजर मैनुअल देख सकते हैं अथवा टोल-फ्री नंबरः 1800–222–990 पर कॉल कर सकते हैं।

कंपनी के सदस्यों के रजिस्टर और शेयर ट्रांसफर बुक्स एजीएम के प्रयोजन हेतु 12 सितंबर 2025 से 18 सितंबर 2025 तक (दोनों दिन मिलाकर) बंद रहेंगे।

बोर्ड के आदेशानुसार
हस्ता/-
विकास बंसल
निदेशक

नई दिल्ली
26 अगस्त 2025

# अब विदेशियों ने संभाली गुरुग्राम में सफाई की कमान

## *इंटरनेशनल बेइज्जती के बाद भी नहीं जागा एमसीजी, खोली अभियान की पोल*

धर्मेंद्र कौशिक ▶▶ गुरुग्राम

शहर में चरमराई सफाई व्यवस्था को संभालने के लिए अब विदेशियों ने सफाई की कमान संभाल ली है। कूड़े को लेकर गुरुग्राम को विदेशियों द्वारा दी गई सुअरखाने की उपाधि के बाद भी भले ही जिला प्रशासन न जागा हो, लेकिन विदेशी जरूर स्वच्छता के प्रति जाग गए हैं। नगर निगम की लापरवाही को लेकर विदेशी ही अब सड़कों पर उतरकर सफाई करने लगे हैं। गुरु द्रोणाचार्य मेट्रो स्टेशन के पास एमएनसी में काम करने वाले युवाओं ने 15 दिन में ही एक ग्रुप बनाकर गुरुग्राम में अपने आसपास की सफाई का जिम्मा अपने हाथ में लिया और सफाई करने के लिए सड़कों पर उतर आए। इस ग्रुप में विदेशी नागरिक भी शामिल हैं। जिन्होंने गुरु द्रोणाचार्य मेट्रो स्टेशन के पास सफाई अभियान चलाया। यहां उन्होंने न केवल सड़क पर फैली गंदगी को साफ किया बल्कि ड्रेन के मेन होल खोलने के साथ ही उसमें दिखाई दे रही गंदगी को भी साफ कर दिया। एमएनसी में काम करने वाले अमन गुप्ता ने बताया कि 15 दिन पहले ही ट्वीटर ग्रुप बनाया है। यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम अपना शहर साफ करें। उन्होंने सभी को आगे आकर अपने शहर को साफ करना चाहिए तभी हम गुरुग्राम को क्लीन सिटी के रूप में पहचान दिला सकते हैं।



### फ्रांस से आई मटीडा भी जुड़ी ग्रुप से

फ्रांस से आई मटीडा भी इस ग्रुप से जुड़ी हैं। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम को मिलेनियम सिटी का दर्जा मिला हुआ है, लेकिन इसमें सफाई व्यवस्था बदहाल है।

### गुरुग्राम में फैली गंदगी को साफ करने कोई दूसरा नहीं आएगाः लज्जार

यूरोप से आए लज्जार ने कहा कि गुरुग्राम एक अमेजिंग प्लेस है। यहां फैली गंदगी को साफ करने के लिए कोई दूसरा नहीं आएगा। अगर हर कोई अपने घर और दुकान को दो मीटर दूर तक साफ रखें तो गुरुग्राम साफ हो जाएगा। उन्होंने जिला प्रशासन और गुरुग्राम के नागरिकों से भी अपील की है कि वह भी अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए गुरुग्राम को स्वच्छ रखने में अपनी भूमिका निभाएं। गुरुग्राम की हालत को देखते हुए भले ही नगर निगम के कर्मचारी सड़कों पर न उतरे हों, लेकिन एमएनसी में काम करने वालों और विदेशियों ने मेट्रो स्टेशन के पास सफाई अभियान चलाकर न केवल नगर निगम के कागजों में चलाए जा रहे सफाई अभियान की पोल खोल दी है बल्कि यह भी साफ कर दिया है कि वह स्वच्छता को अपनी जिम्मेदारी समझते हैं और गुरुग्राम को वाकई में मिलेनियम सिटी का दर्जा मिल सके उसके लिए भरसक प्रयास कर रहे हैं।

## डेल्टन केबल्स लिमिटेड

सीआईएनः L31300DL1964PLC004255,
पंजी. कार्यालयः डेल्टन हाउस, 4801, भरत राम रोड, 24, दरियागंज, नई दिल्ली–110002
वेबसाइटः www.deltoncables.com ई–मेलः secretarial@deltoncables.com
फोनः 0129–4523000

### 50वीं वार्षिक आम बैठक की सूचना

**एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि:**

1. डेल्टन केबल्स लिमिटेड **("कंपनी")** के सदस्यों की 60वीं वार्षिक आम बैठक **("एजीएम")** शुक्रवार, 26 सितंबर, 2025 को प्रातः 11:00 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग ("वीसी") और अन्य ऑडियो–विजुअल साधनों **("ओएवीएम")** के माध्यम से कंपनी अधिनियम, 2013 **("अधिनियम")** और उसके अंर्तगत निर्मित नियमों और भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 **("सूचीबद्धता विनियम")** के लागू प्रावधानों के अनुपालन में एजीएम की सूचना में निर्दिष्ट व्यवसाय संचालित करने के लिए आयोजित की जाएगी। कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय **("एमसीए")** ने इस संबंध में जारी अपने पूर्व परिपत्रों (एतदद्वारा "एमसीए परिपत्र" के रूप में संदर्भित किया गया है) के क्रम में 19 सितंबर, 2024 के अपने परिपत्र के माध्यम से सदस्यों की एक सामान्य स्थल पर भौतिक उपस्थिति के बिना, वीसी/ओएवीएम के माध्यम से एजीएम आयोजित करने की अनुमति दे दी है। इसके अतिरिक्त, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड ने अक्टूबर को अपने पूर्व परिपत्रों **("सेबी परिपत्र")** के क्रम में जारी अधिसूचना संख्या 3,2024 के माध्यम से, आगे संबंधित छूट प्रदान की है।
2. वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए एजीएम और वार्षिक रिपोर्ट की सूचना केवल उन्हीं सदस्यों को भेजी जाएगी जिनके ईमेल आईडी कंपनी/डिपॉजिटरी प्रतिभागी(यों) के पास पंजीकृत हैं और यह कंपनी की वेबसाइट www.deltoncables.com, स्टॉक एक्सचेंज यानी बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट www.bseindia.com और सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (सीडीएसएल) की वेबसाइट https://www.evotingindia.com/ पर भी उपलब्ध होगी। सदस्य केवल वीसी/ओएवीएम सुविधा के माध्यम से एजीएम में भाग ले सकते हैं और अधिनियम की धारा 103 के तहत कोरम निर्धारित करने के उद्देश्य से उनकी उपस्थिति की गणना की जाएगी। एजीएम में भाग लेने के निर्देश एजीएम की सूचना में दिए गए हैं।
3. कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए अंतिम लाभांश के भुगतान हेतु पात्र सदस्यों के निर्धारण हेतु रिकॉर्ड तिथि के रूप में शुक्रवार, 19 सितंबर, 2025 को निर्धारित किया है, यदि एजीएम में अंतिम लाभांश घोषित कर दिया जाता है।
4. अधिनियम की धारा 91 के प्रावधानों के अनुसार, कंपनी के सदस्यों का रजिस्टर और शेयर हस्तांतरण बहियां, रिकॉर्ड तिथि अर्थात 19 सितंबर, 2025 को, यदि घोषित किया जाता है, तब कथित एजीएम में सभी बकाया शेयरों पर 20 प्रतिशत प्रति शेयर अर्थात 10 रुपये अंकित मूल्य के प्रत्येक इक्विटी शेयर पर 2 रुपये की दर से अंतिम लाभांश के प्रयोजन के लिए 19 सितंबर, 2025 से 26 सितंबर, 2025 (दोनों दिन सम्मिलित) तक व्यवसाय बंद रहेगा।
5. **जिन सदस्यों ने अपने ईमेल पते पंजीकृत/अपडेट नहीं किए हैं उनके ईमेल पते पंजीकृत/अपडेट करने की विधिः**
   - **भौतिक रूप में शेयरधारक सदस्यों के लिए**
     वे सदस्य जो भौतिक रूप में शेयरधारक हैं और जिन्होंने कंपनी के साथ अपने ईमेल पते अपडेट नहीं किए हैं, उनसे अनुरोध किया जाता है कि वे कंपनी की वेबसाइट www.deltoncables.com पर उपलब्ध विधिवत रूप से दाखिल और हस्ताक्षरित फॉर्म आईएसआर–1 (पैन, केवाईसी के विवरण दर्ज करने या उनमें बदलाव/अपडेट करने के लिए फॉर्म) कंपनी के रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट – बीटल फाइनेंशियल एंड कंप्यूटर सर्विसेज़ प्राइवेट लिमिटेड, बीटल हाउस, तीसरी मंजिल, 99, मदनगीर, एलएससी के पीछे, नई दिल्ली–110062 को या इलेक्ट्रॉनिक रूप से beetalrta@gmail.com पर भेजकर अपने ईमेल पते अपडेट कर लें।
   - **इलेक्ट्रॉनिक रूप में शेयरधारक सदस्यों के लिए**
     सदस्यों को कंपनी से सभी संचार इलेक्ट्रॉनिक रूप से प्राप्त करने के लिए अपने संबंधित डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट ("डीपी") के साथ अपना ईमेल पता पंजीकृत/अपडेट करना अनिवार्य है।
6. **ई–वोटिंग के माध्यम से वोट डालने की विधि**
   (क) सदस्यों को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग सिस्टम के माध्यम से एजीएम की सूचना में निर्दिष्ट व्यवसाय पर अपना वोट डालने का अवसर मिलेगा।
   (ख) डीमैटरियलाइज़्ड मोड, फिजिकल मोड में शेयरधारक सदस्यों और जिन सदस्यों ने अपने ईमेल पते पंजीकृत नहीं किए हैं, उनके लिए रिमोट वोटिंग की विधि एजीएम की सूचना में प्रदान की गई है।
   (ग) इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग सिस्टम के माध्यम से वोट करने की सुविधा एजीएम में भी उपलब्ध कराई जाएगी और एजीएम में भाग लेने वाले वे सदस्य जिन्होंने रिमोट ई–वोटिंग द्वारा अपना वोट नहीं डाला है और जिन्हें ऐसा करने से अन्यथा प्रतिबंधित नहीं किया गया है, एजीएम में वोट डाल सकेंगे।
7. **लाभांश प्राप्त करने के लिए अधिदेश पंजीकृत करने की विधिः**
   - **भौतिक रूप में शेयरधारक सदस्यों के लिए**
     सदस्य कंपनी की वेबसाइट www.deltoncables.com पर उपलब्ध आईएसआर–1 और अन्य प्रासंगिक फॉर्मों को कंपनी के रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट, यानी बीटल फाइनेंशियल एंड कंप्यूटर सर्विसेज़ प्राइवेट लिमिटेड के पास फोलियो संख्या के विवरण के साथ जमा करके अपने बैंक विवरण पंजीकृत/अपडेट कर सकते हैं।
     सेबी परिपत्र 10 जून, 2024 के अनुपालन में, 7 मई, 2024 के आरटीए के लिए सेबी मास्टर परिपत्र के सहपठित, भौतिक रूप में प्रतिभूतियाँ रखने वाले प्रतिभूति धारकों को सलाह दी जाती है कि वे अपना पैन, नामांकन का विकल्प, संपर्क विवरण (अर्थात पिन और मोबाइल नंबर सहित डाक पता), बैंक खाता विवरण और नमूना हस्ताक्षर अपडेट/पंजीकृत करें।
     इसके अतिरिक्त, आरटीए/कंपनी द्वारा किसी भी शिकायत/सेवा अनुरोध पर पैन और केवाईसी विवरण प्रस्तुत करने के बाद ही विचार किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, जिन फोलियो में पैन या केवाईसी विवरण अपडेट नहीं किए गए हैं, उनमें लाभांश, ब्याज (यदि कोई हो) सहित कोई भी भुगतान केवल इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से ही किया जाएगा।
   - **इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से शेयरधारक सदस्यों के लिए**
     सदस्यों को अपने संबंधित डीपी के पास अपने बैंक विवरण पंजीकृत/अपडेट करने होंगे। वार्षिक आम बैठक के बाद, जिन शेयरधारकों ने अपने बैंक खाते का विवरण अपडेट नहीं किया है, उनके पंजीकृत पते पर लाभांश वारंट/डिमांड ड्राफ्ट भेज दिए जाएँगे।
8. सदस्यों से अनुरोध किया जाता है कि वे एजीएम की सूचना में दिए गए सभी नोट्स ध्यानपूर्वक पढ़ें, विशेष रूप से एजीएम में भाग लेने के निर्देश, रिमोट ई–वोटिंग या एजीएम के दौरान वोटिंग के माध्यम से वोट डालने की विधि के बारे में।

कृते डेल्टन केबल्स लिमिटेड,
हस्ता/–
जितेंद्र कुमार
कंपनी सचिव

स्थानः फरीदाबाद
दिनांकः 25 अगस्त, 2025

## खबर संक्षेप

### बिहार के 2 सरकारी शिक्षकों को राष्ट्रपति पुरस्कार

**पटना।** बिहार के सरकारी स्कूलों के दो शिक्षकों को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार मिलेगा। उन्हें 5 सितंबर को दिल्ली में राष्ट्रपति पुरस्कार देंगी। दो शिक्षकों में ललित नारायण लक्ष्मी नारायण प्रोजेक्ट गर्ल्स हाई स्कूल सुपौल के शिक्षक दिलीप कुमार व प्राथमिक विद्यालय सुहागी किशनगंज की शिक्षिका निधि राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार के चयनित हुए हैं। बिहार से 6 शिक्षकों के नाम पुरस्कार के लिए भेजा गया था।



### बिहार के बड़े अधिकारी 1 लाख लेते गिरफ्तार

**पश्चिम चंपारण।** जिला मत्स्य पदाधिकारी पीयूष रंजन को निगरानी टीम ने एक लाख घूस लेते गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के बाद उन्हें यहां से पटना ले जाया गया है। प्रधानमंत्री की घोषणा वाली एक जनहित की योजना का लाभ दिलाने के लिए लाभुक से एक लाख रुपए की रिश्वत ले रहे थे। मंगलवार को कोर्ट में पेश कर उन्हें जेल भेजा जा सकता है।



### पथिक सेना के अध्यक्ष मुखिया गुर्जर गिरफ्तार

**मेरठ।** पथिक सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुखिया गुर्जर को परीक्षितगढ़ पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मुखिया गुर्जर पर कब्रिस्तान की जमीन पर कब्जा करने का आरोप है। इस मामले में मुखिया गुर्जर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। एसपी देहात डॉ. राकेश मिश्रा ने बताया कि मुखिया गुर्जर एक जमीन कब्जा करने के मामले में वांछित चल रहे थे।



# युवाओं व उद्यमियों के लिए अच्छी पहल ग्रेटर नोएडा में 5 दिन का एक्सपो मार्ट

एजेंसी ▶▶ गौतमबुद्ध नगर

ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट में 25 से 29 सितंबर तक होने जा रहे यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के तीसरे संस्करण की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। इस बार आयोजन सिर्फ व्यापार तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि प्रदेश सरकार के विभाग भी अपनी योजनाओं, उपलब्धियों और परियोजनाओं का व्यापक प्रदर्शन करेंगे। यह आयोजन न सिर्फ निवेश और उद्योग जगत के लिए मंच बनेगा, बल्कि यूपी की सांस्कृतिक और आर्थिक ताकत को भी नई पहचान देगा।

### क्यों खास होगा इस बार का ट्रेड शो?




*इस बार कुल 37085 स्क्वायर मीटर क्षेत्र में स्टॉल लगाए जाएंगे, जिनमें से 28649 स्क्वायर मीटर स्पेस पहले ही बुक हो चुका है। इसका मतलब है कि इस बार की भागीदारी पिछले वर्षों से कहीं अधिक रहने वाली है। विभागीय प्रदर्शनी के जुड़ने से यह आयोजन और भी भव्य और सूचनाप्रद बन जाएगा।*

### सिर्फ व्यापार नहीं, संस्कृति का भी होगा संगम

शो में विभागीय स्टॉल्स के साथ-साथ फूड कोर्ट्स, बी2बी और बी2सी स्टेज भी होंगे। वहीं, कल्चरल स्टेज पर लोक नृत्य, संगीत और अन्य सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा, जिससे आगंतुकों को यूपी की कला और संस्कृति का अनोखा अनुभव मिलेगा।

# आज यूपी के 40 जनपदों में होगी जोरदार बारिश

## *लोगों को विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी गई*

एजेंसी ▶▶ लखनऊ



उत्तर प्रदेश में मॉनसून अब पूरी तरह से 'ऑन' मोड में आ गया है। बीते कुछ दिनों से हो रही झमाझम बारिश के बाद मौसम विभाग ने 26 अगस्त को भी राज्य के 40 से ज्यादा जिलों में भारी वर्षा का यलो अलर्ट जारी किया है। यह बारिश कई इलाकों में जलभराव की स्थिति पैदा कर सकती है, इसलिए लोगों को विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी गई है।

मौसम विभाग के अनुसार, 26 अगस्त को इन जिलों और उनके आसपास के इलाकों में भारी से बहुत भारी बारिश हो सकती है- कौशाम्बी, प्रयागराज, फतेहपुर, सोनभद्र, मिर्जापुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, देवरिया, गोरखपुर, संत कबीर नगर, बस्ती, गोंडा, हरदोई, फर्रुखाबाद, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, उन्नाव, अंबेडकर नगर, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, हापुड़, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, कासगंज, एटा, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरैया, अमरोहा, संभल, बदायूं एवं आसपास के इलाकों में। कई जिलों में मॉनसूनी बारिश का येलो अलर्ट जारी करने के बाद मौसम विभाग ने लोगों को सलाह दी है कि वे अनावश्यक यात्रा से बचें और सुरक्षित स्थानों पर रहें।

### रायबरेली में अवकाश

रविवार से रात से लगातार हो रही है भारी बरसात के चलते रायबरेली के सभी स्कूलों को बंद कर दिया गया है। जिला विद्यालय निरीक्षक ने जिलाधिकारी के निर्देश पर यह अवकाश घोषित किया।

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने की घोषणा

# अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला के नाम पर छात्रवृत्ति योजना शुरू करेगी यूपी सरकार

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

उत्तर प्रदेश सरकार अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला के नाम पर छात्रवृत्ति योजना का शुभारंभ करेगी। इसकी घोषणा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने की। सीएम योगी सोमवार को लखनऊ के लोकभवन में ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला के सम्मान में आयोजित नागरिक अभिनंदन कार्यक्रम में बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि शुभांशु प्रदेश के पहले अंतरिक्ष यात्री हैं। हमें उनकी उपलब्धियों पर गर्व है। इस अभियान से पूरी दुनिया ने अंतरिक्ष के क्षेत्र में भारत की ताकत देखी है। इस अनुभव का हमें भविष्य में भी लाभ मिलता रहेगा। प्रदेश सरकार शुभांशु शुक्ला के नाम पर छात्रवृत्ति की योजना शुरू करेगी जिसका लाभ हमारी युवा पीढ़ी को मिलेगा।

शुभांशु शुक्ला उत्तर प्रदेश के पहले अंतरिक्ष यात्री हैं

चार दशक बाद भारत को अंतरिक्ष यात्रा का अवसर मिला

### शुभांशु ने 300 से भी अधिक बार पूरी की पृथ्वी की परिक्रमा



मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि चार दशक बाद भारत को अंतरिक्ष यात्रा का अवसर मिला। हर भारतवासी शुभांशु की यात्रा को विश्वास के साथ देख रहा था। उन्होंने कहा कि शुभांशु के पिता सचिवालय प्रशासन के कर्मचारी रहे हैं। उनके संस्कारों के कारण ही भारत का सम्मान बढ़ा है। यह हमारे लिए गर्व की बात है। अंतरिक्ष यात्रा के दौरान 18 दिनों में शुभांशु ने 300 से भी अधिक बार पूरी पृथ्वी की परिक्रमा की है। ऐसे बहुत सारे लोग लखनऊ में रहते हैं जो कि अपने पूरे जीवन में पूरा लखनऊ भी नहीं घूम पाते हैं। शुभांशु ने पूरी पृथ्वी की परिक्रमा की। यह अद्भुत है।

### जब से लखनऊ आया हूं तब से 2000 से ज्यादा सेल्फी लीः शुभांशु

इस कार्यक्रम के दौरान शुभांशु शुक्ला ने कहा कि आज जब से लखनऊ आया हूं तब से 2000 से ज्यादा सेल्फी ली हैं। वास्तव में जब कहते हैं कि मुस्कुराइए कि आप लखनऊ में हूँ, उसे आज महसूस किया। दिल्ली से लेकर लखनऊ तक एक्साइटमेंट और उत्साह देखा। इस बार का स्पेस डे खास था और जो सीएम ने कहा कि आने वाले समय में लोग इसरो की बात करेंगे, वो बिल्कुल दिखता है।

### शुभांशु के अनुभवों से नई पीढ़ी भी सीखेगी

*सीएम योगी ने कहा कि ये हमारे देश के लिए आज की ही सफलता नहीं है बल्कि उस विरासत का हिस्सा है जो कि हमारे जीन्स में पहले से ही मौजूद है। ये हमारे देश की अविश्वविसनीय प्रतिभा का प्रदर्शन है। शुभांशु का अनुभव हमारे देश के अंतरिक्ष के क्षेत्र से जुड़े अन्य मिशन में मदद करने वाला साबित होगा। उनके अनुभवों से हमारी नई पीढ़ी सीखेगी।*

तेजस्वी यादव ने करप्शन पर घेरा, बोले-

# ग्रामीण विभाग के अभियंता ने करोड़ों जलाए, मंत्री हेलिकॉप्टर से उड़ रहे



एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार में इसी साल विधानसभा चुनाव होने हैं और विपक्ष से चुनाव से पहले किसी भी मुद्दे पर सरकार को घेरने का मुद्दा नहीं छोड़ना चाहती है। अभी हाल ही में आर्थिक अपराध इकाई ने ग्रामीण कार्य विभाग के एक इंजीनियर विनोद कुमार राय पर शिकंजा कसा है। लाखों रुपए के नोट जलाने वाले ग्रामीण कार्य विभाग के अधीक्षण अभियंता बिनोद कुमार राय से हुई पूछताछ में मिली सूचनाओं का अब सत्यापन भी शुरू हो गया है।

इस बीच नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने इस मुद्दे पर नीतीश सरकार पर हमला बोला है। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा है कि ग्रामीण कार्य विभाग के एक इंजीनियर ने 10 करोड़ रुपए जलाए। एनडीए सरकार के भ्रष्टाचार का बिहार में यह आलम है कि अरबों रुपए की बंदरबांट में दो बड़े मंत्रियों के हुए मनमुटाव में एक ने ईओयू से इंजीनियर के यहां छापा मरवा दिया।

### नोटों की राख से पाइप बंद हो गए

सोशल मीडिया एक्स पर ट्वीट कर तेजस्वी ने कहा, ''जब ईओयू गेट पर पहुंची, दरवाजा खोलने में घंटों लगे लेकिन तब तक अंदर रखे 10 करोड़ रुपए जला दिए गए। जले हुए नोटों की राख से पाइप बंद हो गए। तब बचे-खुचे नोट बरामद हुए। पूरा बिहार जानता है कि ग्रामीण कार्य विभाग का कौन मंत्री है। आजकल उस विभाग की काली कमाई से वे हेलिकॉप्टर से उड़ रहे हैं।' इधर इस पूरे मामले में आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) के जांच की सूई अधीक्षण अभियंता के पैतृक जिले समस्तीपुर और उनके पदस्थापन स्थल पर जा टिकी है। ईओयू की पूछताछ में गिरफ्तार अभियंता ने जिलों में अभियंताओं के सफेदपोश व ठेकेदारों के साथ गठजोड़ की जानकारी दी थी। ईओयू की गठित दो अलग-अलग टीम इन जिलों में संभावितों से पूछताछ कर सूचनाओं के सत्यापन में जुटी है।

## पेज एक का शेष

### विपक्ष का जेपीसी से...

और प्रधानमंत्री के ख़िलाफ़ ऐसा कोई आरोप लगता है जिस पर तीस दिनों में बेल नहीं होती तो उनको इस्तीफ़ा क्यों नहीं देना चाहिए ? उन्होंने कहा, इस क़ानून की जद में ख़ुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ख़ुद को भी शामिल करने की ख़ुद पहल की है। एक सवाल के जवाब में अमित शाह में दो टूक कहा कि अगर विपक्ष जेपीसी में भाग नहीं लेना चाहता तो सरकार क्या कर सकती है? समिति का गठन नियमों के तहत किया गया है। जेपीसी जैसे ही इस विधेयक पर अपनी अनुशंसा देगी, संसद से इसे पारित कर कानून बनाया जाएगा। मतलब साफ़ है विपक्ष जेपीसी का हिस्सा नहीं भी बनेगा , विमर्श में भाग नहीं भी लेगा तब भी विधेयक क़ानून का शक्ल संसद के मार्फ़त अख़्तियार करेगा।

### आतंकवाद को...

दस्तावेज के रूप में दोनों देशों के बीच कुल 8 समझौते हुए और विभिन्न विषयों पर 17 घोषणाएं की गई हैं। विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर यह जानकारी दी है। बताते चलें कि फिजी के प्रधानमंत्री बीते 24 अगस्त से भारत की तीन दिवसीय यात्रा पर हैं। जिसके तहत ही उनकी पीएम मोदी के साथ यह बैठक हुई। वार्ता में स्वास्थ्य क्षेत्र को लेकर हमारा मानना है कि एक स्वस्थ राष्ट्र ही समृद्ध हो सकता है। जिसे लेकर दोनों पक्षों ने तय किया है कि सुवा में 100 बेड का एक सुपर स्पेशलिटी अस्पताल बनाया जाएगा। भारत डायलिसिस यूनिट, समुद्री एंबुलेंस भेजेगा, जन औषधि केंद्र खोले जाएंगे। जिससे सस्ती और उत्तम गुणवत्ता वाली दवा हर घर तक पहुंचेगी। भारत की ये भी इच्छा है कि सपनों की दौड़ में किसी के कदम न रुकें। इसलिए फिजी में जयपुर फुट कैंप भी लगाया जाएगा। कृषि क्षेत्र में भारत से गए लोबिया के बीज अच्छी तरह से अंकुरित हो रहे हैं। भारत अब दर्जनभर एग्री ड्रोन और 2 मोबाइल सोइल टेस्टिंग लैब भी फिजी को सौंपेगा। भारतीय घी को फिजी में स्वीकृति देने के लिए हम फिजी के आभारी हैं। रग्बी और क्रिकेट से दोनों देश जुड़े हुए हैं। स्टार ऑफ रग्बी सेवन्स वाइसेले सेरेबी ने भारत की रग्बी टीम को कोच किया। अब भारतीय कोच फिजी क्रिकेट टीम को नई ऊंचाई देंगे।

### पीएम राबुका ने की ...

सामाजिक, सांस्कृतिक विविधता में भी नए रंग भरे हैं। इन सबके बीच वो अपनी जड़ों से भी जुड़े रहे, अपनी संस्कृति को संजोये रखा। इसका जीवंत प्रमाण फिजी की रामायण मंडली की परंपरा में छिपा हुआ है। मैं, प्रधानमंत्री राबुका की गिरमिट दिवस की घोषणा का अभिनंदन करता हूं। यह हमारे साझा इतिहास का सम्मान है।

### दुनिया में जहां कहीं...

व्यापार से जुड़े राजस्व में कमी करके उसे यूक्रेन युद्ध को रोकने के लिए मजबूर करने के मकसद से भारत पर 50 फीसदी टैरिफ लगाया है। यहां बता दें कि भारतीय राजदूत ने रूस की 'तास' न्यूज एजेंसी को दिए साक्षात्कार में उक्त बयान दिया है। जिसका आधार यूक्रेन युद्ध के बीच रूस से सस्ते दाम पर जारी तेल खरीद को लेकर अमेरिका सहित दुनिया के कुछ अन्य देशों द्वारा की जा रही भारत की आलोचना रही। जिसे भारत ने हालांकि सिरे से खारिज कर दिया है। जबकि अमेरिकी उप-राष्ट्रपति वेंस ने एनबीसी न्यूज से बातचीत में टैरिफ को लेकर अपने देश के राष्ट्रपति और सरकार का पक्ष रखा है।

### रूस से अमेरिका...

है। जिसका अंततः उद्देश्य अपने लोगों की ऊर्जा जरूरतों को सुरक्षित करना है। साक्षात्कार के बीच में उन्होंने दो टूक अंदाज में कहा कि दुनिया के कई अन्य देश हैं। जिनमें अमेरिका के साथ ही यूरोप भी शामिल है। जो रूस से व्यापार कर रहे हैं। गौरतलब है कि बीते शनिवार को विदेश मंत्री एस.जयशंकर ने एक सवाल के जवाब में कहा था कि यह हास्यास्पद है कि अमेरिका में जो लोग व्यापार समर्थक हैं। वो बाकी देशों को व्यापार की सीख दे रहे हैं। अगर आपको भारत के तेल और अन्य उत्पादों को खरीदने में परेशानी है तो उन्हें मत खरीदिए। इसके लिए कोई आपको मजबूर नहीं कर रहा है। लेकिन यूरोप खरीद रहा है, अमेरिका खरीद रहा है। अगर आप नहीं चाहते तो मत खरीदिए।

### दिल्ली मेट्रो के किराये...

निगम के निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किया गया है। दिल्ली मेट्रो के किराए में इससे पहले 2004, 2005, 2009 और 2017 में दो बार (मई और अक्टूबर) संशोधन किया गया था। बयान के अनुसार, डीएमआरसी ने कहा कि नवीनतम वृद्धि के बावजूद उसके किराए दुनिया भर में सबसे कम किराए में से हैं। स्मार्ट कार्ड का उपयोग करने वाले यात्रियों को प्रत्येक यात्रा पर 10 प्रतिशत की छूट मिलती रहेगी। साथ ही सुबह आठ बजे से पहले, दोपहर 12 बजे से शाम पांच बजे के बीच और रात नौ बजे के बाद कम भीड़भाड़ वाले समय के दौरान 10 प्रतिशत की अतिरिक्त छूट उपलब्ध रहेगी।

### दीवार फांदकर भाग....

ने बताया कि जैसे ही विधायक को छापेमारी के बारे में पता चला, उन्होंने परिसर की चारदीवारी फांदकर भागने की कोशिश की। विधायक का पीछा किया गया और हमारे अधिकारियों और केंद्रीय बलों ने उन्हें एक खेत में पकड़ लिया। उनके शरीर पर कीचड़ लगा हुआ था। अधिकारी ने यह भी बताया कि ईडी उनके पीए के आवास पर भी छापेमारी कर रही है। बुरवान विधायक साहा को शिक्षक भर्ती घोटाला मामले में पहले भी गिरफ्तार किया जा चुका है।

### ईडी अधिकारियों ने ....

कहा कि हमारे अधिकारियों ने तालाब से दोनों मोबाइल फोन बरामद कर लिए हैं। दोनों फोन को फोरेंसिक जांच के लिए भेजा जाएगा। विधायक से पूछताछ की जा रही है। उन्होंने बताया कि कथित भर्ती घोटाले के सिलसिले में बीरभूम जिले के एक व्यक्ति द्वारा पैसों के लेन-देन की सूचना के आधार पर छापेमारी की गई।

### नवरात्रि के पहले...

पर कर का बोझ कम होगा। यह आपके लिए दिवाली का तोहफा होगा। केंद्र के अलावा सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के वित्त मंत्रियों वाली जीएसटी परिषद 3-4 सितंबर को दिल्ली में केंद्र द्वारा सुझाए गए 5% और 18% के प्रस्तावित सरलीकृत दो-स्तरीय जीएसटी टैक्स स्लैब पर चर्चा करने के लिए बैठक करेगी। सूत्रों ने बताया कि जीएसटी परिषद के फैसले के लगभग 5 से 7 दिन बाद नोटिफिकेशन जारी की जाने लगेंगी।

### कार्ल स्काउ ने ...

कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) द्वारा विकसित जैव- फोर्टिफाइड फसल किस्मों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफपी) के कार्यकारी निदेशक एवं मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) कार्ल स्काउ ने खाद्य सुरक्षा को आगे बढ़ाने में भारत की उल्लेखनीय प्रगति की सराहना की। उन्होंने कहा कि बढ़ते संघर्षों और जलवायु परिवर्तन के प्रतिकूल प्रभावों के कारण वैश्विक खाद्य सुरक्षा की स्थिति लगातार बढ़ती चुनौतियों का सामना कर रही है। बैठक में खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग, विदेश मंत्रालय, एनआरएम प्रभाग, डीए एंड एफडब्ल्यू, नीति आयोग और डीएमईओ के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया।

### खाद्य सुरक्षा से जूझ ...

से अधिक कृषि पैदावार वाले देश के संसाधनों का इस्तेमाल जीवन रक्षक सहायता प्रदान करने और भुखमरी से निपटने की दिशा में ठोस प्रगति करने के लिए करेगा। भारत सरकार के खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग के सचिव संजीव चोपड़ा ने कहा, भारत वसुधैव कुटुम्बकम यानी 'पृथ्वी एक परिवार' के सिद्धांत और एक-दूसरे के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी तथा उनके साझा भविष्य को लेकर प्रतिबद्ध है। खाद्य असुरक्षा का सामना कर रहे जरूरतमंद समुदायों के लिए देश का मानवीय समर्थन इसी दृष्टिकोण का हिस्सा है। डब्ल्यूएफपी के उप कार्यकारी निदेशक कार्ल स्काउ ने कहा, हम खाद्य-सुरक्षित और शांतिपूर्ण विश्व के निर्माण के लिए भारत की दृढ़ प्रतिबद्धता की गहराई से सराहना करते हैं। उन्होंने यह भी कहा, यह साझेदारी वैश्विक प्रयासों को मजबूत करने और जरूरतमंद लोगों को निरंतर सहायता सुनिश्चित करने के हमारे संयुक्त इरादे को दर्शाती है। डब्ल्यूएफपी के उप कार्यकारी निदेशक ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि खासकर ऐसे समय में जब दुनिया सीमित मानवीय सहायता निधि के बीच बढ़ती खाद्य असुरक्षा का सामना कर रही है, भुखमरी से निपटने में भारत का योगदान सराहनीय है। विश्व खाद्य कार्यक्रम के साथ चल रहे अन्य सहयोगात्मक प्रयासों, जैसे आपूर्ति श्रृंखला अनुकूलन (वितरण/खरीद), फोर्टिफाइड चावल की शुरुआत, अन्नपूर्ति उपकरण (अनाज एटीएम), जन पोषण केंद्र, स्मार्ट वेयरहाउसिंग तकनीक और फ्लोस्पैन (मोबाइल स्टोरेज यूनिट) पर विचार-विमर्श किया गया और साथ ही भविष्य में सहयोग के संभावित क्षेत्रों पर भी चर्चा की गई। इस अवसर पर भारतीय खाद्य निगम के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक आशुतोष अग्निहोत्री, डब्ल्यूएफपी एपीआरओ के क्षेत्रीय निदेशक समीर वनमाली, डब्ल्यूएफपी इंडिया की कंट्री डायरेक्टर सुश्री एलिजाबेथ फॉरे और भारत सरकार के खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

# पानी की किल्लत और खुले नाले की दुर्गंध से बुराड़ी के लोग परेशान



**नई दिल्लली।** दिल्ली के बुराड़ी स्थित हिमगिरि एनक्लेव के लोग पानी की अनियमित सप्लाई और खुले नाले की दुर्गंध से परेशान है। आरडब्ल्यूए ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर प्रशासन से स्वच्छ पेयजल नल की सफाई दुर्गंध के समाधान और नाले को ढकने जैसी मांगे रखी। नल और गंदगी की वजह से मच्छरों की संख्या भी बढ़ गई है निवासियों ने बताया कि डेंगू और मलेरिया का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है। कई लोग सांस लेने की समस्या आंखों में जलन और चक्कर आने की शिकायत कर रहे हैं। खासकर बुजुर्ग और बीमार लोग इस से संकट से सबसे ज्यादा प्रभावित है। प्रेस कॉन्फ्रेंस का संचालन महासचिव सर्वेश्वर बिष्ट ने किया। अध्यक्ष मनीष कुमार ने स्वागत भाषण दिया और सभी अतिथियों का फूल की मालाओं से सम्मान किया। इस दौरान प्रतिनिधियों ने क्रमवार अपने-अपने बात रखी। उपप्रदान महेंद्र शर्मा बी ब्लॉक आरडब्ल्यूए प्रधान नरेंद्र पंवार, ए ब्लॉक आरडब्ल्यूए प्रधान शीशराम सचिव, सरिता समेत अन्य सदस्यों ने प्रशासन से ठोस कदम उठाने की अपील की।

# आजसू को बड़ा झटका, चतरा में कई पदाधिकारियों ने दिया इस्तीफा

एजेंसी ▶▶ चतरा



चतरा में आजसू पार्टी को बड़ा झटका लगा है। जिले के कई प्रमुख पदाधिकारियों ने सामूहिक रूप से पार्टी की प्राथमिक सदस्यता और सभी पदों से इस्तीफा देने की घोषणा की है। पदाधिकारियों ने कहा कि झारखंड आंदोलनकारियों और शहीदों के सपनों को पूरा करने में पार्टी नाकाम रही है। पार्टी से इस्तीफा देने वालों का कहना है कि जिले में युवाओं की जनभावनाओं का सम्मान नहीं किया गया। वहीं, झारखंड की स्थानीय नीति, नियोजन नीति, पलायन, बेरोजगारी और विस्थापन जैसे ज्वलंत मुद्दों पर विपक्ष के रूप में आजसू पार्टी की चुप्पी ने उन्हें गहरी निराशा दी।

इस्तीफा देने वालों में कार्यवाहक जिलाध्यक्ष महेश महतो, जिला सचिव धनेश्वर विश्वकर्मा, बुद्धिजीवी मंच जिलाध्यक्ष प्रो. रामदेव पासवान, टंडवा प्रखंड अध्यक्ष जितेंद्र महतो, प्रखंड सचिव रतन साव, मयूरहंड प्रखंड अध्यक्ष सिकंदर कुमार, पंचायत अध्यक्ष प्रदीप तिवारी समेत बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हैं।

उनके इस सामूहिक कदम से जिले में पार्टी की पकड़ कमजोर पड़ने की आशंका जताई जा रही है। महेश महतो ने दैनिक जागरण से बातचीत करते हुए कहा कि आठ साल पहले पार्टी में शामिल हुए थे। उस वक्त संगठन को लेकर ढेर सारे सपने देखते थे। पार्टी सुप्रीमो का टंडवा में भव्य कार्यक्रम हुआ था। जिले में कुछ नेता पार्टी को हाईजैक कर लिया है। शीर्ष नेतृत्व उन्हीं की बातों पर विश्वास करता है।

*नीली प्लास्टिक के नीचे मिला बंधक मुकुंद*

# झोपड़ी से आ रही थी कराहने की आवाज, गांववालों ने पुलिस बुलाई

एजेंसी ▶▶ कुशीनगर

जिले के खड्डा थाना क्षेत्र में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। वहां एक युवक को हाथ-पैर और मुंह बांधकर झोपड़ी में बंधक बना लिया गया था। यह मामला तब सामने आया जब ग्रामीणों ने झोपड़ी के भीतर से युवक के कराहने की आवाज सुनी और पुलिस को इसकी सूचना दी।

पुलिस, ग्रामीणों की मौजूदगी में झोपड़ी के अंदर पहुंची तो वहां नीले रंग की प्लास्टिक के नीचे एक युवक बंधक मिला। उसके हाथ-पैर और मुंह को बांध दिया गया था। युवक बेहोश था। उसे तत्काल नजदीकी अस्पताल पर पहुंचाया गया। थोड़ी ही देर में उसकी पहचान भी हो गई।

### शनिवार शाम से ही लापता थे बंधक मुकुंद



*ग्राम सोहरौना निवासी 40 वर्षीय मुकुंद शनिवार शाम से ही लापता थे, जिससे उनके परिजन परेशान होकर उनकी तलाश कर रहे थे। मुकुंद की तीनों भाइयों के बीच संपत्ति को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। सोमवार की सुबह जब समाजसेवी चंद्रशेखर कुशवाहा कुछ लोगों के साथ चाय पी रहे थे, तो उन्हें बगल की एक झोपड़ी से कराहने की आवाज सुनाई दी। उन्होंने तुरंत मौके पर जाकर देखा कि झोपड़ी के दरवाजे पर ताला लगा हुआ था। इसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ताला तोड़ा और झोपड़ी के अंदर दाखिल हुई। वहां, नीले रंग की प्लास्टिक की चादर के नीचे मुकुंद को हाथ-पैर और मुंह बंधे हुए बेहोशी की हालत में पाया गया।*

### घटना को आपसी विवाद से जोड़कर देख रही पुलिस

*पुलिस ने तत्काल मुकुंद को सीएचसी तुर्कहा में भर्ती कराया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है और मुकुंद के होश में आने के बाद उनका बयान दर्ज किया जाएगा। पुलिस इस घटना को आपसी विवाद से जोड़कर देख रही है और आगे की कार्रवाई कर रही है।*

हरिभूमि
नई दिल्ली, मंगलवार
26 अगस्त 2025

# सहेली



आमतौर पर महिलाएं चाहे वर्किंग हों या होममेकर, खुद के लिए समय नहीं निकाल पातीं। पति, बच्चे, सास-ससुर की देखभाल, उनकी डिमांड पूरी करने और घर-बाहर की जिम्मेदारियों को निभाते हुए उन्हें अपने लिए कुछ करने की जरूरत ही महसूस नहीं होती है। जबकि सच्चाई यह है कि मी टाइम खुद को खुश रखने का जरिया होता है और दूसरों को खुश रखने के साथ खुद को खुश रखना भी जरूरी होता है।

## बिजी रुटीन में भी जरूर निकालें मी टाइम

लाइफस्टाइल

चेतना झा

आयुषी अपनी सहेली नीलम से फोन पर बात कर रही थी। उसे लगा कि नीलम कुछ सुस्त है। उसने पूछा, 'नीलम तू बीमार है क्या?' इस पर नीलम बोली, 'नहीं यार, सुबह से शाम तक इतना काम रहता है कि शाम तक लो फील होने लगता है।' आयुषी ने सलाह दी, 'तू कुछ देर सुबह या शाम 'मी टाइम' में एक्सरसाइज या मेडिटेशन किया कर या अपनी हॉबी पूरी किया कर, इससे फ्रेश-एनर्जेटिक फील करेगी।' इस पर नीलम ने मायूसी से कहा, 'सुबह सांस लेने की तो फुर्सत नहीं मिलती। राजू का ब्रेकफास्ट बनाना, अपना और इनका (पति) लंच रेडी करना। जल्दी-जल्दी काम निपटाना फिर ऑफिस के लिए भागना। शाम को फिर राजू को होमवर्क कराना, पेंडिंग काम करना, डिनर बनाना कैसे मिलेगा मी टाइम?' ये बातें आपको भी अपनी सी ही लग रही होंगी। जॉब, घर के काम, बच्चे की पढ़ाई, घर-बाहर की जिम्मेदारियां, सुबह आंख खुलने से रात बेड पर सोने तक इन्हीं सब में तो उलझी रह जाती हैं आप। डेड लाइन, टार्गेट, अचीवमेंट, घर की व्यवस्था, बच्चों की परीक्षाएं, उनका करियर, परिजनों की हेल्थ, इन सबके बीच कहीं आपका अपना कुछ छूट तो नहीं रहा। कभी एकांत के पलों में पूछिए खुद से कि पूरे दिन, सप्ताह या महीने में कितना पल होता है आपका 'मी टाइम?' कब आप बिताती हैं फुर्सत के पल केवल अपने लिए? कितनी बार आप कर पाती हैं अपनी पसंद का काम, जिससे मिलती है आपको खुशी, संतुष्टि?



**क्या है मी टाइम:** वास्तव में मी टाइम हमारा रिचार्जर है। हमारी बैट्री को रिचार्ज करता है। एक खुली हवादार खिड़की की तरह होता है मी टाइम, जो भीतर की थकान और डलनेस को बाहर निकाल हमें ताजगी से भर देता है। जिम्मेदारियों में उलझे हमारे वजूद पर से धूल झाड़ हमारी ही मुलाकात हमसे कराता है।

**फायदे हैं कई:** मनोवैज्ञानिक भी मी टाइम को मानसिक स्वास्थ्य और रिश्तों के लिए काफी लाभदायक मानते हैं। एक्सपर्ट्स का मानना है कि इससे हम खुद को लेकर किसी उधेड़बुन से मुक्त रहते हैं। यह हमारे दिमाग को तरोताजा करता है। मनोवैज्ञानिक सुप्रिया गोयल कहती हैं, 'इससे एकाग्रता बढ़ती है। हम अधिक तार्किक बनते हैं। घर-बाहर बेहतर तरीके से समायोजित हो पाते हैं। खुश रहते हैं और हमारे भीतर सकारात्मक ऊर्जा का भरपूर प्रवाह होता है।'



**क्या कहती है रिसर्च:** अमेरिका स्थित मिशिगन यूनिवर्सिटी की एक रिसर्च रिपोर्ट को माने तो विवाहित जीवन की असफलता में मी टाइम या प्राइवेसी में कमी की भूमिका सेक्स संबंध से भी बड़ी होती है। इसी शोध के मुताबिक 29 प्रतिशत कपल्स ने शिकायत दर्ज की कि उनके जीवन साथी की ओर से उन्हें पर्याप्त मी टाइम या प्राइवेसी नहीं दी जाती। यूनिवर्सिटी शोध में तो यह भी जाहिर हुआ कि मी टाइम निकालने में पुरुषों की हिस्सेदारी अधिक है।

**ऐसे निकलेगा वक्त:** मी टाइम निकालने के लिए प्रयास तो आपको ही करने होंगे। क्यों न नियत समय से आधे घंटे पहले सुबह उठ जाएं और काम से पहले मी टाइम जीकर, रिचार्ज हो जाएं! मोबाइल, टीवी जैसे गैजेट्स से दूरी बनाना भी मी टाइम के लिए जरूरी है। मी टाइम के लिए किसी तरह की हिचक या अपराध भाव नहीं पालें। जरूरत पड़े तो घर में सबको बता भी दें कि आप अपने लिए जरूरी काम कर रही हैं, इसलिए इस दौरान कोई आपको डिस्टर्ब न करे।

इस तरह जब आप सीरियसली मी टाइम निकालेंगी तो आपको न केवल खुशी, संतुष्टि मिलेगी बल्कि आप अपने सभी काम बेहतर ढंग से अंजाम भी दे पाएंगी।

### मी टाइम में करें कुछ ऐसा

**कुछ महिलाएं** पूछती हैं, मी टाइम में हम करें तो क्या करें? इस सवाल का जवाब तो आपका दिल ही बेहतर बता सकता है। ईमानदारी से दिल की सुनें तो आपको जवाब मिलेगा कि इस दौरान आप क्या कर सकती हैं? मी टाइम पर अपनी किताब 'टाइम फॉर मी:365 डेली स्ट्रेटेजीस फॉर अ मदर्स सेल्फ केयर' की राइटर मिया रेडरिक ने कई सुझाव दिए हैं। रेडरिक के मुताबिक, 'जब आप अपने बच्चों के लिए हेल्दी नाश्ता तैयार करती हैं, तब खुद के लिए भी कुछ हेल्दी स्नैक्स तैयार करना या पैक करना आपका मी टाइम है। बेटी को क्लासिकल डांस सीखाने ले जा रही हैं तो क्लास खत्म होने के इंतजार की बजाय खुद भी अपने फेवरेट डांस के स्टेप सीख लें, तो यह आपका खुद का पल होगा। फेवरेट नॉवेल पढ़ना, पसंदीदा गाना सुनना, मैग्जीन पलटना, टीवी देखना, वर्कआउट करना या सहेलियों से बातचीत करना भी इसमें शामिल हो सकता है। पार्लर जाना, डायरी लिखना या कहीं घूमने जाना... यह तो आपको ही तय करना होगा कि आप अपने मी टाइम में क्या करना चाहेंगी?'



## बच्चों को ऐसे सिखाएं गुड मैनर्स

बच्चों से हम बहुत उम्मीद करते हैं कि उनके भीतर गुड मैनर्स हों, लेकिन इसके लिए हम बच्चों के सामने कैसे आदर्श रखते हैं, उनको किस तरह से ट्रीट करते हैं? साथ ही हमारा व्यवहार उनके प्रति कैसा होता है, ये बातें बच्चों को संस्कारवान बनाने के लिए बहुत मायने रखती हैं।

बच्चे और आप

अंजू जैन



हर पैरेंट की चाहत होती है, उसका बच्चा एक शिष्ट, जिम्मेदार, समझदार और कामयाब इंसान बने। इसके लिए बच्चों को अच्छी आदतें सिखाना जितना आसान है, उतना ही कठिन भी है। अगर आप सही तरीका अपनाएं तो बच्चों को आसानी से अच्छे मैनर्स सिखा सकती हैं, उनका व्यक्तित्व प्रभावशाली बना सकती हैं। इसके लिए आपको कुछ बातों का ध्यान रखना होगा-

**बच्चों से गर्म जोशी से मिलें:** जब भी आपका बच्चा स्कूल से लौटे या स्कूल जा रहा हो या फिर आप बाहर से घर आई हों तो उससे गर्मजोशी के साथ मिलें। अपने चेहरे पर मुस्कान लिए उसे हग करें, उसका मूड जानें, उसके मन की सुनें। दिन की शुरुआत और अंत उसे पुचकार कर करें। इससे बच्चे से आपकी बॉन्डिंग बढ़ेगी, उसे लगेगा कि वह आपके लिए कितना महत्वपूर्ण है। उसके मन में आपके लिए प्यार उमड़ेगा।



**लोगों के प्रति सहानुभूति रखें:** माता-पिता बच्चों को जो बातें कह कर नहीं समझा सकते या सिखा सकते, वे बातें उनके रोल मॉडल बनकर सिखा सकते हैं। बच्चों में सहानुभूति, दया, विनम्रता का भाव जगाना हो तो उन्हें पहले नरमदिल और मददगार स्वभाव का बनाना होगा। इसके लिए आप उनके सामने अपने पड़ोसियों, रिश्तेदारों, घर में आने वाले सेल्समैन या फिर रिक्शा चालकों और कैब ड्राइवर के साथ नरमी से पेश आएं। जरूरतमंद की मदद करें, यह देखकर बच्चे में दूसरे की मदद करने की प्रेरणा जागेगी। अभद्र भाषा में चीख कर या रौब झाड़ने वाले अंदाज में बातें बच्चों के सामने तो बिल्कुल ना करें। यह देखकर बच्चे भी इसी तरह पेश आते हैं, जो असभ्य तरीका है।

**घर के बुजुर्गों के साथ जोड़ें:** अगर घर में आपके साथ सास-ससुर यानी बच्चों के दादा-दादी या नाना-नानी भी रहते हैं या वे आए हुए हैं, तो बच्चों को उनके साथ खेलने, रहने, टाइम बिताने और बातें करने के लिए प्रेरित करें। इससे न सिर्फ ग्रैंडपैरेंट्स को बल्कि बच्चों को भी अच्छा लगेगा। इतना ही नहीं, बच्चों में परिजनों से जुड़ने की भावना भी आएगी, वे अपने दादा-दादी और नाना-नानी से काफी कुछ सीखेंगे।

**कहानी-कविता पढ़ कर सुनाएं:** बच्चों को कहानी और कविताओं से काफी एंटरटेन किया जा सकता है। आप रोज बीस-पच्चीस मिनट के लिए उनके साथ बैठें, उन्हें कोई कहानी या कविता पढ़कर सुनाएं। फिर उसके बारे में कुछ सवाल पूछें। इससे बच्चों की पढ़ने में रुचि जागेगी, जनरल नॉलेज बढ़ेगी और साथ ही आप दोनों एक-दूसरे के साथ क्वालिटी टाइम भी स्पेंड कर सकेंगे।

**रुटीन फॉलो करना सिखाएं:** अनुशासन और समय प्रबंधन किसी भी व्यक्ति की जिंदगी में सफलता और सुकून के लिए बहुत जरूरी हैं। शुरू से ही बच्चों को रूटीन फॉलो करना सिखाएं। आप उनके लिए एक दिन पहले ही अगले दिन का रुटीन सेट कर दें। उन्हें बताएं कि किस वक्त उन्हें क्या करना है। साथ ही आप भी अपने रूटीन फॉलो करें और उन्हें बताएं कि आप कैसे नियत समय पर हर काम कर रही हैं।

हेयर केयर

ललिता गोयल

आजकल काफी महिलाएं बालों में कलर करवाना पसंद करती हैं। लेकिन कलर्ड बालों की केयर कैसे करनी चाहिए, इस बारे में कम ही लोग जानते हैं। इससे बालों में रफनेस बढ़ती है। कलरिंग के बाद कैसे करें हेयर केयर, जानिए।

## कलरिंग के बाद हेयर केयर बाल दिखेंगे हेल्दी-शाइनी

हेयर कलरिंग का ट्रेंड सालों से चल रहा है। अब तो हर उम्र की महिलाएं, लड़कियां बालों को अलग लुक देने के लिए हेयर कलरिंग करा रही हैं। लेकिन बालों को कलर कराने के बाद कुछ जरूरी बातों का ख्याल भी रखना जरूरी है, नहीं तो बाल डैमेज हो सकते हैं। जानते हैं हेयर केयर के बारे में, जिससे बाल खराब नहीं होंगे और आपके बालों की नेचुरल शाइन भी बनी रहेगी।

**सही कलर चुनें:** ध्यान रखें, कलरिंग के लिए हेयर कलर अच्छी क्वालिटी का हो। कलर मॉयश्चराइजर बेस्ड हो, जिससे बालों को डैमेज होने से बचाया जा सके।



**कलरिंग का तरीका:** केमिकल बेस्ड हेयर कलर बालों को अलग-अलग तरीके से नुकसान पहुंचा सकते हैं। ये जड़ों को भी डैमेज कर सकते हैं, जिससे हेयर फॉल की समस्या शुरू हो सकती है। इससे बचने के लिए ध्यान रखें कि आप जड़ों के बजाय हेयर स्ट्रेंड्स को कलर करें।

**ऑयलिंग का तरीका बदलें:** कुछ लोग ऐसा मानते हैं कि कलर करने के बाद बालों पर तेल नहीं लगाना चाहिए। जबकि यह सोचना गलत है, तेल आपके बालों को पोषण देने के साथ-साथ कंडीशनिंग भी करता है, इसलिए ऑयलिंग जरूर करें। लेकिन इसका तरीका बदल दें। इसके लिए कलरिंग के बाद तेल रात-भर लगाए रखने के बजाय दो या तीन घंटे के लिए लगाकर रखें। इसके बाद हेयर वॉश कर लें।

**सूरज की किरणों से बचाएं:** सूरज की हानिकारक किरणें बालों को डैमेज करने का कारण बन सकती हैं। अगर आपने हेयर कलर कराया है, तो धूप में जाने से पहले बालों में सनस्क्रीन स्प्रे करना न भूलें।



**हीटिंग टूल्स इस्तेमाल न करें:** बालों को कलर करने के तुरंत बाद हीटिंग टूल्स जैसे ब्लो ड्रायर का इस्तेमाल ना करें, क्योंकि इससे बाल ड्राई होते हैं, बालों से मॉयश्चर कम होता है और बालों का रंग बिल्कुल गायब हो जाता है। अगर ब्लो ड्राई करना जरूरी हो तो कम से कम 5 सेमी. की दूरी से ब्लो ड्राई करें। साथ ही हीटिंग टूल्स का इस्तेमाल करते समय बालों पर हीट प्रोटेक्टर सीरम जरूर अप्लाई करें।

**इन बातों का भी रखें ध्यान:** हेयर कलरिंग के बाद कुछ और बातों का ध्यान रखना जरूरी है।

- बालों को धोने के लिए कलर प्रोटेक्टेंट सल्फर फ्री शैंपू अप्लाई करिए। कलर प्रोटेक्टेंट शैंपू से बालों में कलर लॉक हो जाता है।
- शैंपू के बाद आप बालों की हफ्ते में दो बार डीप कंडीशनिंग जरूर करें। इससे बालों में मॉयश्चर लॉक हो जाता है और बालों को गहराई से पोषण मिलता है। इससे बालों में कलर मेंटेन रहता है।
- हेयर कलर के बाद कम से कम तीन दिन तक बालों को नहीं धोएं, वरना आपका हेयर कलर फीका पड़ सकता है।
- हेयर कलर को सबसे अधिक नुकसान गर्म पानी पहुंचाता है। इसलिए हमेशा बालों को नॉर्मल पानी और सर्दियों में गुनगुने पानी से धोएं।

**(हेयर एक्सपर्ट सुमन सचदेव से बातचीत पर आधारित)**

रेसिपी

श्रुति आयंगर

## गणपति को अर्पित करें तरह-तरह के मोदक

### अमृत मोदक



**सामग्री**

चावल का आटा-1 कप, उबली चना दाल-1/2 कप, कसा हुआ गुड़-1/4 कप, इलायची पावडर-1/2 छोटा चम्मच, केसर रेशे-1/2 छोटा चम्मच, पिसी हल्दी-चुटकी भर, कटे हुए मेवे-2 छोटे चम्मच, घी-1 बड़ा चम्मच, पानी-4 कप

**विधि**

सबसे पहले चना दाल को मैश कर लें। इसमें गुड़ मिलाकर पैन में कुछ देर पकाएं। फिर केसर, इलायची पावडर और मेवे मिलाकर 2-3 मिनट पकाकर ठंडा होने दें। एक पैन में पानी और घी डाल कर उबालें। इसमें चावल का आटा मिलाकर गाढ़ा होने तक पकाएं। थोड़ा ठंडा होने पर अच्छी तरह गूंथें। थोड़ा मिश्रण हथेली पर फैलाकर चना दाल की भरावन भरें और मोदक का आकार दें। सांचे की मदद से भी मोदक बना सकती हैं। इन मोदकों को 10-12 मिनट भाप में पकाने के बाद भोग लगाएं।



### नारियल-गुलाब मोदक

**सामग्री**

कंडेंस्ड मिल्क-400 ग्राम, मिल्क पावडर-240 ग्राम, घी-1/2 बड़ा चम्मच, रोज सिरप-1 बड़ा चम्मच, रेड फूड कलर-2-4 बूंद

**भरावन के लिए:** गुलकंद-1 बड़ा चम्मच, कसा सूखा नारियल-1 बड़ा चम्मच

**विधि**

सबसे पहले नॉन-स्टिक पैन में मिल्क पावडर, कंडेंस्ड मिल्क, घी और रोज सिरप डाल कर अच्छी तरह से मिलाएं। इसे धीमी से मध्यम आंच पर चलाते हुए पकाएं। मिश्रण गाढ़ा होने तक चलाती रहें। इसके बाद फूड कलर डालकर मिला लें। इसे बाउल में निकाल लें। एक अलग बाउल में भरावन की सारी सामग्री मिलाकर स्टफिंग बना लें। मिल्क पावडर वाले मिश्रण में से थोड़ा सा मिश्रण लेकर हथेली पर फैला लें, इसमें स्टफिंग भर कर मोदक का शेप दें। पांच मिनट के लिए फ्रिज में रखें।

कल गणेश चतुर्थी है। कल से ही आरंभ होगा गणेशोत्सव। वैसे तो आपके घर के आस-पास सार्वजनिक स्थलों पर सामूहिक रूप से गणेश पूजन का आयोजन किया ही जाएगा। लेकिन अगर आप अपने घर में गणपति को प्रतिष्ठित कर पूजन करना चाहती हैं तो यहां हम आपको इसकी विधि बता रहे हैं।

## रिद्धि-सिद्धि सहिताय श्री गणेशाय नमः

पूजन-विधि

आचार्य डॉ. गोविंद बल्लभ जोशी



सनातन धर्म में हर तरह की पूजा-उपासना का प्रारंभ गणपति पूजन से होता है। इसीलिए गणेश जी को प्रथम पूज्य कहा गया है। गणपति, देवताओं के अध्यक्ष हैं। इसीलिए इन्हें 'गणाध्यक्ष' भी कहा जाता है। प्रत्येक वर्ष भाद्रपद शुक्ल चतुर्थी से शुक्ल चतुर्दशी पर्यंत, द्वादश दिवसीय पूजा-अर्चना को वार्षिकोत्सव के रूप में मनाया जाता है।

**ऐसे आरंभ हुआ देशव्यापी आयोजन:** गणेश चतुर्थी पर घर-घर में किए जाने वाला पूजन, वार्षिक गणेश उत्सव कैसे बना, इसके पीछे भी ऐतिहासिक घटना और ध्येय निहित रहा है। दरअसल, ब्रिटिश शासनकाल में अंग्रेजों की दासता से भारत माता को स्वतंत्र करने का संकल्प लेते हुए लोकमान्य बालगंगाधर तिलक ने गणाधिपति के पूजन को राष्ट्रोत्सव के रूप में प्रारंभ कर भारतीय जन समुदाय में राष्ट्रीय भावना और सांस्कृतिक चेतना का संचार किया था। आज यह उत्सव भारत ही नहीं विश्व के अनेक देशों में मनाया जाता है।

**ऐसे करें गणपति स्थापना-पूजन:** सार्वजनिक पार्कों और मंडपों में विधिवत गणेश पूजन, विविध उत्सव समितियों द्वारा तो आयोजित किया ही जाता है। लेकिन अनेक श्रद्धालु अपने घर में भी गणपति को स्थापित कर यह उत्सव मनाते हैं। ऐसे में किस विधि से उनका पूजन करें, आप जरूर जानना चाहेंगी। वस्तुतः गणेश जी की पूजन विधि सर्वत्र एक समान ही होती है। इसके लिए सर्वप्रथम श्रद्धापूर्वक अपने पूजा स्थान पर गणपति की चौकी तैयार कर उसे लाल वस्त्र से आच्छादित कर लें। अब उस पर कलश स्थापित कर श्रीगणेश विग्रह (प्रतिमा) को प्रतिष्ठित करें। हाथ में रोली, चंदन, अक्षत, लाल पुष्प और दूर्वा लेकर उनका आह्वान एवं ध्यान करें। 'रिद्धि-सिद्धि सहिताय श्रीगणेशाय नमः' का जाप करते हुए गणेशजी को अर्पित करें। इसके बाद आचमनी पात्र (चम्मच) में जल लेकर पाद्यं, अर्घ्य, आचमनीयं, स्नानीयम का उच्चारण करते हुए गणेश जी की प्रतिमा पर अर्पित करें। तत्पश्चात गणपति विग्रह को पंचामृत से स्नान कराएं। फिर एक आचमनी जल चढ़ाएं। उसके बाद उनको वस्त्र पहनाएं। एक यज्ञोपवीत (जनेऊ) अर्पित करें। फिर गणपतिजी को तिलक करें, अक्षत चढ़ाएं और दूर्वा के बारह तिनके चढ़ाएं। इसके पश्चात धूप, दीप प्रज्ज्वलित करें। इसके बाद गणपति को नैवेद्य (प्रसाद) भोग लगाएं। गणेश जी का सबसे प्रिय भोग मोदक है, अतः दस मोदक (लड्डू) उन्हें अर्पित करें। इसके बाद पान, सुपारी, लौंग, इलायची, फल, दक्षिणा चढ़ाएं। इसके पश्चात हाथ में पुष्प, अक्षत, रोली, दूर्वा लेकर उनके द्वादश नामों का उच्चारण करें।

इस प्रकार स्तुति करते हुए गंधाक्षत, पुष्प और दूर्वा गणपति को अर्पित कर दें। फिर 'ऊँ गं गणपतये नमः' मंत्र का द्वादश (12) बार जप करें। फिर आरती, पुष्पांजलि के बाद भजन, कीर्तन से उत्सव मनाते रहें। इस प्रकार की गई गणपति की पूजा अत्यंत फलदायी होती है।

### गणपति के द्वादश नाम-मंत्र

- ऊँ सुमुखाय नमः, ऊँ एकदंताय नमः
- ऊँ कपिलाय नमः, ऊँ गजकर्णकाय नमः
- ऊँ लंबोदराय नमः, ऊँ विकटाय नमः
- ऊँ विघ्ननाशकाय नमः, ऊँ विनायकाय नमः
- ऊँ धूम्रकेतवे नमः, ऊँ गणाध्यक्षाय नमः
- ऊँ भालचंद्राय नमः, ऊँ गजाननाय नमः



## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने फूल माली समाज के राज्यस्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह में मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित

# उज्जैन में समाज की धर्मशाला निर्माण के लिए सरकार देगी हरसंभव मदद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि बच्चे देश की अमूल्य धरोहर हैं। इनमें निहित असीमित प्रतिभाओं को निखारना और आगे बढ़ाना हम सबका दायित्व है। बच्चों और युवाओं की प्रतिभाएं ही देश को विकास पथ पर आगे ले जाती है।

उन्होंने कहा कि बच्चे खूब पढ़े-लिखें और अपना भविष्य संवारें, सरकार हर घड़ी उनके साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रायमरी कक्षा से लेकर उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को हमारी सरकार छात्रवृत्ति दे रही है। सबके रोजगार की व्यवस्था भी हम कर रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को भोपाल स्थित हिन्दी भवन में फूल माली समाज के 16 वें राज्यस्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने समारोह में विभिन्न परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने और प्रावीण्य सूची में स्थान पाने वाले फूल माली समाज के प्रतिभाशाली एवं मेधावी विद्यार्थियों को मंच से प्रशस्ति-पत्र और सम्मान निधि देकर सम्मानित किया।

### खास बातें

- बागवानी संवर्धन और फ्लॉवर डेकोरेशन को बढ़ावा दे रही हमारी सरकार
- बच्चे देश की धरोहर, इनकी प्रतिभाओं को संवारना हम सबका दायित्व
- भोपाल स्थित हिन्दी भवन में हुआ आयोजन



### फूल माली समाज ने परिश्रम, लगन और कर्मठता से बनाई एक अलग पहचान

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि फूल माली समाज ने अपने परिश्रम, लगन और कर्मठता से एक अलग पहचान बनाई है। समाज के बच्चों और युवाओं ने अपनी प्रतिभा से न केवल प्रदेश, बल्कि देश-विदेश में भी नाम रोशन किया है। ऐसे होनहारों का सम्मान करना वास्तव में हम सबके लिए गर्व की बात है। मुख्यमंत्री ने बच्चों और युवाओं को कड़ी मेहनत, लगन और ईमानदारी से अपने सपनों को पूरा करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि वे बड़ा करने का सपना देखें। सपने पूरा करने के लिए मध्यप्रदेश सरकार हमेशा उनके साथ है। मुख्यमंत्री ने उज्जैन में समाज की धर्मशाला के निर्माण के लिए हर संभव सहायता देने की बात कही। फूल माली समाज के प्रादेशिक पदाधिकारी हरिनारायण माली ने बताया कि समाज का यह 16 वां प्रतिभा सम्मान समारोह है। समाज की गतिविधियों के विस्तार के लिए सरकार का साथ चाहिए। समारोह में पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कृष्णा गौर, विधायक भगवानदास सबनानी, नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी सहित समाज के अन्य पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में समाजजन एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

### अगले पांच साल में 2.50 लाख शासकीय पदों पर होगी भर्ती

मुख्यमंत्री ने कहा कि हम 1 लाख पदों पर भर्ती करने जा रहे हैं। अगले पांच साल में 2.50 लाख शासकीय पदों पर भर्ती करेंगे। पुलिस की भर्तियां भी जारी हैं। इस साल 7500 पदों पर भर्तियां निकाली हैं। पुलिस की भर्ती के लिए अलग से पुलिस भर्ती बोर्ड भी बनाया जा रहे हैं। अगले तीन साल में हर साल 7500 पदों पर भर्ती कर हम पुलिस विभाग के सभी रिक्त पदों की पूर्ति कर लेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि फूल-माली समाज के व्यवसाय को बढ़ाने के लिए हमारी सरकार पुष्प कलाकारी (फ्लॉवर डेकोरेशन) को बढ़ावा दे रही है। अभी हाल ही में जन्माष्टमी में सरकार ने सभी कृष्ण मंदिरों में पुष्प सज्जा के लिए आकर्षक पुरस्कार भी घोषित किए। उन्होंने कहा कि पुष्प और संस्कार दोनों एक दूसरे से जुड़े हुए हैं। जिस तरह फूल सभी को प्रिय हैं, उसी प्रकार फूल-माली समाज भी सबका प्रिय है।

### राजधानी में शीघ्र होगा कीर समाज की राज्य स्तरीय पंचायत का आयोजन



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि जो समाज संगठित होकर कार्य करता है, वह इतिहास बनाता है। कीर समाज को भगवान श्रीराम की चरण रज प्राप्त हुई और समाज बंधुओं ने भगवान श्रीराम को भवसागर पार करवाया। उस समाज ने बदले में भगवान श्रीराम से कुछ नहीं मांगा। बस जीवन की वैतरणी पार करने का आशीर्वाद मांगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि कीर समाज की एक राज्य स्तरीय पंचायत शीघ्र ही राजधानी में आयोजित की जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को समत्व भवन, मुख्यमंत्री निवास से उज्जैन में हुए कीर समाज के महासम्मेलन को वर्चुअल संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि कीर समाज ने भगवान श्रीराम को मनुष्य के बजाय भगवान के रूप में पहचाना था। आज समाज प्रगति के मार्ग पर है। शिक्षा के प्रसार और नशा मुक्ति जैसे रचनात्मक कार्यों से समाज जुड़ा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वे जीवन में मुख्यमंत्री के रूप में प्राप्त सेवा के इस अवसर का श्रेय कीर समाज सहित ऐसे सभी समाज बंधुओं के आशीर्वाद को देते हैं।

#### मेधावी विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार अधोसंरचना विकास और शिक्षा के प्रोत्साहन के कार्य कर रही है। जहां मेधावी विद्यार्थियों को स्कूटी और लैपटॉप उपलब्ध करवाए जा रहे हैं, वहीं छात्रवृत्ति पाठ्यपुस्तकें और यूनिफॉर्म मिलने से शिक्षा अर्जन आसान बनाया गया है। मुख्यमंत्री ने महासम्मेलन में उपस्थित अनेक बहनों से संवाद भी किया और लाड़ली बहना योजना सहित अन्य योजनाओं के संबंध में चर्चा की। इस मौके पर कीर समाज के महासम्मेलन में प्रदेश कार्यकारिणी के शपथ समारोह और विचार विमर्श के सत्र हुए। मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। महासम्मेलन को मां पूरी बाई कीर कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष गया प्रसाद कीर, समाज के प्रदेश अध्यक्ष कोमल सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने संबोधित भी किया।

### खबर संक्षेप

#### ग्वालियर के पर्यटन क्षेत्र में निवेश को मिलेगा नया आयाम

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में पर्यटकों की संख्या में वृद्धि और ग्वालियर-चंबल एवं सागर संभाग में पर्यटन निवेश को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में ग्वालियर में 29 एवं 30 अगस्त को रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव का आयोजन किया जाएगा। ग्वालियर के राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय में होने वाले इस रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव में केंद्रीय संचार मंत्री और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर तथा पर्यटन, संस्कृति और धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेंद्र सिंह लोधी की विशेष उपस्थिति होंगी। राज्य मंत्री लोधी ने बताया कि मध्य प्रदेश में पर्यटकों की संख्या में वृद्धि के साथ-साथ पर्यटन व्यवसायियों, टूर ऑपरेटर्स और होटल इंडस्ट्री के बीच सहयोग और साझेदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव आयोजित की जा रहा है। ग्वालियर के पर्यटन श्रेत्र में निवेश को नया आयाम मिलेगा। टाइमलेस ग्वालियरः इकोज ऑफ कल्चर, स्पिरिट ऑफ़ लेगेसी थीम पर आधारित कॉन्क्लेव पर्यटन निवेश, सांस्कृतिक धरोहर, अनुभवात्मक पर्यटन और क्षेत्रीय विकास को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

## भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है लघु उद्योग, देश हित में मिलकर करेंगे काम: सीएम

# लोन चुकता होते ही बंधक संपत्ति मॉर्टगेज या डबल मॉर्टगेज से हो जाएगी मुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने घोषणा की कि किसी भी प्रकार का संस्थागत या बैंक लोन चुकता होते ही संबंधित बंधक संपत्ति मॉर्टगेज या डबल मॉर्टगेज से मुक्त हो जाएगी। इस प्रावधान का लाभ हम सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम उद्योगों (एमएसएमई इंडस्ट्री) को भी देंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में लघु उद्योगों की स्थापना और इससे जुड़ी सभी कठिनाइयों का समुचित हल भी निकाला जाएगा।

हम एमएसएमई उद्योगों की स्थापना से जुड़ी सभी प्रकार की अनुमतियां को समयबद्ध कार्य योजना की अनुरूप समय-सीमा में देने का प्रावधान करने जा रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को लघु उद्योग भारती के गोविंदपुरा औद्योगिक प्रक्षेत्र में नवनिर्मित प्रदेश कार्यालय के लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने लघु उद्योग भारती के करीब 4 करोड़ रुपए की लागत से नवनिर्मित प्रदेश कार्यालय भवन 'उद्यम सेतु' का लोकार्पण किया। इस मौके पर लघु उद्योग भारती का द्वि-वार्षिक प्रादेशिक सम्मेलन और स्टार्टअप एवं लघु उद्यमी महाकुंभ-2025 भी आयोजित किया गया। कार्यक्रम को मंत्री तथा भोपाल जिले के प्रभारी मंत्री चैतन्य काश्यप, लघु भारती के राष्ट्रीय अध्यक्ष घनश्याम ओझा, लघु उद्योग भारती के प्रांताध्यक्ष राजेश मिश्रा एवं अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया। इस मौके पर मंत्री विश्वास सारंग, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कृष्णा गौर, संस्था के अखिल भारतीय संगठन मंत्री प्रकाश चंद्र सहित अन्य पदाधिकारी, लघु उद्योगपति एवं लघु उद्यमी उपस्थित थे।

1. गोविंदपुरा में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने लघु उद्योग भारती के प्रादेशिक भवन उद्यम सेतु के लोकार्पण समारोह में की घोषणा
2. सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम उद्योगों (एमएसएमई इंडस्ट्री) को भी दिया जाएगा लाभ



#### लघु उद्योगपति केवल मुनाफे के लिए काम नहीं करते



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि लघु उद्योग भारती से जुड़े लघु उद्योगपति केवल मुनाफे के लिए काम नहीं करते। आप हर छोटे उद्यमी की आवाज बन रहे हैं। आप संगठन में शक्ति को चरितार्थ कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि लघु उद्योगपति दाम कम, दम ज्यादा मंत्र के साथ अपनी विश्वसनीयता बनाएं। एक बार जो आपका प्रोडक्ट खरीदे, वो बार-बार खरीदें। तकनीकी से जुड़ें, मार्केटिंग सीखें, ऑनलाइन बाजार से जुड़ें। अपने उत्पादों को ई-कॉमर्स वेबसाइट से जोड़कर लोकल से ग्लोबल बनाएं।

#### विकास का सबसे सटीक उदाहरण भारतीय लघु उद्योग

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विरासत से विकास का सबसे सटीक उदाहरण भारतीय लघु उद्योग ही हैं। यह कारोबार नहीं, बल्कि करोड़ों परिवारों की आशा, आत्म-सम्मान और आर्थिक स्वावलंबन का आधार हैं। लघु उद्योग सिर्फ कारखाने नहीं हैं, ये रोजगार के सबसे बड़े निर्माता हैं। एमएसएमई वह पुल है, जो मेहनतकश हाथों को बड़े बाजारों से जोड़ता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज भारत में 6 करोड़ से अधिक सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग (एमएसएमई) हैं, जो देश की जीडीपी में लगभग 30 प्रतिशत से अधिक योगदान देते हैं। कुल निर्यात में 45 प्रतिशत हिस्सेदारी रखते हैं। आज हम विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन पाए हैं, तो इसमें एक बड़ा योगदान लघु उद्योगों का ही है।

#### लघु उद्योग की सुरक्षा जरूरी है यह लोगों को रोजगार देते हैं

मुख्य वक्ता डॉ. कृष्ण गोपाल ने कहा कि लघु उद्योग की सुरक्षा जरूरी है। यह लोगों को रोजगार देते हैं। यह घरों को आबाद बनाए रखते हैं। इनसे समाज के कमजोर वर्ग के लोग रोजगार पाते हैं। यह लघु उद्योग ही देश को चलाते हैं। इस मायने में लघु उद्योग हमारे देश की सामाजिक संरचना के संरक्षक भी हैं।

**विधानसभा सत्र:** गुरु तेग बहादुर साहिब जी के 350वें शहीदी दिवस के सम्मान में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित

## मुख्यमंत्री ने रखा प्रस्ताव, बोले नौवें सिख गुरु 'हिंद की चादर'



**चंडीगढ़।** हरियाणा विधानसभा ने गुरु तेग बहादुर साहिब के 350वें शहीदी दिवस के अवसर पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित किया। प्रस्ताव हरियाणा विधानसभा के चल रहे मानसून सत्र के दौरान मुख्यमंत्री नायब सैनी द्वारा प्रस्तुत किया गया। मुख्यमंत्री ने गुरु तेग बहादुर साहिब जी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि इस वर्ष नौवें सिख गुरु और 'हिंद की चादर', श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी की 350वीं शहीदी जयंती है। सदन ने गुरु तेग बहादुर साहिब द्वारा दिए गए सर्वोच्च बलिदान के प्रति गहरी श्रद्धा व्यक्त की और इस ऐतिहासिक अवसर को गरिमा और भावपूर्ण तरीके से मनाने का संकल्प भी लिया। प्रस्ताव पढ़ते हुए, मुख्यमंत्री ने कहा कि श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी द्वारा आस्था और अंतःकरण की स्वतंत्रता के अधिकार की रक्षा के लिए नवंबर 1675 में, दिल्ली के चांदनी चौक में दिए गए उनके जीवन के सर्वोच्च बलिदान का स्मरण करता है।

#### भाई मती दास जी को जीवित ही आरे से काटा गया

मुख्यमंत्री ने कहा कि उनके अनुयायी भाई मती दास जी को जीवित ही आरे से काटा गया, भाई सती दास जी को रुई में लपेटकर जला दिया गया तथा भाई दयाला जी को गर्म पानी की कढ़ाही में जिंदा उबाला गया था। उन्होंने अटूट विश्वास के साथ शहादत को गले लगाया। यह बलिदान उनके साहस और धर्म के प्रति दृढ़ निष्ठा का प्रतीक है।उन्होंने कहा कि यह सदन यह भी स्मरण करता है कि श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी ने अपना जीवन मानवता की गरिमा और धार्मिक स्वतंत्रता की रक्षा के लिए न्यौछावर किया था। सौभाग्य से, श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी का हरियाणा की भूमि से गहरा जुड़ाव रहा। अपनी यात्राओं के दौरान गुरु साहिब ने कुरुक्षेत्र, पिहोवा, कैथल, जींद, अंबाला, चीका और रोहतक में आकर इस भूमि को पवित्र किया और सत्य, सहनशीलता और निर्भयता का शाश्वत संदेश दिया।

### विस अध्यक्ष तोमर ने किया केंद्रीय गृह मंत्री शाह का अभिवादन



**भोपाल।** दिल्ली विधानसभा में आयोजित दो दिवसीय ऑल इंडिया स्पीकर्स कॉन्फ्रेंस में रविवार को मध्यप्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष नरेंद्र मोदी तोमर ने केंद्रीय गृह मंत्री एवं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अमित शाह से भेंट कर उनका अभिवादन किया। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय विधानसभा के प्रथम अध्यक्ष के रूप में स्व. विट्ठल भाई पटेल 25 अगस्त 1985 को निर्वाचित हुए थे। उसी अवसर के शताब्दी वर्ष समारोह के रूप में यह आयोजन हो रहा है, जिसमें देशभर के विधान मंडलों के अध्यक्ष सम्मिलित हो रहे हैं।

पांच दिन पहले रेलवे ट्रेक पर मिली थी लाश, परिजनों को सौंपा शव

## कब्र खोदकर निकाला शव, मृतक की हुई पहचान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा



मुड़ापार मुक्तिधाम में कब्र की खुदाई कर लाश निकाली गई। यह लाश रेलवे ट्रैक पर मिली थी और पांच दिन बाद मृतक की पहचान हुई। मृतक 40 वर्षीय तुलाराम बिंझवार थे, जो उरगा थाना अंतर्गत बिरतराई के निवासी थे। वो रायगढ़ में काम करने वाले अपने बेटे से मिलने गए थे।

पूरा मामला मानिकपुर चौकी क्षेत्र अंतर्गत भिलाई खुर्द मानिकपुर रेलवे पूल के पास का है, जहां 20 तारीख की देर शाम रेलवे ट्रैक पर एक कटी हुई लाश देखे जाने से हड़कप मच गया था। मालगाड़ी के ड्राइवर ने इसकी सूचना रेलवे पुलिस को दी थी। वहीं जांच कार्रवाई के लिए संबंधित मानिकपुर चौकी पुलिस को भी बुलाया गया। जहां पुलिस मौके पर पहुंची और जांच कार्यवाही शुरू की। मृतक की जेब से एक बस का टिकट मिला था, जिसके आधार पर पुलिस पहचान कार्रवाई में जुटी हुई थी। पुलिस ने पहचान के लिए व्हाट्सएप पर फोटो वायरल की। वहीं आसपास मुनादी कर जिले के थाना चौकिया में सूचना देकर पहचान में जुटी हुई थी। पांच दिन बीत जाने के बाद उसकी पहचान कराई गई। जहां मृतक उरगा क्षेत्र के बिरतराई का रहने वाला था। परिजनों ने बताया कि वह अपने बेटे राजेश बिंझवार से मिलने के लिए रायगढ़ गया हुआ था। जहां उसका बेटा डाकघर में काम करता है। बिना मिले ही वह वहां से वापस लौट गया था। परिजन उसकी खोजबीन कर रहे थे। जहां वाट्सप पर फोटो देखे जाने के बाद पहचान हुई और वो पुलिस चौकी मानिकपुर पहुंचे। शव को दो दिनों तक जिला मेडिकल कॉलेज के शव रूम में रखा गया था। पहचान नहीं होने पर उसका मुड़ापार मुक्तिधाम में पुलिस और सामाजिक सेवा संस्था के द्वारा अंतिम संस्कार कर दिया गया था। पहचान होने के बाद कब्र खुदाई के लिए एसडीएम ऑफिस में आवेदन दिया गया था। जिसके आधार पर जिला प्रशासन और पुलिस के समक्ष कब्र की खुदाई की गई और शव को निकाल कर परिजनों की सुपुर्द किया गया। कोरबा तहसीलदार दीपक पटेल ने बताया कि एसडीएम के आदेश पर कब्र की खुदाई कर लाश परिजनों को सौंपी गई।

अन्य पुरुष से अफेयर के शक में की हत्या

## बुजुर्ग प्रेमी ने किया खुद से 37 साल छोटी प्रेमिका का मर्डर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले में हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां 67 साल के एक प्रेमी ने अपनी 30 साल की प्रेमिका की चाकू से हमला कर हत्या कर दी थी। प्रेमी को शक था कि प्रेमिका का किसी और के साथ भी अफेयर है। पुलिस ने हत्या के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

मामला जिले के करेली बड़ी चौकी थाना क्षेत्र का है। आरोपी का नाम जगन्नाथ मारकंडे है। वह जिले के हसदा गांव का रहने वाला है। आरोपी खेती किसानी का काम करता है। उसका 30 साल की एक शादीशुदा महिला के साथ अफेयर चल रहा था। वहीं, मृतका की पहचान पुष्पा मारकंडे के रूप में हुई है। प्रेमी को शक होने लगा था कि उसकी प्रेमिका का किसी और के साथ भी अफेयर है जिस कारण से उसने हत्या करने की साजिश रची।



#### महिला की पीठ और पेट पर किए वार

*दरअसल, पूरा मामला शनिवार का है। पुष्पा कहीं जाने की तैयारी कर रही थी। शनिवार को वह अपने बच्चे को लेकर यात्री प्रतीक्षास्थल में बैठी थी इसी दौरान प्रेमी यहां पहुंचा और चाकूओं से हमला कर दिया। आरोपी ने महिला की पीठ और पेट पर चाकू से कई हमले किए। महिला के बच्चे ने उसे बचाने की कोशिश की लेकिन वह भी हमले में घायल हो गया।*

मामला रणवीरपुर पुलिस चौकी अंतर्गत कोहड़िया गांव का

## करंट लगने से पिता-पुत्र की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कबीरधाम



जिले में करंट की चपेट में आने से पिता-पुत्र की दर्दनाक मौत हो गई। मामला रणवीरपुर पुलिस चौकी अंतर्गत कोहड़िया गांव की है। मिली जानकारी अनुसार खेत में हाईटेंशन करंट की चपेट में आने से पिता और पुत्र की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक जहुरु निषाद व उसका बेटा श्रवण निषाद खेत में टमाटर चोरी करने घुसे थे। खेत के मालिक ने फसल की सुरक्षा के लिए चारों ओर हाईटेंशन लगाए है। इसी तार की चपेट में आने से दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। सुबह जब खेत मालिक यहां पर पहुंचा तो इन दोनों के शव जमीन पर पड़े मिले। शव मिलने के बाद गांव में हड़कंप मच गया। पुलिस को इस घटना के बारे में जानकारी दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस की टीम ने दोनों शव का पंचनामा कर सरकारी अस्पताल में पीएम के लिए भेजा है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

गुटबाजी को बताया कांग्रेस की हार का कारण

## जिलाध्यक्षों को अहमियत दिए बिना सत्ता में नहीं हो सकती मजबूती ढंग से वापसी: राहुल गांधी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एमपी के नवनियुक्त कांग्रेस जिलाध्यक्षों की रविवार को नई दिल्ली में कांग्रेस के मुख्यालय में वर्कशाप हुई। जिसमें मध्यप्रदेश कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार और प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी सहित 71 जिलाध्यक्ष शामिल हुए। कांग्रेस जिलाध्यक्षों की इस वर्कशॉप को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने संबोधित किया।

इस दौरान खरगे ने कहा कि राहुल गांधी और मैंने यह अनुभव किया कि हम बगैर अपने संगठन को मजबूत किए, बिना जिला अध्यक्षों को अहमियत दिए सत्ता में मजबूती से वापसी नहीं कर सकते। वहीं गुटबाजी को कांग्रेस की हार का सबसे बड़ा कारण बताते हुए कहा कि जब कांग्रेस संगठित रहती है, तभी हम चुनाव जीतते हैं।




#### जिलाध्यक्ष संगठन में मजबूत कड़ी

राहुल ने कहा कि वर्ष 2025 को हमने संगठन सृजन का साल घोषित किया है। जिला अध्यक्ष कांग्रेस संगठन में सबसे मजबूत कड़ी होता है। राज्य में सरकार चुननी हो, तो विधान सभाओं में उम्मीदवार को जिताने में उनकी अहम भूमिका होती है। देश में सरकार बनानी हो तो लोक सभा जीतने के लिए आपके समर्थन की जरूरत होती है।

#### कई नेता अपने चहेतों को जिलाध्यक्ष बनाने में लगे थे

*कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष खरगे ने कहा कि कोई प्रलोभन भी दे, तो भी उनकी इमानदारी कांग्रेस के लिए ही रहे, ऐसे लोगों की आवश्यकता है। कई नेता अपने चहेते लोगों को जिला अध्यक्ष बनाने लगे थे। इसके अलावा नसीहत देते हुए कहा कि हमें कार्यक्रमों के माध्यम से लगातार जनता के बीच रहना है। हमें ऐसे तरीके ढूंढने होंगे, जिससे लोग हमसे जुड़ें। हमारी विचारधारा का समर्थन करें। उन्होंने कहा कि 2023 में एमपी में करीब 27 सीटों पर वोट चोरी हुई है, ऐसा मुझे बताया गया।*

## चिंतन

# साल दर साल आने वाली बाढ़ का जिम्मेदार कौन

भारत न केवल सांस्कृतिक विविधताओं का देश है बल्कि प्राकृतिक आपदाओं से भरा भी है। यहां हर साल बाढ़ से भारी आर्थिक नुकसान होता है। सैकड़ों लोगों की बाढ़ की चपेट आकर मौत हो जाती है। हर साल हर राज्य में बाढ़ बचाव के नाम पर अरबों रुपये खर्च होते हैं, लेकिन बरसात आते ही सारे इंतजाम धरे के धरे रहे जाते हैं। बाढ़ की वजह से लाखों, करोड़ों नहीं बल्कि अरबों की संपत्ति का नुकसान हर साल होता है। लाखों की संख्या में लोग बेघर हो जाते हैं। हर साल बाढ़ के चलते बड़े पैमाने पर किसान तबाह होते हैं। संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में बाढ़ के चलते हर दशक लगभग 567 खरब रुपये का नुकसान होता है। केंद्र सरकार ने वर्ष 1978 में बाढ़ से बचाव के लिए 1727.12 करोड़ रुपये की परियोजना बनाई थी। वहीं, यह 2019 में बढ़कर 13238.36 करोड़ रुपये का हो गया। जबकि 2024 में यह बजट 11500 करोड़ रुपये था। वर्ष 2024 में संसद में एक सवाल के जवाब में केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय के राज्य मंत्री ने राज्यसभा में बताया कि 1953-2017 तक बारिश और बाढ़ की वजह से देश को 3,65,860 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ और 1,07,487 लाख लोग बाढ़ और बारिश की वजह से मारे गए। मतलब हर साल 5628.62 करोड़ रुपये का आर्थिक और 1700 लोग की मौत का नुकसान उठाने को हम भारतीय अभिशप्त हैं, लेकिन बाढ़ है कि साल दर साल विकराल रूप धारण करती जा रही है। इसी साल अब तक मानसून के मौसम में हजारों लोग बाढ़ या बादल फटने के कारण जान गंवा चुके हैं। राजस्थान के कई इलाकों में पिछले 2 दिन से भारी बारिश हो रही है। जयपुर, सीकर के कई इलाकों में पानी भर गया है। सीकर रेलवे स्टेशन पर ट्रैक डूब गया। जयपुर-आगरा नेशनल हाईवे पर 23 अगस्त से पानी भरा हुआ है। खेरवाड़ा-झाड़ोल मार्ग सोम नदी का पानी आने से बंद है। सवाई माधोपुर में बारिश के बाद करीब 50 फीट जमीन धंस गई है। उतरप्रदेश में बारिश से चंदौली में घाघरा नदी पर बना मुसाहिबपुर बांध अचानक टूट गया। इसका पानी 5 गांवों में घुस गया है। उत्तराखंड में यमुनोत्री नेशनल हाईवे लैंडस्लाइड की वजह से बंद हो गया है। यह भूस्खलन बाणस के पास हुआ, जिससे यातायात पूरी तरह प्रभावित हो गया है। वहीं, बिहार के पटना में सोमवार सुबह मूसलाधार बारिश हुई। इससे कई इलाकों में 2 से 3 फीट तक पानी भर गया है। वहीं, झारखंड में हो रही बारिश के कारण नालंदा में नदियों का जलस्तर बढ़ने से बाढ़ के हालात हैं। हिमाचल, उतराखंड़ में बार-बार बादल फटने जैसी घटनाएं सामने आ रही हैं। इकोनॉमिक लॉसेज, पॉवर्टी एंड डिजास्टर 1998-2017 नाम से जारी संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में बताया गया है कि बाढ़ और सूखा ये ऐसी प्राकृतिक आपदा हैं जो एक बड़ी आबादी को गरीबी की ओर धकेलती हैं। ऐसा नहीं है कि इसके लिए केवल केंद्र या राज्य सरकारें जिम्मेदार हैं। आप और हम भी बाढ़ और जलभराव के लिए जिम्मेदार हैं। हम लोगों ने अपनी सुविधा के लिए जल संचय के संसाधनों को पाट दिया है। तालाब और झीलें बीते जमाने की कहानियां बनकर रह गई हैं। बढ़ती आबादी और आधुनिकता की दौड़ में हम भूल गए कि मानसून में जो पानी बरसेगा, वो जाएगा कहां। पहले हर गांव में एक बड़ा तालाब होता था। जहां बरसात का पानी न केवल संचित होता था बल्कि सालभर खेती व अन्य जरूरतों में उपयोग भी किया जाता था। हमें एक बार फिर उसी ओर मुड़ने की जरूरत है तभी हम बाढ़ जैसी आपदाओं से कुछ हद तक निपट सकते हैं।

## विमर्श

सपना बंसल



# शिक्षण प्रणाली में ठहराव नहीं, बदलाव की जरूरत

वर्तमान में भारत तरक्की और सफलता के नए आयाम स्थापित कर रहा है। इतिहास के पन्नों पर नजर डालें तो पाएंगे कि कदापि एक दौर ऐसा भी था, जब हमारे नेतृत्व कौशल पर न केवल सवाल उठाए जाते थे अपितु हिंदुस्तान पर विदेशी ताकतों का हुकूमत करना भारतीयों के नेतृत्व कौशल की कमी दर्शाता था। आज सभी भारतवासी गौरवान्वित महसूस करते हैं, जब सुर्खियों में पाते हैं कि पश्चिमी देश भारत की अगुवाई में अपना मार्गदर्शन करना चाहते हैं। संभवतः यह एक सुखद अहसास भी दिलाता है, परंतु यहां प्रश्न यह है कि क्या सड़कें, बंदरगाहों, हवाई अड्डे जैसे फिजिकल इंफ्रास्ट्रक्चर की संरचना से हम उस मुकाम को हासिल कर सकते हैं जिसके सही मायने में हम हकदार हैं। समृद्ध, सक्षम, समर्थ राष्ट्र के निर्माण में कदापि आवश्यकता है तो (ह्यूमन इंफ्रास्ट्रक्चर) कुशल शिक्षित युवाओं की। हमें आज लाखों ऐसे युवा चाहिए जिनमें सोचने-समझने की क्षमता दूरदृष्टि और एक बेहतर कल के निर्माण की क्षमता हो। मैं यहां यह नहीं कह रही कि भारत में मेधावी और होनहार छात्र नहीं हैं, इस बात में कोई संकोच नहीं है कि भारत के छात्र ही यूनिकॉर्न के संस्थापक, इन्वेंटर्स, शीर्ष वकील और सर्जन बने हैं लेकिन वह अपवाद हैं। जब सभी छात्रों की बात आती है तो चीज इतनी उजली नहीं लगती। सर्वेक्षणों से पता चलता है कि आधे से अधिक भारतीय स्नातक बेरोजगार हैं। ऐसा क्यों है, यकीनन इसका अधिकांश श्रेय हमारी शिक्षण प्रणाली को जाता है क्योंकि बदलते परिवेश में परंपरागत रुढ़िवादी शिक्षण प्रणाली युवाओं के लिए कारगर साबित नहीं हो सकती। आज का युवा मोबाइल, लैपटॉप और यूट्यूब की वीडियो से पढ़ना चाहता है, किंतु यूट्यूब पर देखी हुई वीडियो बौद्धिक गहराई, एकाग्रता और संज्ञानात्मक रूप में पिछड़े रूप में होती है। इसका यह तात्पर्य यह नहीं कि हम उन्हें चौक बोर्ड पर पढ़ायें, यह आज का युवा है 'जेनरेशन जेड' जो मानसिक विकास लिए हुए ही पृथ्वी पर उत्पन्न हुआ है । जिनके लिए हमें शिक्षण के तरीके,पाठ्यक्रम की रूपरेखा और तकनीकी को बदलना होगा अन्यथा वह दिन दूर नहीं, जब हमारी कमाई का एक चौथाई हिस्सा नवीनतम और अच्छी शिक्षा पाने के लिए विदेशों में खर्च हो जाएगा। रिसर्च सेंटर 2023 की रिपोर्ट के अनुसार उच्च शिक्षा प्राप्ति के लिए 1.8 मिलियन भारतीय युवा अमेरिका, कनाडा और यूरोप पहुंच रहे हैं। निसंदेह वहां की पढ़ाई विद्यार्थियों को रोजगार दिलाने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में मदद करती होंगी, जैसा कि कनाडा में पोस्ट ग्रेजुएशन वर्क परमिट प्रोग्राम (पीजीडब्ल्यूपी) अमेरिका और यूरोप की उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा और बेहतरीन अनुसंधान के अवसर भारतीय युवाओं को आकर्षित करते हैं। कदापि यह विकल्प न ही समाज और उनके परिवार के हित में है और ना ही देश हित में। उच्चतर शिक्षण संस्थानों की श्रेणी में भारत विश्व का सबसे बड़ा पारिस्थितिक तंत्र संभाले हुए है परंतु उसे गुणवत्ता, गुणात्मक अनुसंधान और पहुंच संबंधित चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। चीन ने जिस युवा आबादी की ताकत से आर्थिक उड़ान भरी थी, आज वो हमारे पास है। जहां 33 साल पहले (1992) चीन खड़ा था, आज हम वहीं पर हैं। चीन की आबादी में 85 प्रतिशत लोग वर्कफोर्स में शामिल थे। आज हमारे 52 प्रतिशत ही वर्कफोर्स का हिस्सा हैं यानी बेहतर शिक्षा और स्किल ट्रेनिंग के दम पर हम 30 प्रतिशत लोग वर्कफोर्स में और जोड़ सकते हैं और भारत की अर्थव्यवस्था बुलंदियों पर पहुंचा सकते हैं। अगर कार्यशील आयु वर्ग के लोगों को समय रहते आवश्यक कौशल प्राप्त नहीं होगा, तो वे अर्थव्यवस्था के लिए उत्पादक नहीं बन पाएंगे, जिससे जनसांख्यिकीय लाभांश का पूरा लाभ नहीं मिल पाएगा। भारत के पास दो दशक ही बाकी हैं, इस लाभांश को प्राप्त करने के लिए। इसके लिए सरकार को शिक्षा, कौशल विकास, स्वास्थ्य, और रोज़गार सृजन पर ज़ोर देना होगा ताकि देश के युवा कार्यबल को पूरी तरह से नियोजित किया जा सके। भारत को यह सुनिश्चित करना होगा कि उसकी युवा आबादी को अच्छी शिक्षा और प्रशिक्षण मिले, जिससे वे भविष्य के कार्यबल के लिए तैयार हो सकें। सारांश रूप में हम कह सकते हैं कि वर्तमान में शिक्षण प्रणाली में ठहराव नहीं, बल्कि बदलाव की जरूरत है।



( लेखिका सहायक प्राध्यापिका हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



## आर्थिकी

सतीश सिंह

# ब्याज दरों में कटौती का वैश्विक प्रभाव

**अमेरिकी फेडरल रिजर्व के अध्यक्ष जेरोम पॉवेल ने फेडरल रिजर्व की सालाना सभा में कहा है कि फेडरल रिजर्व के सितंबर महीने की 16-17 तारीख को होने वाली प्रस्तावित बैठक में नीतिगत ब्याज दरों में कटौती की जा सकती है। पावेल के मुताबिक राष्ट्रपति ट्रंप की टैरिफ नीति से अमेरिका में महंगाई बढ़ने का अंदेशा बढ़ा है, क्योंकि कई आवश्यक उत्पादों का निर्यात भारत समेत कई दूसरे देश अमेरिका को करते हैं, लेकिन टैरिफ से उनकी कीमत में कई गुना बढ़ोतरी हुई है। कई देश मुद्रास्फीति और रोजगार के संकट से जूझ रहे हैं। ऐसे में विकास की गति को तेज करने के लिए अमेरिका सहित दुनियाभर के केंद्रीय बैंक आने वाले महीनों में नीतिगत दरों में कटौती कर सकते हैं।**

अमेरिकी फेडरल रिजर्व के अध्यक्ष जेरोम पॉवेल ने 22 अगस्त को फेडरल रिजर्व की सालाना सभा में कहा कि फेडरल रिजर्व के सितंबर महीने की 16-17 तारीख को होने वाली प्रस्तावित बैठक में नीतिगत ब्याज दरों में कटौती की जा सकती है। श्री पावेल के अनुसार अमेरिका में रोजगार संकट का दौर चल रहा है। हाल के महीनों में कामगारों की मांग और आपूर्ति दोनों में उल्लेखनीय कमी आई है। खास करके जुलाई महीने में पिछले महीनों की तुलना में रोजगार में वृद्धि पहले की तुलना में काफी कम हुई है। साथ ही, आगामी महीनों में भी कामगारों की छंटनी की संभावना बनी हुई है। पावेल के मुताबिक राष्ट्रपति ट्रंप की टैरिफ नीति से अमेरिका में महंगाई बढ़ने का अंदेशा बढ़ा है, क्योंकि कई आवश्यक उत्पादों का निर्यात भारत समेत कई दूसरे देश अमेरिका को करते हैं, लेकिन टैरिफ से उनकी कीमत में कई गुना बढ़ोतरी हुई है।

पॉवेल ने यह भी कहा कि टैरिफ का असर अब उपभोक्ता कीमतों पर साफ-साफ़ परिलक्षित हो रहा है, लेकिन यह प्रभाव ज्यादा समय तक बना नहीं रहेगा। हालांकि,उन्होंने यह भी कहा कि टैरिफ से महंगाई डायन का प्रकोप लंबे समय तक बना रह सकता है। न्यूज एजेंसी ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक भी अमेरिका में रोजगार एवं महंगाई जनित जोखिमों को नियंत्रित करने में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है, जिसके कारण नीतिगत ब्याजों दरों में कटौती की जरूरत महसूस की जा रही है। वैसे, निवेशकों को पहले से उम्मीद थी कि फेडरल रिजर्व सितम्बर में ब्याज दरों में कटौती कर सकता है, लेकिन पावेल के ताजा बयान से यह लगभग निश्चित हो गया है कि सितम्बर में फेडरल रिजर्व नीतिगत ब्याज दरों में कटौती करेगा। वैसे, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप भी फेडरल रिजर्व पर ब्याज दरों में कटौती के लिए दबाव बना रहे हैं, ताकि अमेरिका विकास की धीमी गति या मंदी के दौर से बाहर निकल सके। फेडरल रिजर्व के अनुसार बेरोजगारी दर कम होने और सिर्फ महंगाई की आशंका से नीतिगत ब्याज दरों में इजाफा नहीं किया जाएगा, लेकिन अगर कामगारों की छंटनी होगी या अन्य कारणों से महंगाई बढ़ेगी तब निश्चित रूप से ब्याज दरों को बढ़ाने पर विचार किया जा सकता है। पॉवेल ने 2 प्रतिशत महंगाई लक्ष्य को बनाए रखने पर जोर दिया है। अमेरिका के फेडरल रिजर्व को दुनियाभर के केंद्रीय बैंकों का अगुवा माना जाता है, जिसका सबसे बड़ा कारण अमेरिकी डॉलर का दुनिया के सबसे मजबूत करेंसियों में से एक होना और सामरिक और आर्थिक दृष्टिकोण से अमेरिका का दुनिया का सबसे मजबूत देश होना है। अमूमन, फेडरल रिजर्व के नक्शे-कदम पर दुनिया भर के केंद्रीय बैंक चलते हैं। वैसे, सभी देशों की आर्थिक स्थिति अलग-अलग होने के कारण कभी-कभी कुछ देशों के केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व से इतर निर्णय लेते हैं। कुछ अपवादों को छोड़ दिया जाये तो भारत भी फेडरल रिजर्व द्वारा लिए गए निर्णयों के अनुरूप कदम उठाता रहा है। फेडरल रिजर्व के मौजूदा रुख से माना जा रहा है कि दुनिया के प्रमुख देशों के केंद्रीय बैंक आगामी मौद्रिक समीक्षाओं में नीतिगत ब्याज दरों को यथावत रखेंगे या ब्याज दरों में कटौती करेंगे।

मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने 6 अगस्त की मौद्रिक समीक्षा में रेपो दर को 5.50% पर बरक़रार रखा,



जबकि स्थायी जमा सुविधा (एसडीएफ) दर 5.25% पर और सीमांत स्थायी सुविधा (एमएसएफ) व बैंक दर 5.75%के स्तर पर रही। राजग सरकार और रिजर्व बैंक विकास दर में तेजी लाना चाहते हैं, जिसके लिए रेपो दर को यथावत रखना या कम करना जरूरी है। भारतीय रिजर्व बैंक ने मौद्रिक समीक्षा में वित्त वर्ष 2025-26 के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) मुद्रास्फीति के 3.1% के स्तर पर रहने का अनुमान जताया, जो पिछले अनुमानों से कम है, जबकि वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर के अनुमान को 6.5% पर बरकरार रखा है, यह केंद्रीय बैंक की मुद्रास्फीति प्रबंधन के प्रति सतर्क दृष्टिकोण को दर्शाता है। रिजर्व बैंक ने यह भी कहा कि मजबूत निजी खपत और सरकारी पूंजीगत व्यय की वजह से घरेलू विकास लचीला बना हुआ है। हालांकि, भू-राजनीतिक तनाव और वैश्विक स्तर पर बने कारोबारी तनाव विकास के मार्ग में अवरोध पैदा करते रहेंगे, लेकिन रिजर्व बैंक इस पर नियंत्रण रखने में कामयाब रहेगा ऐसी आशा है। अमेरिका में नीतिगत ब्याज दर को कम करने के प्रस्ताव के पीछे मुख्य कारण अमेरिका में संभावित आर्थिक मंदी, कारोबारी जंग, फेडरल रिजर्व की महंगाई और रोजगार संकट के प्रति बढ़ती आशंका आदि हैं, क्योंकि अभी अमेरिका में विकास की गति धीमी है और इसमें तेजी लाने के लिए नीतिगत ब्याज दरों को कम करना जरूरी है। माना जा रहा है कि ब्याज दरों में कटौती से उधारी का उठाव बढ़ेगा और आर्थिक गतिविधियों में तेजी आएगी।

अमेरिका की तरह चीन में भी उत्पादन, खपत आदि मापदंडों की वृद्धि गति अपेक्षा से अधिक धीमी है। वहां, जीडीपी वृद्धि वर्ष 2024 में 5% रही थी, जबकि वर्ष 2025 में इसके 3.95% रहने की संभावना है। चीन में जुलाई महीने में मुद्रास्फीति 0 प्रतिशत रही, जो सितम्बर 2022 में 2.8 प्रतिशत रही थी, जबकि वर्ष 2024 में वहां औसत वार्षिक मुद्रास्फीति 2.8 प्रतिशत रही। विकास दर में तेजी लाने के लिए चीन का केंद्रीय बैंक, पीपुल्स बैंक ऑफ चाइना ने उधारी दरों में हाल में कटौती की है, ताकि विकास की गति में तेजी आये। चीन सुशासन की समस्या से भी जूझ रहा है, जिसके कारण विदेशी निवेशक वहां निवेश करने से परहेज कर रहे हैं और कुछ निवेशक भारत का रुख कर रहे हैं। सांख्यिकी कार्यालय यूरोस्टेट के जुलाई के आंकड़ों के अनुसार यूरोपीय संघ में 2024 में जीडीपी वृद्धि दर 1.0% रही थी, जबकि 2023 में यह 0.7% रही थी, वहीं, 2025 में यूरो जोन में महंगाई दर 2.0% रही थी। यूरोपीय संघ में यह 2.3% रही थी। यूनाइटेड किंगडम (यूके) में मुद्रास्फीति दर जुलाई 2025 में 3.8% रही, जबकि जून 2025 में यह 3.6% रही थी। वहीं, वहां विकास दर 2025 की दूसरी तिमाही में 0.3% रही, जबकि 2025 की पहली तिमाही में यह 0.7% रही थी। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ़) ने वर्ष 2025 के लिए वैश्विक आर्थिक वृद्धि के अनुमान को कम करके 2.8% कर दिया है, जबकि वर्ष 2026 के दौरान इसके 3.0% रहने का अनुमान जताया गया है। वर्ष 2025 में अमेरिका में 1.8% की दर से वृद्धि होने का अनुमान है, जो अपेक्षा से बहुत कम है। विकासशील अर्थव्यवस्थाओं की वृद्धि दर में भी कमी आने का अनुमान है। वर्ष 2025 में ऐसे देशों में विकास दर 3.7% रह सकती है, जो वैश्विक औसत 2.8% से अधिक है। कहा जा सकता है कि आज भी कुछ अपवादों को छोड़कर दुनिया के सभी देश फेडरल रिजर्व की नीतियों का अनुसरण करते हैं। भारत को छोड़कर दुनिया के सभी प्रमुख देशों की विकास दर धीमी है। कई देश मुद्रास्फीति और रोजगार के संकट से जूझ रहे हैं। ऐसे में विकास की गति को तेज करने के लिए अमेरिका सहित दुनियाभर के केंद्रीय बैंक आने वाले महीनों में नीतिगत दरों में कटौती कर सकते हैं।

(लेखक एसबीआई में एजीएम हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

# मानव के लिए नैतिक मूल्यों का क्या महत्व है?



संकलित

## दर्शन

नैतिक मूल्य मानव को परिपूर्णता प्रदान कर उसे ईश्वरीय रचनाओं में श्रेष्ठ बनाते हैं, परंतु आधुनिकता के नाम पर इन मूल्यों का निरंतर अवमूल्यन होता जा रहा है। बढ़ता भौतिकतावाद उन्हें लील रहा है। परिणामस्वरूप नैतिकता घुट-घुटकर ही सांस ले पा रही है। यह स्थिति तब है जब नैतिकता को मानव समाज के अभिन्न अंग के रूप में मान्यता मिली है। नैतिकता के अभाव में मनुष्यता का आकलन संभव ही नहीं। नैतिकता व्यक्ति के विकास में एक सीढ़ी के समान है, जिसके सहारे हम अपने जीवन में आगे बढ़ते हैं। नैतिक मूल्यों के अभाव में मनुष्य मानव जीवन को निरर्थक बना देता है। प्रख्यात विचारक अल्बेयर कामू ने भी कहा है कि नैतिकता के बिना एक व्यक्ति इस दुनिया में किसी पशु के समान है। हम जीवन में महत्वपूर्ण निर्णय नैतिक कसौटी पर कसने के बाद ही करते हैं, लेकिन देखने में आता है कि कई बार मनुष्य उसे अनदेखा कर फैसला करता है, जो नैतिक पतन का कारण बनता है। स्मरण रहे कि ईश्वर ने हमें सिर्फ सुख भोगने के लिए ही इस संसार में नहीं भेजा है। इसीलिए केवल भौतिक सुखों के लिए नैतिकता का परित्याग करना उचित नहीं। इसका एक कारण यही है कि अब हमने अपने अंतःकरण की आवाज को अनसुना करना आरंभ कर दिया है। हमें यह पता होता है कि अमुक कार्य नैतिक रूप से सही नहीं, लेकिन सुख के लिए वह कार्य करने से संकोच नहीं करते। इसमें अक्सर दूसरे के हितों की बलि चढ़ जाती है। स्वाभाविक है कि इससे टकराव बढ़ेगा।

# गौतम ऋषि के तप से प्रकट हुई थीं गंगा



संकलित

## प्रेरणा

मान्यता है कि पुराने समय गौतम ऋषि और देवी अहिल्या ब्रह्मगिरी पर्वत पर रहते थे। वर्तमान में ये क्षेत्र नासिक जिले में है। गौतम ऋषि तपस्वी थे, इस कारण उन्हें हर जगह मान-सम्मान मिलता था। इस बात से यहां अन्य साधु-संत गौतम ऋषि के लिए जलन की भावना रखते थे। साधु-संत गौतम ऋषि का अपमान करने का कोई न कोई बहाना खोजते रहते थे। एक दिन जलन की वजह से सभी साधु-संतों ने गौतम ऋषि पर गोहत्या करने का झूठा आरोप लगा दिया। सभी साधु-संतों ने कहा कि इस हत्या के पाप के प्रायश्चित के लिए आपको देवी गंगा को यहां बुलाना होगा। तब गौतम ऋषि ने यहां शिवलिंग स्थापित करके तपस्या करना शुरू की। गौतम ऋषि की भक्ति से प्रसन्न होकर शिव जी और माता पार्वती यहां प्रकट हुए। जब शिव जी ने गौतम ऋषि से वरदान मांगने को कहा तो गौतम जी से वरदान में मांगा कि देव नदी गंगा को यहां भेज दीजिए। ऐसा कहने पर शिव जी की इच्छा से देवी गंगा भी वहां प्रकट हो गईं। गंगा ने कहा कि अगर शिव जी भी यहां रहेंगे, तभी मैं भी यहां रहूंगी। गौतम ऋषि को वरदान देने और देवी गंगा की इच्छा पूरी करने के लिए शिव जी यहां ज्योति रूप में विराजमान हो गए। इसके बाद देव नदी गंगा भी यहां गौतमी नदी के रूप में बहने लगी। गौतमी नदी का एक नाम गोदवरी भी है। इसके बाद गौतम ऋषि पर लगाया गया आरोप झूठा साबित हो गया। साधु-संतों को अपनी गलती का अहसास हुआ और उन्होंने गौतम ऋषि से क्षमा मांगी। गौतम ऋषि ने सभी को क्षमा भी कर दिया।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### राहुल और तेजस्वी पारिवारिक विरासत सम्भाल रहे

राहुल और तेजस्वी यादव का बहुत गहरा याराना है। दोनों ही नेताओं के बीच बिहार में मतदाता सूची को लेकर काफी चिंता है। तेजस्वी की राह पर राहुल चल रहे हैं। कांग्रेस-राजद गठबंधन नही है,लेकिन डूबते को तिनके का सहारा मिल गया। बिहार में नया राजनीतिक प्रयोग प्रारंभ हुआ है। लेकिन ये दोनों परस्पर विरोधी गठबंधन थे। कांग्रेस का वर्चस्व 1967 में टूटा। तब गैर कांग्रेस वाद का प्रयोग प्रारंभ हुआ। उसी के राजनीतिक परिणाम है, लालू प्रसाद यादव। उस प्रयोग ने ही अनेक टेढ़े-मेडे खतरनाक रास्ते पार किए। कांग्रेस को हासिए पर पहुंचा दिया। उसे भुलाना लालू के लिए आसान नहीं है,लेकिन तेजस्वी को उसको याद भी नहीं है। उनकी पारिवारिक विरासत राहुल संभाल रहे हैं, राजनीतिक विरासत नहीं। यही बात तेजस्वी यादव पर भी लागू होती है।

*-कांतिलाल मांडोत, सूरत*

## ट्रेंड

### विमलेंद्र का निधन दुःखद



राजसदन अयोध्या के मुखिया, राजा विमलेंद्र मोहन प्रताप मिश्र का निधन अत्यंत दुःखद है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य के रूप में उनका योगदान अविस्मरणीय है। प्रभु श्री राम उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें।

**-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री**

### लाठीचार्ज शर्मनाक



रामलीला मैदान में शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे एसएससी अभ्यर्थियों और शिक्षकों पर बर्बर लाठीचार्ज - शर्मनाक ही नहीं, एक डरपोक सरकार की पहचान है। युवाओं ने सिर्फ़ अपना हक़ मांगा था- मिली क्या? लाठियां।

**- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस**

### यमुना नदी की सफाई



मां यमुना अब स्वच्छ होगी। अभी तक दिल्ली में विपक्ष के समर्थन वाली सरकार थी। वर्तमान दिल्ली सरकार ने हरियाणा के साथ मिलकर यमुना नदी की सफाई का कार्य शुरू कर दिया है। 4 माह में 16,000 मीट्रिक टन कचरा साफ किया है।

**- नायब सिंह सैनी, सीएम, हरियाणा**

### अपराधी कहना अनुचित



लोग जिन्हें दिशोम गुरु कहते हैं, वह कई गंभीर आपराधिक मामलों में तिहाड़ जेल में बंद रहे। सूर्या हांसदा पर भी अनेक मामलों में आरोप लगे। झामुमो द्वारा उन्हें अपराधी कहना अनुचित है। किसी को अपराधी घोषित करने का अधिकार केवल न्यायालय के पास है, जनप्रतिनिधियों के पास नहीं।

**- बाबूलाल मरांडी, पूर्व सीएम, झारखंड**

## करंट अफेयर

# चीन ने शिपकी-ला के रास्ते व्यापार पर सहमति जताई

चीन ने अपने विदेश मंत्री वांग यी की हालिया भारत यात्रा के दौरान हिमाचल प्रदेश के किन्नौर जिले में शिपकी-ला के रास्ते व्यापार फिर से शुरू करने के प्रस्ताव पर सैद्धांतिक रूप से सहमति जताई है।



हिमाचल प्रदेश सरकार ने एक बयान में यह जानकारी दी। यह व्यापार कोविड-19 महामारी के कारण 2020 में स्थगित कर दिया गया था। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने राज्य सरकार को बताया कि भारत सरकार ने तीनों बिंदुओं - शिपकी-ला (हिमाचल प्रदेश), लिपुलेख (उत्तराखंड) और नाथू ला (सिक्किम) के माध्यम से सीमा व्यापार फिर से शुरू करने के लिए चीन के साथ चर्चा शुरू कर दी है। बयान में कहा गया, 'शिपकी-ला (किन्नौर) के रास्ते चीन के साथ व्यापार फिर से शुरू करने के लिए हिमाचल सरकार लगातार प्रयास कर रही थी, जिसके उत्साहजनक नतीजे सामने आए हैं। चीन के विदेश मंत्री वांग यी की हालिया भारत यात्रा के दौरान चीन सरकार ने इस प्रस्ताव पर सैद्धांतिक रूप से सहमति जताई है।' राज्य सरकार ने कहा कि यह सफलता मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के व्यक्तिगत हस्तक्षेप के कारण मिली, जिन्होंने केंद्र सरकार को पत्र लिखकर ऐतिहासिक भारत-तिब्बत व्यापार मार्ग को फिर से खोलने का आग्रह किया था।

## ऑफ बीट

# कम पानी पीने से आ सकता है तनाव, संभालने में दिक्कत

अधिकांश लोग जानते हैं कि उन्हें अधिक पानी पीना चाहिए, लेकिन हमारे नये अध्ययन से पता चलता है कि कम पानी पीने का एक अप्रत्याशित परिणाम यह हो सकता है : इससे रोजमर्रा के तनाव को संभालना काफी कठिन हो सकता है। 'जर्नल ऑफ एप्लाइड फिजियोलॉजी' में प्रकाशित हमारे अध्ययन में पाया गया कि जो लोग प्रतिदिन 1.5 लीटर से कम पानी पीते हैं, उनमें तनावपूर्ण परिस्थितियों का सामना करने पर 'कोर्टिसोल' का स्तर नाटकीय रूप से बढ़ जाता है। 'कोर्टिसोल' शरीर का प्राथमिक तनाव हार्मोन होता है। इस निष्कर्ष से पता चलता है कि लम्बे समय तक पानी की कमी तनाव की प्रतिक्रिया को उस तरह बढ़ा सकती है, जिसे हम अभी समझना शुरू ही कर रहे हैं। हमने स्वस्थ युवा वयस्कों को उनके सामान्य तरल सेवन के आधार पर दो समूहों में विभाजित करके उनका परीक्षण किया। एक समूह प्रतिदिन 1.5 लीटर से भी कम पानी पीता था, जबकि दूसरे समूह ने महिलाओं के लिए लगभग दो लीटर और पुरुषों के लिए 2.5 लीटर की मानक अनुशंसाओं को पार कर लिया। एक सप्ताह तक इन पैटर्न को बनाए रखने के बाद, प्रतिभागियों को सार्वजनिक भाषण और मानसिक अंकगणित से संबंधित एक 'प्रयोगशाला तनाव परीक्षण' का सामना करना पड़ा।



## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# यू-ट्यूबर्स अपने कंटेंट के लिए सार्वजनिक माफी मांगें और केंद्र सरकार सख्त दिशा-निर्देश बनाए

## शीर्ष कोर्ट ने कहा- दिव्यांगों का अपमान करने वालों पर जुर्माना लगाया जाएगा, चाहे वह कोई भी हो

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कॉमेडियन्स और यूट्यूबर्स को सख्त निर्देश देते हुए दिव्यांगों पर आपत्तिजनक कंटेंट न बनाने की चेतावनी दी है। शीर्ष कोर्ट ने कहा है कि अगर ऐसा कोई कंटेंट बनाया गया है तो तुरंत इसके लिए माफी मांगी जाए। स्टैंडअप कॉमेडियन समय रैना के मामले से जोड़ते हुए कोर्ट ने कहा है कि अगर ऐसा कभी भी हुआ तो यूट्यूबर्स और इन्फ्लुएंसर्स के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सुप्रीम कोर्ट ने समय रैना समेत सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स को आदेश दिया है कि वो दिव्यांगों का मजाक उड़ाने के लिए अपने पॉडकास्ट और कार्यक्रमों में सार्वजनिक माफी मांगें। कोर्ट ने कहा कि दिव्यांगों का अपमान करने वालों पर जुर्माना लगाया जाएगा, चाहे वो सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर ही क्यों न हों। कोर्ट ने केंद्र से कहा कि ऐसे बयानों और कंटेंट पर रोक लगाने के लिए स्पष्ट गाइडलाइंस बनाई जाएं।

**दिव्यांगों का मजाक उड़ाने पर इलाहाबादिया और रैना को सुप्रीम फटकार**



### सरकार व्यापक ढांचा तैयार करे

कोर्ट ने यह भी कहा कि सोशल मीडिया के लिए नियम बनाते समय जल्दबाजी में कोई कदम नहीं उठाना चाहिए, बल्कि सभी पक्षों की राय लेकर व्यापक ढांचा तैयार किया जाना चाहिए।सुप्रीम कोर्ट ने साफ किया कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार किसी भी ऐसे कमर्शियल कंटेंट पर लागू नहीं हो सकता, जिससे किसी समुदाय की भावनाएं आहत हों। इसके साथ ही कोर्ट ने 'इंडियाज गॉट लेटेंट' शो के होस्ट समय रैना की माफी पर नाराजगी जताई। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि उन्होंने पहले खुद का बचाव करने की कोशिश की थी, फिर माफी मांगी।

**दिव्यांगों पर तंज महंगा पड़ेगा**

सुप्रीम कोर्ट ने साफ कहा है कि दिव्यांगों का अपमान करने वाले इन्फ्लुएंसर्स पर आर्थिक दंड भी लगाया जाएगा। कोर्ट ने टिप्पणी की कि आज के दौर में जब अभिव्यक्ति का माध्यम व्यावसायिक लाभ से जुड़ा है, तो जिम्मेदारी भी उतनी ही अधिक बढ़ जाती है।

### समय रैना पर आरोप?

कॉमेडियन समय रैना पर आरोप है कि उन्होंने अपने दो वीडियो में रीढ़ की हड्डी की गंभीर बीमारी



'स्पाइनल मस्क्युलर एट्रोफी' से पीड़ित मरीजों पर असंवेदनशील टिप्पणियां कीं और नेत्रहीन और भेंगापन झेल रहे लोगों का भी मजाक उड़ाया।

**इन्फ्लुएंसर्स को हलफनामा देना होगा**

कोर्ट ने इन्फ्लुएंसर्स से कहा कि वो हलफनामा दाखिल करें, जिसमें यह बताया जाए कि वे अपने प्लेटफॉर्म का उपयोग दिव्यांगजनों के अधिकारों के बारे में जागरूकता फैलाने में कैसे करेंगे। फिलहाल इन्फ्लुएंसर्स को हर सुनवाई में व्यक्तिगत रूप से मौजूद होने की जरूरत नहीं है, बशर्ते वो दिए गए निर्देशों का पालन करें।

### चुनाव विशेषज्ञ संजय पर एफआईआर

## सार्वजनिक माफी मांगने पर नहीं होगी दंडात्मक कार्रवाई

कोर्ट ने चुनाव विशेषज्ञ संजय कुमार को सोशल मीडिया पर पोस्ट के जरिए महाराष्ट्र की मतदाता सूची से जुड़ी गलत



जानकारी फैलाने के आरोप में चुनाव आयोग की ओर से दर्ज कराई गई दो एफआईआर के सिलसिले में गिरफ्तारी से सुरक्षा प्रदान की। सीजेआई बीआर गवई और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ ने विवेक तन्खा और वकील सुमीर सोढ़ी की इस दलील पर गौर किया कि सार्वजनिक माफी के बावजूद एफआईआर दर्ज की गई हैं।

**एफआईआर में गलत जानकारी फैलाने का आरोप**

एफआईआर में उन पर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट के जरिए महाराष्ट्र की मतदाता सूची से जुड़ी गलत जानकारी फैलाने का आरोप लगाया गया है। लोगों को भ्रमित करने का आरोप है।

**एफआईआर रद्द करने की दी थी याचिका**

सेंटर फॉर द स्टडी ऑफ डेवलपिंग सोसाइटीज (सीएसडीएस) में लोकनीति के सह-निदेशक संजय कुमार ने महाराष्ट्र में अपने खिलाफ दर्ज दो एफआईआर को रद्द करने की मांग करते हुए शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया है।

---

## खबर संक्षेप

### जालंधर में फैक्ट्री से गैस लीक, 30 लोग फंसे!

**जालंधर।** यहां के सर्जिकल कॉम्प्लेक्स में सोमवार को एक फैक्ट्री से अमोनिया गैस लीक हो गई। गैस के



लीकेज के समय फैक्ट्री के अंदर कई लोग फंस गए। रेस्क्यू टीम को अंदर फंसे हुए लोगों को बाहर निकालने के लिए प्लांट की एक दीवार तोड़नी पड़ी। सीढ़ियों और क्रेनों नीचे उतारा गया। इसमें 30 लोगों के फंसने की आशंका है।

### पेट्रोल पंप पर युवक को आया हार्ट अटैक, मौत

**ललितपुर।** उत्तर प्रदेश के ललितपुर जिले में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। एक पेट्रोल



पंप पर बाइक सवार युवक को अचानक हार्ट अटैक आ गया। इसके चलते मौके पर ही उसकी मौत हो गई। यह घटना पेट्रोल पंप पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। यह घटना ललितपुर के मड़ावरा थाना क्षेत्र अंतर्गत सौजना रोड पर हुई हुई है।

### 12वीं की छात्रा की हत्या घर में मारी गोली

**नदिया।** पश्चिम बंगाल के नदिया जिले से हत्या का एक सनसनीखेज मामला सामने आया



है। जिले के कृष्णानगर में सोमवार को 12वीं कक्षा की एक छात्रा की उसके घर में घुसकर गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतका की पहचान ईशा मल्लिक के रूप में हुई है, उम्र 18 वर्ष थी। छात्रा मानिकपाड़ा इलाके की रहने वाली थी।

### विधायक राहुल कांग्रेस की सदस्यता से निलंबित

**बेंगलुरु।** लेखिका हनी भास्करन और मॉडल रिनी एन जॉर्ज की ओर से लगाए गए अश्लील आचरण के आरोपों के बाद कांग्रेस पार्टी ने पलक्कड़ के विधायक राहुल ममकूटाथिल को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से निलंबित कर दिया है। वे विधायक के रूप में कार्य करते रहेंगे। इस्तीफे की मांग के बीच यह निलंबन किया है।

---

### पीएम मोदी के अहमदाबाद दौरे को लेकर लोगों में दिखा भारी उत्साह

# 5400 करोड़ की परियोजनाओं की दी सौगात टैरिफ से नहीं डरेगा देश, और मजबूत होगा



अहमदाबाद में 3 किलोमीटर लंबे रोड शो से किया, जो नरोदा से निकोल तक निकाला गया, लोगों, समर्थकों और कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह देखा गया। महिलाएं सिंदूर लेकर खड़ी थीं

एजेंसी ⏭ अहमदाबाद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने 2 दिनी गुजरात दौरे की शुरुआत सोमवार देर शाम से की। इस दौरान वे 5,400 करोड़ रुपए से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। दौरे की शुरुआत अहमदाबाद में 3 किलोमीटर लंबे रोड शो से किया, जो नरोदा से निकोल तक निकाला गया। वहीं पीएम मोदी के इस दौरे को लेकर स्थानीय लोगों, समर्थकों और पार्टी कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। खासतौर पर बड़ी संख्या में महिलाएं भी निकोल के कार्यक्रम स्थल पर पहुंची। महिलाओं का उत्साह इसलिए भी खास है क्योंकि वे अपने साथ 'सिंदूर' की डिब्बियां लेकर पहुंच रही हैं। यह उनके प्रधानमंत्री के प्रति अटूट विश्वास और समर्थन का प्रतीक माना जा रहा है। खासकर 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद, जिसमें भारतीय सेनाओं ने सीमा पार आतंकवादियों के ठिकानों को ध्वस्त किया था, महिलाएं मोदी के निर्णायक नेतृत्व को सुरक्षा और संरक्षण का प्रतीक मान रही हैं।

**अहमदाबाद में 3 किलोमीटर लंबे रोड शो में उमड़े लोग**

सिंदूर की डिब्बी लेकर महिलाएं कार्यक्रम में रहीं मौजूद

### ढोल- ढमाकों के साथ लगे मोदी-मोदी के नारे



अहमदाबाद की सड़कों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रोड शो देखते ही बन रहा। पूरे मार्ग पर लोगों की भारी भीड़ उमड़ी हुई है और माहौल जनसैलाब में बदल चुका है। महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग झंडे और बैनर लेकर घंटों खड़े हैं। कई जगहों पर रंगोली, फूलों की बारिश और ढोल-नगाड़ों से उनका स्वागत किया जा रहा है। लोगों में उत्साह इतना है कि सड़क के दोनों ओर जगह-जगह मोदी-मोदी के नारे गूंजे।

### लोगों में दिखा जोश

स्थानीय निवासी हेली शास्त्री ने कहा कि आम लोग प्रधानमंत्री के अहमदाबाद दौरे को लेकर बहुत खुश और उत्साहित हैं। माहौल किसी त्योहार से कम नहीं है और शहर को भव्य स्वागत के लिए सजाया गया है। कैलाश बेन ने कहा कि माताओं और बहनों के सिंदूर की रक्षा करने वाले नेता बने हैं।

### मेरी सरकार छोटे उद्यमियों, किसानों, पशुपालकों का कभी अहित नहीं होने देगी

पीएम ने कहा कि आज दुनिया में सभी आर्थिक स्वार्थ वाली राजनीति, सब कोई अपना करने में लगा है उसे हम भलिभांति देख रहे हैं। अहमदाबाद की इस धरती से, मैं अपने लघु उद्यमियों, छोटे दुकानदारों, किसानों, पशुपालकों से कहूंगा, मैं गांधी की धरती से बोल रहा हूं, मेरे देश के छोटे उद्यमी हों, किसान हों, पशुपालक हों, मोदी के लिए आपका हित सर्वोपरि है। मैं किसी का अहित नहीं होने दूंगा।

**आज अहमदाबाद अब स्वच्छता और सुरक्षा के मामले में नंबर एक**

उन्होंने राहुल गांधी का नाम नहीं लिया लेकिन इशारों में बड़ा तंज कसा। पीएम मोदी ने अहमदाबाद में कहा कि गुजरात दो मोहन की धरती है। पहले द्वारकाधीश और दूसरे साबरमती के संत महात्मा गांधी। आज यह स्वच्छता में अव्वल है।

### खुशियों का दोहरा बोनस मिलेगा, ट्रंप पर कसा तंज

इस मौके पर पीएम मोदी ने इशारों इशारों में ट्रंप टैरिफ पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि दुनिया में आजकल स्वार्थनीति चल रही है। पीएम मोदी ने कहा कि हमारी सरकार जीएसटी रिफॉर्म कर रही है और दिवाली से पहले आपको बड़ी भेंट मिलेगी। जीएसटी रिफॉर्म के कारण हमारे लघु उद्योगों को बहुत मदद मिलेगी और बहुत सी चीजों पर टैक्स कम हो जाएगा। इस दिवाली, चाहे वह व्यापारिक वर्ग हो या हमारे परिवार के बाकी सदस्य, सभी को खुशियों का दोहरा बोनस मिलने वाला है।

### पीएम मोदी के गुजरात दौरे से पहले कांग्रेस के कई नेता 'नजरबंद'

**कड़ी सुरक्षा**

सुरक्षा को ध्यान में रखते हुएअहमदाबाद सिटी पुलिस ने कड़े सुरक्षा के इंतजाम किए हैं। हालांकि, ऐसी आशंका है कि विपक्षी कांग्रेस वोट चोरी के मुद्दे पर रोड शो और जनसभा में विरोध प्रदर्शन कर सकती है। कई नेताओं को नजरबंद कर दिया था।

---

### पूनावाला ने विपक्ष पर साधा निशाना

# पहले किया वर्क फ्रॉम होम अब वे करेंगे वर्क फ्रॉम जेल

एसआईआर और संविधान संशोधन पर किया हमला



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

देश की राजनीति में इन दिनों दो मुद्दे सुर्खियों में हैं। एक है एसआईआर का मुद्दा, तो दूसरा 130वें संविधान संशोधन विधेयक का है। इस मामले पर गृह मंत्री अमित शाह ने एक इंटरव्यू में खुलकर बात की। उन्होंने इस मामले पर विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। इसके अलावा, भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला का भी बयान सामने आया है। उन्होंने भी विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि 'कोविड में वर्क फ्रॉम होम किया गया, तो अब ये वर्क फ्रॉम जेल का सिस्टम चाहते हैं। इस मामले में उन्होंने कई सवाल उठाए। साथ ही सुरक्षा को लेकर कहा कि अगर ऐसा हुआ तो जेल के अंदर गोपनीय फाइलें जाएंगी जो सुरक्षा के लिए खतरा बन सकती हैं।

**जेल से सरकार चलाना प्रैक्टिकली संभव नहीं**

पूनावाला ने कहा कि महामारी के दौरान जिस तरह से घर से काम किया गया, अब विपक्ष चाहता है कि जेल से काम हो। कैबिनेट की मीटिंग्स भी जेल के अंदर हुआ करेंगी। उन्होंने कहा कि ये किसी भी तरह से प्रैक्टिकल नहीं है। बाढ़ या जंग की स्थिति आती है, तो कैसे कोई फैसला लिया जाएगा। क्या जेल के अंदर से ये सब किया जाएगा? पूनावाला ने कहा कि कल्पना करें कुछ ऐसी फाइल्स होती हैं, जिनमें देश की सुरक्षा से जुड़ी चीजें होती हैं, वो फैसला कहां होगा।

**जनसुनवाई के लिए अलग से होगा कमरा?**

पूनावाला ने सवाल पूछा कि 'जन सुनवाई कहां होगी? जन सुनवाई के लिए, क्या आपके पास जेल में एक अलग कमरा होगा? यह नैतिकता पर कहीं भी खड़ा नहीं है। वैसे तो ये लोग जनता से कटे हुए हैं।

---

**कहा-विवि के एचकेआरएन कर्मियों के साथ सरकार कर रही है विश्वासघात**

# सरकार जानबूझकर अब एचकेआरएन को कर रही है कमजोर: कुमारी सैलजा

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

कांग्रेस सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि हरियाणा की भाजपा सरकार एचकेआरएन और अनुबंधित कर्मचारियों के साथ अन्याय कर रही है, पहले कर्मचारियों को नियुक्त कर लिया गया और अब कह रही है कि एचकेआरएन और अनुबंधित कर्मचारियों को नियमित नहीं किया जाएगा जबकि अधिकतर कर्मचारी 10-15 साल से काम कर है और उनमें भी ज्यादातर ओवर ऐज हो चुके है। सरकार कर्मचारियों को हटाने के बजाए उन्हें ही नियमित कर उन्हें राहत प्रदान कर सकती है। साथ ही प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों के अनुबंधित कर्मचारियों को भी सेवा सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत शामिल किया जाए।सैलजा ने कहा है कि प्रदेश सरकार द्वारा चुनाव से पूर्व प्रदेश के 1,18,000 अस्थायी कर्मचारियों को स्थायी करने और उन्हें सेवा सुरक्षा देने का जो अधिनियम पारित किया गया था, अब उसी अधिनियम को कमजोर करने का प्रयास किया जा रहा है। सरकार ने हाल ही में यह घोषणा की है कि राज्य विश्वविद्यालयों के अंतर्गत कार्यरत अनुबंधित कर्मचारी इस अधिनियम के दायरे में नहीं आएंगे। यह निर्णय विश्वविद्यालयों में वर्षो से सेवाएं दे रहे कर्मचारियों के साथ घोर अन्याय और भेदभाव है। अनेक कर्मचारी 10-15 वर्षो से सेवाएं दे रहे हैं और ओवर-एज भी हो चुके हैं। अब यदि उन्हें अधिनियम से बाहर कर दिया जाएगा तो यह उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ होगा।

### कुमारी सैलजा ने की एसएससी अभ्यर्थियों और शिक्षकों पर लाठीचार्ज की निंदा

दिल्ली के रामलीला मैदान में शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे एसएससी अभ्यर्थियों व शिक्षकों पर हुआ लाठीचार्ज भाजपा सरकार के लोकतंत्र-विरोधी और अहंकारी रवैए को उजागर करता है। युवाओं ने रोजगार और न्याय मांगा था पर बदले में उसे लाठियां दी गईं। यह स्पष्ट है कि भाजपा सरकार को न युवाओं के भविष्य की चिंता है और न ही लोकतांत्रिक अधिकारों की। सांसद ने कहा कि पहले वोट चुराए गए फिर परीक्षा चुराई गई और अब नौकरियां भी छीन रहे हैं। जनता के वोट और हक दोनों को कुचलने वाली इस सरकार को समय आने पर ये जनता ही सबक सिखायेगी।

### उत्तर प्रदेश के सीईओ ने मांगी सभी शपथपत्र की मूल प्रतियां

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने समाजवादी पार्टी द्वारा चुनाव आयोग को भेजे गए 18 हजार



एफिडेविट को लेकर सोशल साइट एक्स पर दो ट्वीट किए। एक्स पर दिए गए अपने बयान में सीईओ ने सपा से शपथपत्रों की मूलप्रतियों की मांग की है जिससे कि तेजी से जांच की जा सके। पहले किए गए ट्वीट में ये भी कहा था कि एक भी शपथपत्र की मूल प्रति नहीं मिली है।

---

### कांग्रेस की संगठनात्मक मजबूती और रणनीतियों को आकार देने के लिए की बैठक

# एआईसीसी 1 दिन 2 मीटिंग, दोनों में छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम भूपेश बघेल की प्रमुख भूमिका

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

कांग्रेस की संगठनात्मक मजबूती और आगामी राजनीतिक रणनीतियों को आकार देने के लिए सोमवार को एआईसीसी मुख्यालय में दो महत्वपूर्ण बैठकें आयोजित की गईं, जिनमें ऑब्ज़र्वर्स के साथ मीटिंग और पंजाब कांग्रेस नेताओं के साथ उच्चस्तरीय रणनीतिक संवाद शामिल रहा। दोनों हाईप्रोफाइल बैठक में महासचिव भूपेश बघेल प्रमुख भूमिका रही। पंजाब प्रभारी होने के कारण सुबाई नेतृत्व के साथ शीर्ष नेतृत्व के तार को जोड़े रखने की अहम जिम्मेदारी तो बघेल के पास है ही ऑब्जर्वर्स मीटिंग में भी वे कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, विपक्ष के नेता राहुल गांधी, महासचिव संगठन केसी वेणुगोपाल के साथ भी मंचासीन रहे। नेताओं को टिप्स देते रहे।

एआईसीसी ऑब्जर्वर्स बैठक की अध्यक्षता खड़गे ने की। राहुल , जिन्हें विपक्ष के नेता के रूप में महत्वपूर्ण




अध्ययन और समीक्षा के लिए आमंत्रित किया गया था। बघेल, जिनकी समीक्षा और दिशा-निर्देश संगठनात्मक सुधार के लिए निर्णायक भूमिका रहे। राहुल ने ऑब्ज़र्वरों से कहा कि वे केवल रिपोर्ट सौंपकर नहीं रुकें। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि समस्या ही नहीं, समाधान भी लेकर आएँ। जो आधिकारिक रिपोर्ट दी गई है उनसे आगे बढ़कर कार्यकुशलता सुनिश्चित की जाए। बघेल ने ऑब्ज़र्वरों को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे "संवाद-सेतु" बनें। वेणुगोपाल के साथ मिलकर उन्होंने ऑब्ज़र्वरों को हर महीने न्यूनतम दो ज़िला दौरे का लक्ष्य दिया, ताकि पार्टी की संरचना को निचले स्तर तक मजबूती मिल सके।

### पंजाब कांग्रेस नेता भी रहे शामिल

बैठक में शामिल थे प्रभारी भूपेश बघेल, वरिष्ठ नेता अम्बिका सोनी, महासचिव (संगठन) केसी वेणुगोपाल, और पंजाब कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व। भूपेश बघेल ने मतदान केंद्रों से लेकर पंचायत चुनाव तक की रणनीतिक रूपरेखा पेश की, जिसमें संगठनात्मक सुधार और 2027 विधानसभा चुनाव की तैयारी शामिल है। उन्होंने नेताओं को आश्वस्त किया कि हाईकमान पंजाब को चुनौतियों से लड़ने के लिए पूरी तरह समर्पित है। अम्बिका सोनी ने स्पष्ट कहा कि पंजाब कांग्रेस को व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा से ऊपर उठकर एक साझा नेतृत्व की भूमिका लेना होगी। केसी वेणुगोपाल ने बढ़ते अनुशासन और संगठनात्मक सामंजस्य पर बल देते हुए कहा, जब पार्टी एकजुट होगी, तब ही वह विपक्षी और आगामी चुनावों में प्रभावी ढंग से मुकाबला कर सकती है।

### एआईसीसी ऑब्ज़र्वर मीटिंग

**राहुल गांधी बोले** – सिर्फ देखना नहीं, समाधान भी लेकर आना होगा

**खड़गे ने कहा** – ऑब्ज़र्वर पार्टी और कार्यकर्ताओं के बीच सेतु बनें

**भूपेश बघेल** ने ज़ोर दिया – हर ऑब्ज़र्वर महीने में कम से कम दो ज़िला दौरे करे

**के.सी. वेणुगोपाल** ने अनुशासन और जवाबदेही को सबसे अहम बताया

### पंजाब कांग्रेस नेताओं के साथ बैठक

**भूपेश बघेल:** पंजाब कांग्रेस को चुनावी चुनौतियों से निपटने के लिए हाईकमान पूरी तरह प्रतिबद्ध है

**अंबिका सोनी:** व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा से ऊपर उठकर सामूहिक नेतृत्व अपनाना होगा

**वेणुगोपाल:** एकजुट होकर ही कांग्रेस विपक्ष और चुनावी मुकाबलों में मज़बूती से खड़ी होगी

पंचायत, नगर निकाय और 2027 विधानसभा चुनाव के लिए शुरुआती रणनीति पर सहमति।

Alankit
अलंकित लिमिटेड
CIN: L74900DL1989PLC036860
पंजी. कार्यालय : 205-208, अनारकली कॉम्प्लैक्स, झंडेवालान एक्सटेंशन, नई दिल्ली-110055
Website: www.alankit.in Email for investors: investor@alankit.com
Tel No.: 011-42541234/904

**36वीं वार्षिक सामान्य बैठक, ई-वोटिंग जानकारी और बुक क्लोजर की सूचना**

एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि कम्पनी के सदस्यों की 36वीं वार्षिक सामान्य बैठक (एजीएम) का आयोजन एजीएम की सूचना **दिनांक 26 अगस्त 2025** में विनिर्दिष्ट अनुसार बिजनेस का सम्पादन करने के लिये सेबी दिनांक 12 मई 2020, 15 जनवरी 2021, 13 मई 2022, 05 जनवरी 2023, 06 अक्तूबर 2023, 07 अक्तूबर 2023 और 03 अक्तूबर 2024 (**''सेबी सरकुलर्स''**) द्वारा जारी सरकुलर और कम्पनी मामलों का मंत्रालय द्वारा जारी सामान्य सरकुलर्स दिनांक 08 अप्रैल 2020, 13 अप्रैल 2020, 05 मई 2020 और इस सम्बन्ध में जारी अनुवर्ती सरकुलर्स, नवीनतम सामान्य सरकुलर नं. 09/2024 दिनांक 19 सितम्बर 2024 (सामूहिक रूप से ''एमसीए सरकुलर्स'' के रूप में संदर्भित) के साथ पठित भारतीय प्रतिभूति विनिमय बोर्ड (''सेबी'') (लिस्टिंग ऑब्लीगेशंस एवं घोषणा अपेक्षाएं) नियमनों 2015 और कम्पनी अधिनियम 2013 के लागू योग्य प्रावधानों और उसके तहत बनाये गये नियमों के अनुरूप वीडियो कांफ्रैसिंग (''वीसी'')/अन्य ऑडियो विजुअल साधनों (''ओएवीएम'') के माध्यम से **मंगलवार 23 सितम्बर 2025 को पूर्वा. 11.45 बजे** आयोजित की जाएगी।

36वीं एजीएम की सूचना और वित्तीय वर्ष 2024-2025 हेतु वार्षिक रिपोर्ट उन सदस्यों को पहले ही भेज दी गई है जिनके ई-मेल पते कम्पनी/रजिस्ट्रार एवं शेयर ट्रांसफर एजेंट, अलंकित असाइनमेंट्स लिमिटेड और डिपॉजिटरीज के पास पंजीकृत हैं। एजीएम की सूचना और वार्षिक रिपोर्ट की भौतिक प्रतियां भेजने की आवश्यकता उपरोक्त एमसीए सरकुलर्स और सेबी सरकुलर्स के अनुसरण में समाप्त कर दी गई है। 36वीं एजीएम की सूचना सहित व्याख्यात्मक विवरण और वार्षिक रिपोर्ट कम्पनी की वेबसाइट पर www.alankit.in पर अपलोड कर दी गई है और एनएसडीएल की वेबसाइट्स www.evoting.nsdl.com पर और स्टॉक एक्सचेंजेज की वेबसाइट्स www.nseindia.com तथा www.bseindia.com पर भी उपलब्ध होंगी।

**बुक क्लोजर** : कम्पनी के सदस्यों का रजिस्टर और शेयर ट्रांसफर बुक्स एजीएम के प्रयोजन हेतु 17 **सितम्बर 2025 से 23 सितम्बर 2025** तक (**दोनों दिन मिलाकर**) बंद रहेंगे।

**ई-वोटिंग** : कम्पनी इसके सदस्यों, जो बृहस्पतिवार 18 **सितम्बर** 2025 (**कट ऑफ तिथि**) के अनुसार या तो भौतिक रूप में अथवा डिमैट रूप में इक्विटी शेयरधारक हैं, को एनएसडीएल द्वारा उपलब्ध करवाई गई ई-वोटिंग सेवाओं के माध्यम से, निम्नलिखित ढंग से इलैक्ट्रोनिक मोड के माध्यम से मतदान का उपयोग करने के लिये सुविधा प्रदान कर रही है :-

(ए) **दूरस्थ ई-वोटिंग** : दूरस्थ ई-वोटिंग सुविधा 20 **सितम्बर** 2025 **को पूर्वा.** 9.00 **बजे** प्रारम्भ होगी और 22 **सितम्बर** 2025 **को अप.** 5.00 **बजे** समाप्त होगी और उसके पश्चात यह अयोग्य बन जाएगा।

(बी) **एजीएम में ई-वोटिंग** : ई-वोटिंग की सुविधा एजीएम में भी उन सदस्यों को उपलब्ध करवाई जाएगी जो दूरस्थ ई-वोटिंग द्वारा अपना मत नहीं दे चुके हैं और वीसी / ओवीएएम के माध्यम से एजीएम में उपस्थित हो रहे हैं।

सदस्य, जिनके नाम कट ऑफ तिथि अर्थात 18 सितम्बर 2025 के अनुसार सदस्यों के रजिस्टर में अथवा डिपॉजिटरी द्वारा मेनटेन किये गये लाभकारी मालिकों के रजिस्टर में दर्ज हैं, केवल वे ही दूरस्थ ई-वोटिंग की सुविधा का लाभ उठाने और भाग लेने तथा एजीएम में मतदान करने के हकदार होंगे।

सदस्य, जो दूरस्थ ई-वोटिंग के माध्यम से अपना मत नहीं दे चुके हैं और एजीएम में उपस्थित हैं, सूचना में दी गई प्रक्रिया का पालन करते हुये एजीएम में ई-वोटिंग के माध्यम से मत देने के लिये पात्र होंगे।

कोई व्यक्ति जो एजीएम की सूचना प्रेषित करने के पश्चात कम्पनी का सदस्य बना और कट ऑफ तिथि के अनुसार शेयरधारण करता है, अलंकित असाइनमेंट्स लिमिटेड और डिपॉजिटरीज को एक आग्रह भेजकर यूजर आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकता है और दूरस्थ ई-वोटिंग के माध्यम से अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकता है और भाग ले सकता है तथा एजीएम की सूचना में वर्णित निर्देशों का पालन करते हुये एजीएम में मत दे सकता है।

जो सदस्य अभी तक अपने ई-मेल पते पंजीकृत नहीं करवा चुके हैं, इलैक्ट्रोनिक रूप में धारण किये शेयरों के मामले में सम्बन्धित डिपॉजिटरीज पार्टिसिपेंट के पास इसे पंजीकृत करवाने का आग्रह किया जाता है और यदि शेयर भौतिक रूप में धारण किये हैं, इलैक्ट्रोनिक रूप में 36वीं एजीएम सूचना सहित वार्षिक रिपोर्ट 2024-25 प्राप्त करने के लिये तथा ई-मेल पता, मोबाइल नम्बर, स्व-सत्यापित पैन प्रति उपलब्ध करवाने के आग्रह-पत्र की एक हस्ताक्षरित स्कैन की हुई प्रति सहित sakshit@alankit.com और rta@alankit.com पर एक आग्रह भेजकर पंजीकृत करवा सकते हैं।

जो सदस्य अपने ई-मेल पते, मोबाइल नम्बर, डाक पता और बैंक अकाउंट विवरण पहले ही पंजीकृत करवा चुके हैं, यदि इलैक्ट्रोनिक रूप में शेयरधारण करते हैं तो सम्बन्धित डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट से सम्पर्क करते हुये अथवा यदि भौतिक रूप में शेयरधारण किये हुये हैं तो अलंकित असाइनमेंट्स लिमिटेड, 205-208, अनारकली कॉम्पलैक्स, झंडेवालान एक्सटेंशन, नई दिल्ली-110055 पर सम्पर्क करके इसे वैध / अद्यतन करवाने का आग्रह किया जाता है।

मै. एन.सी. खन्ना, कम्पनी सेक्रेटरीज के श्री एन.सी. खन्ना (सदस्यता सं. : एफ4268) को निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से एजीएम में ई-वोटिंग और दूरस्थ ई-वोटिंग प्रक्रिया की संवीक्षा करने के लिए संवीक्षाकर्ता के रूप में नियुक्त किया गया है।

**ई-वोटिंग अथवा वीसी/ओएवीएम भागीदारी हेतु तकनीकी सहायता** :

ई-वोटिंग हेतु सुविधा से सम्बन्धित कोई शिकायत नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड के पते पर प्रेषित की जा सकती है अथवा evoting@nsdl.co.in को एक ई-मेल भेजे। किसी सहायता हेतु कृपया कम्पनी को लिखें।

**बोर्ड के निदेशक मंडल के आदेशानुसार**
**कृते अलंकित लिमिटेड**
**हस्ता/-**
**साक्षी थापर**
**कम्पनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी**

**स्थान : नई दिल्ली**
**दिनांक : 26.08.2025**

# कंपनियों को एआई से नहीं मिला कोई ठोस फायदा, 95 प्रतिशत प्रोजेक्ट्स नाकाम

## एमआईटी की रिपोर्ट में किया गया बड़ा खुलासा, दुनियाभर की कंपनियों ने किया 30 से 40 अरब डॉलर का निवेश


एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पिछले तीन सालों में दुनियाभर की कंपनियों ने जेनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) प्रोजेक्ट्स में 30 से 40 अरब डॉलर का निवेश किया है। लेकिन मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी) की एक नई स्टडी के मुताबिक, इनमें से 95 प्रतिशत कंपनियों को एआई टूल्स अपनाने से कोई ठोस फायदा नहीं हुआ।

इस स्टडी के हवाले से बताया गया कि ज्यादातर कंपनियों की कमाई या मुनाफे पर एआई का कोई असर नहीं पड़ा। दुनियाभर में कंपनियों ने चैट जीपीटी, कोपायलट एआई और दूसरे बड़े लैंग्वेज मॉडल्स को आजमाने में तेजी दिखाई। सर्वे बताते हैं कि 80 प्रतिशत से ज्यादा बड़ी कंपनियों ने इन टूल्स को टेस्ट किया या छोटे स्तर पर इस्तेमाल शुरू किया। करीब 40 प्रतिशत कंपनियों ने इन्हें किसी न किसी रूप में लागू भी किया। लेकिन स्टडी में सामने आया कि ज्यादातर मामलों में ये टूल्स सिर्फ कर्मचारियों का काम तेज करने में मदद कर रहे हैं, न कि कंपनी के मुनाफे को बढ़ाने में।

### एआई टूल्स क्यों नहीं दे रहे रिजल्ट?

एमआईटी की स्टडी में बताया गया कि जेनरेटिव एआई टूल्स का सबसे बड़ा मसला यह है कि ये असल कामकाजी प्रक्रियाओं में अच्छे से फिट नहीं हो पा रहे। इन टूल्स में 'काम के ढांचे कमजोर हैं, ये संदर्भ के हिसाब से सीख नहीं पाते और रोजमर्रा के कामों के साथ तालमेल नहीं बना पाते।' यानी, ये टूल्स इंसानों की तरह न तो पुराने फीडबैक को याद रख पाते हैं और न ही समय के साथ अपनी समझ को बेहतर कर पाते।




### एआई फीडबैक सहेज नहीं पाते

स्टडी के मुताबिक, 'ज्यादातर जेनरेटिव एआई सिस्टम्स फीडबैक को सहेज नहीं पाते, न ही संदर्भ के हिसाब से ढल पाते हैं और न ही समय के साथ बेहतर होते हैं।' इस वजह से लंबे समय तक इन्हें कंपनी में लागू करना महंगा और बेअसर साबित हो रहा है।

### आउटसोर्सिंग पर लगेगी लगाम

एआई को लेकर एक बड़ा डर यह था कि ये लोगों की नौकरियां छीन लेगा। लेकिन एमआईटी की स्टडी इस डर को थोड़ा कम करती है। स्टडी में कहा गया कि फिलहाल एआई से बड़े पैमाने पर नौकरियां जाने की आशंका नहीं है। इसके बजाय, ये टूल्स कंपनियों के बाहरी खर्चों, जैसे आउटसोर्सिंग, को कम करने में ज्यादा असर दिखा सकते हैं। स्टडी में लिखा है, 'जब तक एआई सिस्टम्स के हिसाब से ढलना और खुद से काम करना नहीं सीख लेते, तब तक इनका असर कंपनियों के अंदरूनी ढांचे को बदलने की बजाय बाहरी खर्चों को कम करने में ज्यादा दिखेगा।'

## खबर संक्षेप



### शहद का निर्यात मूल्य 1,400 डॉलर न्यूनतम प्रति टन तय

**नई दिल्ली।** सरकार ने इस साल 31 दिसंबर तक प्राकृतिक शहद का न्यूनतम निर्यात मूल्य (एमईपी) 2,000 अमेरिकी डॉलर प्रति टन से घटाकर 1,400 अमेरिकी डॉलर प्रति टन कर दिया है। इस एमईपी से कम मूल्य पर निर्यात की अनुमति नहीं होगी। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने एक अधिसूचना में यह जानकारी दी। अधिसूचना के मुताबिक, 'प्राकृतिक शहद का एमईपी तत्काल प्रभाव से 31 दिसंबर, 2025 तक 2,000 अमेरिकी डॉलर प्रति टन से संशोधित कर 1,400 अमेरिकी डॉलर प्रति टन कर दिया गया है।'

### महिंद्रा को नए संयंत्र के लिए जमीन की तलाश

**नई दिल्ली।** महिंद्रा एंड महिंद्रा एक नया विनिर्माण संयंत्र स्थापित करने के लिए जमीन तलाश रही है, ताकि घरेलू और निर्यात बाजारों की जरूरतों को पूरा करने के लिए उत्पादन बढ़ाया जा सके। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। मुंबई स्थित इस ऑटो कंपनी ने अपने नए मॉड्यूलर मल्टी-एनर्जी एनयू आईक्यू मंच को पेश किया, जो एसयूवी की एक नई श्रृंखला का समर्थन करेगा। इसका पहला उत्पाद 2027 में आने की उम्मीद है।

### अमेजन ने साझेदारी में 40 आश्रय केंद्र शुरू किए

**नई दिल्ली।** ई-कॉमर्स क्षेत्र की दिग्गज कंपनी अमेजन इंडिया ने सोमवार को 'प्रोजेक्ट आश्रय' को आगे बढ़ाने की घोषणा की। इसके तहत, हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) के सहयोग से देशभर में सभी आपूर्ति साझेदारों के लिए 40 विश्राम केंद्र और शुरू किए जा रहे हैं। आश्रय केंद्र आपूर्ति साझेदारों के लिए विशेष रूप से बनाए गए विश्राम स्थल हैं।

## प्रस्तावित अमेरिकी शुल्क का नकारात्मक प्रभाव पड़ने की आशंका

# फिच रेटिंग्स ने मजबूत आर्थिक वृद्धि के चलते भारत की साख को 'बीबीबी-' पर कायम रखा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

**जीएसटी सुधार से उपभोग को मिलेगा बढ़ावा, वृद्धि संबंधी कुछ जोखिम कम हो जाएगे**

फिच रेटिंग्स ने वृद्धि दर एवं बाह्य मोर्चे पर मजबूत वित्तीय स्थिति के साथ भारत की साख को स्थिर परिदृश्य के साथ 'बीबीबी-' पर बरकरार रखा है। भारत पर प्रस्तावित 50 प्रतिशत अमेरिकी शुल्क से चालू वित्त वर्ष 2025-26 के लिए उसके सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की 6.5 प्रतिशत वृद्धि दर अनुमान पर मामूली नकारात्मक प्रभाव पड़ने की आशंका है।

फिच ने कहा, 'यदि प्रस्तावित माल एवं सेवा कर (जीएसटी) सुधार अपनाए जाते हैं, तो इससे उपभोग को बढ़ावा मिलेगा तथा वृद्धि संबंधी कुछ जोखिम कम हो जाएंगे।' केंद्र ने जीएसटी दरों को युक्तिसंगत बनाने पर गठित मंत्रिसमूह के समक्ष 'योग्यता' और ''मानक'' वस्तुओं व सेवाओं के लिए पांच और 18 प्रतिशत की द्वि-स्तरीय कर संरचना के साथ ही पांच से सात वस्तुओं के लिए 40 प्रतिशत की दर का प्रस्ताव रखा है।

### 12 और 28 फीसदी का स्लैब होगा समाप्त

इस प्रस्ताव में मौजूदा 12 और 28 प्रतिशत कर 'स्लैब' को समाप्त करना शामिल है। फिच ने कहा, '' भारत की रेटिंग को उसकी मजबूत वृद्धि और ठोस बाह्य वित्तीय स्थिति का समर्थन प्राप्त है।'' 'बीबीबी-' सबसे निचली निवेश श्रेणी की रेटिंग है। यह रेटिंग वैश्विक रेटिंग एजेंसी एसएंडपी द्वारा भारत की साख रेटिंग को एक पायदान बढ़ाकर 'बीबीबी' करने के एक पखवाड़े के भीतर आई है।




### कंपनियों का राजस्व 11 फीसदी बढ़ेगा : क्रिसिल

विविध इंजीनियरिंग, खरीद एवं निर्माण (ईपीसी) कंपनियों के राजस्व में चालू वित्त वर्ष 2025-26 में नौ से 11 प्रतिशत की मामूली वृद्धि का अनुमान है। रेटिंग एजेंसी क्रिसिल रेटिंग्स ने कहा कि बड़ी एवं विविध ईपीसी कंपनियों के लिए राजस्व में यह वृद्धि बुनियादी ढांचा पूंजीगत व्यय में स्थिर बढ़ोतरी, मजबूत ऑर्डर बुक और अनुकूल ऑर्डर मिश्रण के साथ परियोजना के तेज क्रियान्वयन के दम पर होने की उम्मीद है। क्रिसिल रेटिंग्स के अध्ययन में 15 ईपीसी कंपनियों को शामिल किया गया ।

### 14 अगस्त को 'बीबीबी-' से 'बीबीबी' कर दिया था

गौरतलब है कि एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने 14 अगस्त को भारत की साख को स्थिर परिदृश्य के साथ 'बीबीबी-' से बढ़ाकर 'बीबीबी' कर दिया था। एसएंडपी ने 18 वर्ष में पहली बार भारत की साख को बढ़ाया है। एक अन्य वैश्विक रेटिंग एजेंसी मॉर्निंग डीबीआरएस ने इस वर्ष मई में संरचनात्मक सुधारों का हवाला देते हुए भारत की रेटिंग बढ़ाकर 'बीबीबी' कर दी थी।

### वृद्धि दर 6.5 फीसदी रहने का अनुमान

एजेंसी ने वित्त वर्ष 2025-26 में सकल घरेल उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर के 6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है, जो वित्त वर्ष 2024-25 के समान है और 2.5 प्रतिशत के 'बीबीबी' औसत से काफी ऊपर है। इसने कहा कि भारत का आर्थिक परिदृश्य समकक्ष देशों की तुलना में मजबूत बना हुआ है, हालांकि पिछले दो वर्ष में इसकी गति धीमी हुई है।

### राजकोषीय मोर्चे पर चिंता जाहिर

एजेंसी ने कहा कि इसमें मजबूत सार्वजनिक पूंजीगत व्यय, निजी निवेश में वृद्धि और अनुकूल जनसांख्यिकी के कारण मध्यम अवधि में 6.4 प्रतिशत की वृद्धि क्षमता का अनुमान लगाया गया है। फिच ने कहा, 'यदि प्रस्तावित माल एवं सेवा कर (जीएसटी) सुधार अपनाए जाते हैं, तो इससे उपभोग को बढ़ावा मिलेगा तथा वृद्धि संबंधी कुछ जोखिम कम हो जाएंगे।' रेटिंग एजेंसी ने हालांकि 'बीबीबी' वर्ग के देशों की तुलना में उच्च घाटे और कर्ज का हवाला देते हुए फिच ने राजकोषीय मोर्चे पर चिंता जाहिर की है।

## सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने किया अपनी नई शाखा का उद्घाटन



### ग्राहकों को मिलेंगी नई सुविधाएं, सबने सराहा

**नई दिल्ली ।** सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने ग्राहक सेवा को और सशक्त बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए अपनी नई शाखा का शुभारम्भ नजफगढ़ रोड, कीर्ति नगर प्रांगण (शाखासंख्या 0313, दिल्ली सेंट्रलक्षेत्र) में किया। इस भव्य समारोह का उद्घाटन मुकुल एन.दांडिगे, मुख्य महाप्रबंधक, केन्द्रीय कार्यालय, मुंबई में किया। इस अवसर पर उनके साथ विशेष रूप से उपस्थित रहे शीश राम तुन्दवाल, अंचल प्रमुख दिल्ली, सन्नी कालरा, क्षेत्रीय प्रमुख, दिल्ली सेंट्रल तथा आशीष कुमार, शाखा प्रबंधक। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक दीप प्रज्वलन और रिबन काटने के साथ हुई। इसके बाद अतिथियों ने शाखा प्रांगण का निरीक्षण किया और ग्राहकों को मिलने वाली नई सुविधाओं की सराहना की।

**PUBLIC NOTICE**

This is to inform public in general that Kotak Mahindra bank Ltd has organized an auction in below mention respect of Vehicles.

**VEHICLES FOR SALE**

1 ) ASHOK_LEY ALEC1012FB
REG. NO. UP16GT2355-YOM-2019
MINIMUM RESERVE PRICE 6,06,224

UNDER HYPOTHECATION WITH M/S KOTAK MAHINDRA BANK IS UNDER SALE IN ITS "AS IS WHERE IS CONDITION"INTERESTED PARTIES CAN GIVE THEIR QUOTATIONS (ONLINE/OFFLINE) WITHIN 7 DAYS FROM THIS PAPER PUBLICATION I.E. ON OR BEFORE 02-09-2025 (PLEASE NOTE THAT CLOSING AUCTION DATE WOULD NOT BE A WEEKLY OFF / HOLIDAY).
BRANCH ADDRESS:
KOTAK MAHINDRA BANK
3RD FLOOR, PLOT NO 7, SECTOR 125, NOIDA-201313 OR
CONTACT : PUNIT PARASHAR
KOTAK MAHINDRA BANK LTD.
CONTACT NO. 8377905498
EMAIL–punit.parshar@kotak.com

**भारतीय रेल**

भारत सरकार GOVERNMENT OF INDIA
रेल मंत्रालय MINISTRY OF RAILWAYS
(रेलवे बोर्ड RAILWAY BOARD)

सं.2025 / आरएस (डब्ल्यूटीए)–149 / टेंडर / 562 नई दिल्ली, दिनांक 25 / 08 / 2025

विषयः– भारतीय रेल के लिए ईएमयू हेतु मोटर सवारी डिब्बा धुरों और ट्रेलर सवारी डिब्बा धुरों की खरीद के लिए दिनांक 17.09.2025 को खोली जाने वाली ई–निविदा संख्या डब्ल्यूटीए– 562.


भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से ड्रॉइंग सं. 21102002 ऑल्ट–एच के साथ विनिर्देश सं. भारेमा आर–43 / 25 वाले ईएमयू मोटर सवारी डिब्बों के लिए धुरे; और ड्रॉइंग सं. 21602204 ऑल्ट–'जे' के साथ विनिर्देश सं. भारेमा आर–16 / 95 (संशोधन–1) वाले ईएमयू ट्रेलर सवारी डिब्बों के लिए धुरे की खरीद के लिए इलैक्ट्रॉनिक बोलियां आमंत्रित की जाती हैं इच्छुक बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे आगे के ब्यौरों के लिए, निविदा दस्तावेजों को डाउनलोड करने एवं अपनी ई–बोलियां जमा कराने के लिए http://ireps.gov.in वेबसाइट देखें। इस निविदा से संबंधित कोई भी अन्य शुद्धिपत्र केवल वेबसाइट http://ireps.gov.in पर अपलोड किया जाएगा, और प्रिंट मीडिया में अपलोड नहीं किया जाएगा ।

निदेशक, रेल भंडार (एम) रेल मंत्रालय (रेलवे बोर्ड)
रेल भवन रायसीना रोड, नई दिल्ली–110001.
टेली. सं. 011–23073191 ई–मेल आईडी–drsm@rb.railnet.gov.in
2580/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## इम्यूनोग्रिट करेगा अजरता-अमरता के वरदान को सिद्धआयुर्वेद हमारी परंपरा व हमारे ऋषि-मुनियों का ज्ञान : आचार्य बालकृष्ण

**हरिद्वार।** पतंजलि के वैज्ञानिकों ने पुनः सिद्ध कर दिया है कि हमारे पौराणिक ग्रंथों में वर्णित अष्टवर्ग जड़ी-बूटियों के द्वारा प्राप्त अजरता–अमरता का वरदान मात्र मिथ्या नहीं हैं, इसमें सत्यता भी निहित है। पतंजलि के वैज्ञानिकों ने अष्टवर्ग एवं अन्य प्राकृतिक जड़ी-बूटियों से निर्मित औषधि इम्यूनोग्रिट पर किए गए शोध के द्वारा सिद्ध कर दिया है कि इस औषधि के द्वारा असमय



आने वाले बुढ़ापे को प्रभावी रूप से धीमा किया जा सकता है। इस अवसर पर आचार्य बालकृष्ण जी ने कहा कि तनाव, चिंता, प्रदूषण और गलत जीवनशैली हमें असमय बुढ़ापे की ओर ले जा रही है। आजकल 35-40 वर्ष की आयु में चेहरे पर झुर्रियां, माथे पर लकीरे होना आम बात हो गई है। एलोपैथिक चिकित्सा और महंगे-महंगे इंजेक्शन द्वारा लोग इस समस्या का अस्थाई समाधान खोजने में लगे हैं।

## सोना 200 रुपये टूटा, चांदी स्थिर

**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजारों में मंदी के रुख के अनुरूप स्टॉकिस्ट की बिकवाली के कारण राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 200 रुपये टूटकर 1,00,170 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। शुक्रवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,00,370 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। राष्ट्रीय राजधानी में, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना सोमवार को 150 रुपये टूटकर 99,900 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गया। पिछले सत्र में यह 1,00,050 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, ''डॉलर में तेजी और बॉन्ड प्रतिफल में सुधार के कारण सोमवार को सोने की कीमतों में गिरावट आई। संघ के अनुसार, इस बीच चांदी की कीमतें 1,15,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर स्थिर रहीं।

## आईटी शेयरों में खरीदारी से सेंसेक्स 329 अंक चढ़ा

**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजार में सोमवार को तेजी लौटी और दोनों मानक सूचकांक बढ़त में रहे। अमेरिकी फेडरल रिजर्व के नीतिगत दर में कटौती की उम्मीद से वैश्विक शेयर बाजारों में तेजी के बीच आईटी और वाहन शेयरों में भारी लिवाली से बीएसई सेंसेक्स 329 अंक चढ़ा जबकि एनएसई निफ्टी 98 अंक के लाभ में रहा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 329.06 अंक चढ़कर 81,635.91 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 492.21 अंक तक चढ़ गया था। निफ्टी 97.65 अंक बढ़कर 24,967.75 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में इन्फोसिस का शेयर सबसे ज्यादा 3.03 प्रतिशत चढ़ा। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज 2.85 प्रतिशत, एचसीएल टेक 2.6 प्रतिशत और टेक महिंद्रा 1.32 प्रतिशत के लाभ में रहा। इसके अलावा, टाटा मोटर्स, सन फार्मा, मारुति और टाइटन प्रमुख रूप से लाभ में रहीं।

**कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग (भ/स) अम्बिकापुर मण्डल अम्बिकापुर**

निविदा आमंत्रण तिथि :- 23.08.2025
ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना

01. निविदा की विस्तृत जानकारी के लिये Log in करें http://eproc.cgstate.gov.in
02. संबंधित संभाग- स.क्र. 1 से 2 जशपुर, स.क्रं. 3 से 5 मनेन्द्रगढ़ संभाग
03. स.क्रं. 1 - 'द' वर्ग एवं ऊपर ठेकेदार, स.क्रं. 2 से 5 - 'स' वर्ग एवं ऊपर ठेकेदार
04. ऑनलाईन निविदा डालने की अंतिम तिथि- 15.09.2025

| सरल क्र. | एन.आई. टी. क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 169 | लो.नि.वि. उपसंभाग बगीचा के अंतर्गत 10 मार्गों लंबाई 33.00 कि.मी. में बी. टी. पैच रिपेयर का कार्य। 1. पण्ड्रापाठ - भड़िया मार्ग कि.मी. 11 से 14/ 4 लं. 4.40 कि.मी.। 2. पण्ड्रापाठ-सुलेसा मार्ग कि.मी. 7,8,9 = 3.00 कि.मी.। 3. सुलेसा - महनई मार्ग कि.मी. 6 से 9 = 4.00 कि.मी. । 4. सरडीह पहुंच मार्ग कि.मी. 3, 4 = 2.00 कि.मी.। 5. सराईपानी-बगीचा मार्ग कि.मी. 45 से 47/6 = 2.80 कि.मी.। 6. सन्ना -चम्पा मार्ग कि. मी. 9 एवं 15 = 2.00 कि.मी.। 7. बगीचा-रेंगले-बेतरा मार्ग कि.मी. 1 से 3 = 3.00 कि.मी.। 8. छिछली-चलनी मार्ग कि.मी. 1 से 2=2.00 कि.मी.। 9. गम्हारकोना-कोदोपारा मार्ग। कि.मी. 1 से 4 / 8 = 3.80 कि.मी.। 10. महादेवडांड़-जूंरुडांड़ - पिरई मार्ग कि.मी. 1 से 6=6.00 कि.मी.। (प्रथम आमंत्रण) | 100.00 |
| 2 | 170 | लो.नि.वि. उपसंभाग क्र. 2 जशपुर के अंतर्गत 06 मार्गों लंबाई 35.24 कि.मी. में बी. टी. पैच रिपेयर का कार्य। 1. जशपुर - सन्ना मार्ग कि.मी. 14/6 से 31/10 = 17.60 कि.मी., 2. टेम्पू-केराकोना मार्ग लं. 1.80 कि.मी.।, 3. सन्ना मुख्य मार्ग से करदना पहुंच मार्ग लं. 2.40 कि.मी., 4. सन्ना मुख्य मार्ग से छतौरी पहुंच मार्ग लं. 1.90 कि.मी.।, 5. खोखसो-बेंजोरा से लुखी - मधवा मार्ग लं. 7.34 कि.मी.।, 6. खोंगा से खौरा मार्ग लं. 4.20 कि.मी. (प्रथम आमंत्रण) | 150.00 |
| 3 | 171 | उपसंभाग मनेन्द्रगढ़ के अंतर्गत निम्न मार्ग में बी. टी. पैच रिपेयर कार्य। 1. केन्दई-बरदर-बैकुण्ठपुर-सोनहत-रामगढ़- म.प्र. सीमा मार्ग (एस.एच.-15), 2. मनेन्द्रगढ़ केल्हारी जनकपुर मार्ग (एस.एच.-08), 3. बिहारपुर बदरा सोनहत मार्ग (मुख्य जिला मार्ग), 4. बैकुण्ठपुर बड़गांव पतरापाली बचरापोडी रतनपुर मार्ग (मुख्य जिला मार्ग), 5. कोरबा चिरमिरी मार्ग (मुख्य जिला मार्ग), 6. नागपुर चिरमिरी मार्ग (मुख्य जिला मार्ग), 7. उधनापुर - बुंदेली मार्ग (ग्रामीण मार्ग), 8. पाराडोल मेरो मार्ग (ग्रामीण मार्ग), 9. मेरो से कदरेवा मार्ग (ग्रामीण मार्ग) (प्रथम आमंत्रण) | 200.00 |
| 4 | 172 | उपसंभाग बैकुण्ठपुर के अंतर्गत राज्यमार्ग मुख्य जिला मार्ग एव ग्रामीण मार्गो में बी.टी. पैच रिपेयर कार्य। 1. केन्दई - चोटिया-खडगवां-बैकुण्ठपुर-सोनहत-रामगढ़ मार्ग (एस.एच.-15), 2. भाड़ी-कुडेली-पटना मार्ग (मुख्य जिला मार्ग), 3. झुमरपारा भैयाथान पहुँच मार्ग (ग्रामीण मार्ग), 4. खेडरी-डबरापारा मार्ग (ग्रामीण मार्ग) 5. खरवत आनी (ग्रामीण मार्ग), 6. तलवापरा पहुँच मार्ग ( ग्रामीण मार्ग), 7. सलका से विशुनपुर मार्ग (ग्रामीण मार्ग), 8. अमरपुर - चिरमिरी मार्ग (ग्रामीण मार्ग), 9. नगर अकलासरई मार्ग (ग्रामीण मार्ग) (प्रथम आमंत्रण) | 200.00 |
| 5 | 173 | उपसंभाग जनकपुर के अंतर्गत निम्न मार्गों में बी. टी. पेच रिपेयर कार्य। 1. ओड़गी- आमगांव-नदीपारा मार्ग (ग्रामीण मार्ग), 2. नरकेली जामपानी मार्ग (ग्रामीण मार्ग), 3. देवरी बड़गांव पहुँच मार्ग (ग्रामीण मार्ग), 4. आमापारा पहुँच मार्ग (ग्रामीण मार्ग) 5. जनकपुर-कोटाडोल मार्ग (एस.एच-03), 6. मनेन्द्रगढ़-केल्हारी-जनकपुर मार्ग (एस.एच.-08) (प्रथम आमंत्रण) | 165.00 |

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग, अम्बिकापुर मण्डल अम्बिकापुर
G-252603051/3

## राशिफल

**मेष** कार्यक्षेत्र में परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में व्यवधान आ सकते हैं, खर्चों में वृद्धि होगी। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं।

**वृष** कार्यों के प्रति उत्साह रहेगा, परंतु बातचीत में संतुलित रहें। मन अशांत रहेगा, धर्म–कर्म के प्रति रूझान बढ़ेगा। खर्चों में वृद्धि होगी, स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**मिथुन** अपनी भावनाओं को वश में रखें, आत्मविश्वास में कमी आएगी। क्रोध के अतिरेक से बचें, पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ सकती है।

**कर्क** आत्मविश्वास में कमी आएगी, शांत रहें। सुस्वाद खान–पान में रुचि बढ़ेगी, संचित धन में कमी आएगी, लेखनादि, बौद्धिक कार्यों से धर्नाजन हो सकता है।

**सिंह** पठन–पाठन में रुचि रहेगी, पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, संपत्ति का विस्तार हो सकता है।

**कन्या** नौकरी में परिवर्तन के साथ दूसरे स्थान पर भी जाना पड़ सकता है। आयात–निर्यात कारोबार में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

**तुला** आलस्य की अधिकता रहेगी, घर–परिवार की सुख सुविधाओं का विस्तार होगा। जीवन साथी से मनमुटाव हो सकता है। परिश्रम की अधिकता रहेगी।

**वृश्चिक** वाणी में कठोरता के भाव रहेंगे, वस्त्रों आदि के प्रति रूझान बढ़ेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। संचित धन में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं।

**धनु** रहन–सहन में असहज रहेंगे, मीठे खान–पान की ओर रूझान बढ़ेगा। संपत्ति से आय में बढ़ोत्तरी हो सकती है, नौकरी में स्थान परिवर्तन संभव है।

**मकर** आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, अध्ययन में रूचि रहेगी। संपत्ति के रखरखाव पर खर्चे बढ़ सकते हैं। चिकित्सा कार्यों में खर्च बढ़ सकते हैं।

**कुंभ** परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जाना हो सकता है। खान–पान के प्रति सचेत रहें, स्वास्थ्य में गड़बड़ी हो सकती है।

**मीन** रहन–सहन कष्टकारी हो सकता है, अफसरों का सहयोग मिलेगा। परिवार का भी सहयोग मिलेगा, वस्त्रों आदि पर खर्चों में वृद्धि हो सकती है।

**हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन**


**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**चिकित्सा**

सेक्स रोगों के लिए सलाह मुफ़्त
अशोक क्लीनिक
निकट पीतमपुरा मेट्रो स्टेशन दिल्ली
9811092140 संडे क्लोज


## शब्द पहेली - 5969




**बाएँ से दाए-**
1. ईश्वर, करतार-3
3. मुस्कुराहट-3
5. ईख-2
6. रजनीगंधा -2, 1, 2
9. समुद्र तट (अंग्रेजी-2)
11. ताकत, दम-2
12. अमिताभ व किमी काटकर की फिल्म-2
13. वेतन, पगार-3
16. मनोनीत, नामकृत-3
18. बंधक, गिरवी वस्तु-3
20. निशा, रात्री-3
22. वचन, प्रतिज्ञा-3
23. श्रीनगर की झील-2
24. मूल्य, कीमत-2
25. असावधान-3
28. धिक्कार, फटकार-3
30. हवा, पवन-3
31. झाझर, कुंभ-3
33. चिंतन-3
35. संस्कृत में मेरा-2
36. मादा का विलोम-2
38. कुबेर, भूत-2
40. परोपकारी, जितेंद्र की एक फिल्म-5
41. फलों का राजा-2
42. फूल चुननेवाली-3
43. घोड़ों की देखभाल करनेवाला-3

**ऊपर से नीचे**
1. तमिल भाषा में बड़ा भाई-2
2. बेकार-3
3. दीवान, खजांची-3
4. पैगंबर, रसूल-2
5. झूठ, मिथ्या -3
7. तेल में पकाना-3
8. आराम, मदद-3
10. गुलिस्ता-3
14. नरकभोगी-5
15. खुजली-2
17. सखा, दोस्त-2
18. मजा, आनंद-2
19. स्वदेशवासी-5
21. सुई (अंग्रेजी-3)
22. विष्णुप्रिया-3
26. पुनः, वापस-2
27. मर्करी, पारद-2
29. भीगा हुआ-2
30. वक्त, टाईम-3
31. अच्छी बुद्धि-3
32. निम्नता-3
34. मुलायम-3
35. बड़ा, विशाल-3
37. धनवान-3
39. माफी-2
41. उम्मीद-2

**शब्द पहेली -5968 का हल**





## खबर संक्षेप



### महिला क्रिकेट विश्व कप : पाकिस्तान की टीम घोषित फातिमा सना को कमान

**लाहौर।** हाल ही में आयरलैंड के खिलाफ टी20 मैच के जरिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करने वाली बल्लेबाज इमन फातिमा को भारत और श्रीलंका में होने वाले आईसीसी महिला विश्व कप के लिए फातिमा सना की कप्तानी वाली 15 सदस्यीय पाकिस्तानी टीम में शामिल किया गया है। इमन ने मई में पाकिस्तान के राष्ट्रीय टी20 टूर्नामेंट में भी शानदार प्रदर्शन किया था। पिछले विश्व कप में पाकिस्तान के लिए खेल चुकी 23 वर्ष की सना 30 सितंबर से 2 नवंबर तक होने वाले टूर्नामेंट में पहली बार कप्तानी करेंगी। आईसीसी क्वालीफायर खेल चुकी पाकिस्तानी टीम में दो बदलाव करते हुए गुल फिरोजा और नजीहा अल्वी की जगह इमन और सदफ को शामिल किया गया है। फिरोजा, अल्वी, तुबा हसन, उम्म ए हनी और वहीदा अख्तर रिजर्व खिलाड़ी होंगे।

### टेस्ट क्रिकेट चुनौतीपूर्ण और थका देने वाला : रोहित



**मुंबई।** पूर्व भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने अपने टेस्ट करियर के कुछ पहलुओं पर विचार करते हुए कहा कि यह प्रारुप चुनौतीपूर्ण और थका देने वाला है लेकिन उन्होंने अपनी तैयारी पर ध्यान देकर खुद को टेस्ट क्रिकेट में खेलने के लिए तैयार किया। रोहित ने इस साल मई में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। इस 38 वर्षीय बल्लेबाज ने 67 टेस्ट मैच में 40.58 की औसत से 4301 रन बनाए। उन्होंने इससे एक साल पहले टी20 विश्व कप जीतने के बाद क्रिकेट के सबसे छोटे प्रारुप से संन्यास ले लिया था। रोहित ने कहा, 'यह ऐसी चीज है जिसके लिए आपको तैयारी करनी होती है, क्योंकि इस खेल में आपको लंबे समय तक मैदान पर रहना होता है विशेष कर टेस्ट क्रिकेट में, जिसमें आपको पांच दिन तक खेलना होता है।

### डब्ल्यूएफआई ने नेहा को किया निलंबित



**नई दिल्ली।** अधिक वजन के कारण हाल ही में अंडर-20 विश्व चैंपियनशिप में अयोग्य घोषित की गई पहलवान नेहा सांगवान को सोमवार को भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने 'लगातार वजन प्रबंधन संबंधी समस्याओं' के कारण सीनियर विश्व चैंपियनशिप टीम से बाहर करने के अलावा दो साल के लिए निलंबित कर दिया। हरियाणा की नेहा को पिछले हफ्ते बुल्गारिया के समोकोव में महिलाओं के 59 किग्रा वर्ग में प्रतिस्पर्धा करनी थी लेकिन उनका वजन निर्धारित सीमा से लगभग 600 ग्राम अधिक था। आयोजकों ने उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया और भारत उस भार वर्ग में प्रतिनिधित्व नहीं कर सका। भारत की महिला टीम ने सात पदक जीते और जापान के बाद उपविजेता रही।

### एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 15 खिलाड़ी लेंगे हिस्सा

**नई दिल्ली।** अगले महीने टोक्यो में होने वाली एथलेटिक्स विश्व चैंपियनशिप में लगभग 15 भारतीय खिलाड़ियों के भाग लेने की संभावना है जबकि हंगरी में 2023 विश्व चैंपियनशिप में देश के 28 खिलाड़ियों ने भाग लिया था। बुडापेस्ट में 2023 में हुए विश्व चैंपियनशिप में नीरज चोपड़ा ने भाला फेंक में स्वर्ण जीता था। देश के रिले दौड़ के लिए क्वालीफाई करने की उम्मीद नहीं होने के कारण, विश्व चैंपियनशिप में भाग लेने वाले भारतीयों की संख्या में कमी आई है। भारत ने 2023 में पुरुषों की चार गुणा 400 मीटर रिले के लिए सात धावक नामित किए थे और चौकड़ी ने तत्कालीन एशियाई रिकॉर्ड कायम किया था। इस चौकड़ी ने पांचवां स्थान हासिल किया था। पिछले सत्र की तरह तोक्यो में भी पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा में कम से कम तीन भारतीयों के प्रतिस्पर्धा करने की संभावना है।

# सीएएफए नेशन्स कप: कोच जमील के मार्गदर्शन में पहला टूर्नामेंट खेलेगी भारतीय टीम

## गोलकीपर गुरप्रीत सिंह की वापसी, ताजिकिस्तान में 29 अगस्त से शुरू होगी स्पर्धा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बेंगलुरु। भारतीय फुटबॉल टीम के नए मुख्य कोच खालिद जमील ने 29 अगस्त से शुरू हो रहे सीएएफए नेशन्स कप के लिए सोमवार को 23 सदस्यीय भारतीय टीम की घोषणा की। राष्ट्रीय टीम का जमील के मार्गदर्शन में यह पहला टूर्नामेंट होगा। भारतीय टीम टूर्नामेंट में हिस्सा लेने के लिए ताजिकिस्तान जाएगी, जहां उसे ग्रुप बी में मेजबान, गत चैंपियन ईरान और अफगानिस्तान के साथ रखा गया है। गोलकीपर गुरप्रीत सिंह की टीम में वापसी हुई है।

### ईरान के खिलाफ 1 को मुकाबला

भारत मेजबान ताजिकिस्तान से 29 अगस्त को भिड़ेगा जबकि ईरान के खिलाफ एक सितंबर और अफगानिस्तान के खिलाफ चार सितंबर को खेलेगा। जमील ने 29 खिलाड़ियों की मौजूदगी में हुए शिविर के बाद अंतिम टीम का चयन किया है। मोहन बागान ने अपने सात खिलाड़ियों को टूर्नामेंट के लिए छोड़ने से इनकार कर दिया क्योंकि यह प्रतियोगिता फीफा विंडो (अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए फीफा द्वारा निर्धारित समय) का हिस्सा नहीं है। ईस्ट बंगाल के अनवर अली, नाओरेम महेश सिंह और जैकसन सिंह थोनाओजम पिछले शुक्रवार को शिविर से जुड़े जबकि जितिन एमएस क्लब के साथ अपनी प्रतिबद्धताएं पूरी करने के बाद रविवार को शिविर का हिस्सा बने।



**भारतीय टीम** - **गोलकीपर** : गुरप्रीत सिंह संधू, अमरिंदर सिंह, ऋतिक तिवारी। **डिफेंडर**: राहुल भेके, नाओरेम रोशन सिंह, अनवर अली, संदेश झिंगन, चिंगलेनसाना सिंह, हिंगथनमाविया राल्ते, मुहम्मद उवई। **मिडफील्डर**: निखिल प्रभु, सुरेश सिंह वांगजाम, दानिश फारूक भट, जैकसन सिंह, बोरिस सिंह, आशिक कुरुनियन, उदांता सिंह, नाओरेम महेश सिंह। **फारवर्ड**: इरफान यदवाड, मनवीर सिंह (जूनियर), जितिन एमएस, लालियानजुआला चांगटे, विक्रम प्रताप सिंह। **मुख्य कोच**: खालिद जमील।

### करिश्माई सुनील छेत्री टीम से बाहर

जमील ने इन चारों को सीएएफए नेशन्स कप के लिए चुना है। अनुभवी गोलकीपर गुरप्रीत सिंह की टीम में वापसी हुई है। करिश्माई सुनील छेत्री टीम का हिस्सा नहीं हैं क्योंकि जमील ने उन्हें शिविर के लिए नहीं बुलाया है। मोहन बागान के लिस्टन कोलासो, मनवीर सिंह और सुभाशीष बोस भी टीम का हिस्सा नहीं हैं क्योंकि उनके क्लब ने उन्हें राष्ट्रीय शिविर में भेजने से इनकार कर दिया था। टूर्नामेंट के प्रारुप के अनुसार प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीम आठ सितंबर को होने वाले प्ले ऑफ में जगह बनाएंगी। ग्रुप के उप विजेता दुशांबे में तीसरे स्थान के मुकाबले में खेलेंगे जबकि ग्रुप विजेताओं के बीच फाइनल ताशकंद में होगा। जमशेदपुर एफसी के मुख्य कोच के रूप में प्रभावित करने वाले जमील को भारतीय टीम का आत्मविश्वास बढ़ाना होगा, जिसे एएफसी एशियाई कप क्वालीफायर में जूझना पड़ा है। शुरुआती दो मैच के बाद उसका सिर्फ एक अंक है और टीम अंतिम स्थान पर चल रही है।

### खिलाड़ियों की अनुपलब्धता को नहीं दी तवज्जो : जमील

**बेंगलुरु।** भारत के नए मुख्य कोच खालिद जमील ने सोमवार को आगामी सीएएफए नेशंस कप के लिए राष्ट्रीय शिविर में कुछ शीर्ष खिलाड़ियों की अनुपलब्धता के बारे में चल रही चर्चा को तवज्जो नहीं देते हुए कहा कि टीम अगामी चुनौती के लिए तैयार है। इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) चैंपियन मोहन बागान सुपरजायंट ने अपने सात खिलाड़ियों को शिविर के लिए छोड़ने से इनकार कर दिया था। मोहन बागान का तर्क था कि उसके लिए ऐसा करना अनिवार्य नहीं है क्योंकि यह टूर्नामेंट फीफा अंतरराष्ट्रीय विंडो में नहीं आता। मोनालो मार्क्वेज की जगह भारतीय टीम के मुख्य कोच बने जमील को 29 खिलाड़ियों के शिविर में से अपने अंतिम 23 सदस्यों के टीम का चयन करना था। जमील ने भारत के मुख्य कोच के तौर पर अपनी पहले संवाददाता सम्मेलन में कहा, ' चुनौतियों की बात करें तो कुछ क्लब कुछ कारणों से खिलाड़ियों को नहीं छोड़ रहे हैं। हम घरेलू सत्र शुरू होने से पहले यह टूर्नामेंट खेल रहे हैं।

## जीत का रिकॉर्ड 19-0 किया, लर्नर टियेन को 6-1, 7-6, 6-2 से मात दी

# अमेरिकी ओपन : चोटिल जोकोविच ने बाधाओं को पार कर जीता पहला दौर

एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क

नोवाक जोकोविच थके हुए दिखे, चोटिल और उम्रदराज भी लेकिन इन सभी बाधाओं से पार पाकर अमेरिकी ओपन के पहले दौर में जीत दर्ज की। 24 बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन जोकोविच ने अमेरिकी ओपन के पहले दौर में जीत का रिकॉर्ड 19-0 कर लिया और पैर की तकलीफ के बावजूद लर्नर टियेन को 6-1, 7-6, 6-2 से मात दी। जोकोविच ने दूसरे सेट में कई बार अपना हाथ घुटने पर रखा और फिर उन्हें उपचार भी लेना पड़ा। तीसरे सेट के पहले गेम में अपनी सर्विस टूटने के बाद उन्होंने अगले पांच गेम जीतकर वापसी की।


### पहला सेट सिर्फ 24 मिनट में जीता

उन्होंने जीत के बाद कहा,' पता नहीं क्या हुआ। मुझे कोई चोट भी नहीं लगी है लेकिन परेशानी हो रही थी।' विम्बलडन सेमीफाइनल में यानिक सिनेर से हारने के बाद यह उनका पहला मैच था। अड़तीस बरस के इस धुरंधर ने पहला सेट सिर्फ 24 मिनट में जीता लेकिन करीब एक घंटे तक चले दूसरे सेट में थके हुए दिखे। तीसरे सेट में उन्होंने वापसी की और ग्रैंडस्लैम के पहले दौर में लगातार 75वां मैच जीता।





### दूसरे दौर में पेगुला और पाओलिनी



चौथी वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला ने मिस्र की मेयर शेरिफ को 6-0, 6-4 से शिकस्त देकर यूएस ओपन के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया है। यह मुकाबला एक घंटे 15 मिनट तक चला। अब जेसिका पेगुला का सामना एन्ना ब्लिंकोवा से होगा, जिन्होंने पहले दौर के एक अन्य मुकाबले में यूलिया स्टारोडुबत्सेवा को 6-3, 6-1 से हराया। दूसरे सेट में, शेरिफ ने अपनी लय पकड़ी और अमेरिकी खिलाड़ी की सर्विस तोड़कर 4-1 की बढ़त बना ली। हालांकि, पेगुला ने अपनी लय वापस पाते हुए जीत दर्ज की। इस बीच, सातवीं वरीयता प्राप्त जैस्मिन पाओलिनी ने क्वालीफायर डेस्टेनी ऐवा को 6-2, 7-6(4) से हराकर यूएस ओपन के दूसरे दौर में प्रवेश किया।

### दूसरे दौर में सबालेंका

**न्यूयॉर्क।** अमेरिकी ओपन 2021 जीतने वाली एम्मा राडुकानू ने 18 वर्ष की उम्र में एक क्वालिफायर के तौर पर खिताब जीतने के बाद यहां पहली जीत दर्ज करते हुए जापान की क्वालिफायर एना स्निबाहारा को 6-1, 6-2 से मात दी। गत चैंपियन एरिना सबालेंका ने स्विटरलैंड की रेबेका मासारोवा से मिली कड़ी चुनौती का सामना करके 7-5, 6-1 से जीत के साथ अमेरिकी ओपन के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया। तीन बार की ग्रैंडस्लैम चैंपियन और दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी सबालेंका इस साल पहले तीन ग्रैंडस्लैम में खिताब नहीं जीत सकी हैं। उन्होंने कहा,'मैं सत्र का समापन ग्रैंडस्लैम खिताब और नंबर वन रैंकिंग के साथ करना चाहती हूं।' अब उनका सामना पोलिना मुदेरमेतोवा से होगा जिन्हें फरवरी में दुबई में वह हरा चुकी हैं।



### राडुकानू ने पहला मैच जीता

अमेरिकी ओपन 2021 जीतने वाली एम्मा राडुकानू ने 18 वर्ष की उम्र में एक क्वालिफायर के तौर पर खिताब जीतने के बाद यहां पहली जीत दर्ज करते हुए जापान की क्वालिफायर एना स्निबाहारा को 6-1, 6-2 से मात दी। चार साल पहले खिताब जीतकर सभी को चौंका देने वाली राडुकानू 2022 में पहले दौर में हार गई, जबकि 2023 में कलाई और टखने के आपरेशन के कारण खेल नहीं सकी। पिछले साल भी वह पहले दौर में हार गई थीं। अब 22 साल की हो चुकी ब्रिटेन की राडुकानू ने इस सत्र में अच्छा प्रदर्शन करते हुए रैंकिंग में 70वें से 36वां स्थान हासिल कर लिया।

## राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप

# एक साल बाद मीराबाई की वापसी गोल्ड जीत बनाया नया रिकॉर्ड



एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

एक साल के लंबे अंतराल के बाद वापसी करने वाली मीराबाई चानू ने अपनी ख्याति के अनुरुप प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रमंडल भारोत्तोलन चैंपियनशिप में नए रिकॉर्ड बनाकर स्वर्ण पदक जीता। तोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता मीराबाई ने महिलाओं के 48 किग्रा वजन वर्ग में कुल 193 किग्रा (84 किग्रा + 109 किग्रा) वजन उठाकर राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप में कुल, स्नैच और क्लीन एंड जर्क के रिकॉर्ड तोड़कर पहला स्थान हासिल किया।

### पहले प्रयास में लड़खड़ाई

31 वर्षीय खिलाड़ी इससे पहले 49 किग्रा में भाग लेती थी लेकिन यह वजन वर्ग अब ओलंपिक में शामिल नहीं है। मीराबाई पिछले साल अगस्त में पेरिस ओलंपिक के बाद पहली बार किसी प्रतियोगिता में भाग ले रही है। पेरिस ओलंपिक में वह चौथे स्थान पर रही थी। मी रा बा ई चोटिल होने के कारण पिछले एक साल में किसी भी प्रतियोगिता में भाग नहीं ले पाई थी इसलिए उन्हें लय हासिल करने में भी समय लगा। स्नैच में 84 किग्रा के अपने पहले प्रयास में वह लड़खड़ा गईं। उनके दाहिने घुटने में तकलीफ दिखाई दी, लेकिन दूसरे प्रयास में उन्होंने उतना ही वजन उठाया। 89 किग्रा का उनका तीसरा प्रयास भी असफल रहा। कोई वास्तविक प्रतिस्पर्धा न होने के कारण मीराबाई असल में खुद से ही मुकाबला कर रही थीं। उन्होंने क्लीन एंड जर्क में 105 किग्रा भार उठाकर शुरुआत की। उन्होंने इसे बढ़ाकर 109 किग्रा कर लिया, लेकिन 113 किग्रा का अपना अंतिम प्रयास पूरा नहीं कर सकीं।

# नीरू ने ट्रैप में स्वर्ण, भवनीश ने रजत और आशिमा ने कांस्य जीता

**शिमकेंट।** राष्ट्रीय खेलों की चैंपियन नीरू ढांडा ने सोमवार को यहां एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप में महिला ट्रैप स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता जबकि अन्य भारतीय खिलाड़ियों में भवनीश मेंदिरत्ता ने रजत और आशिमा अहलावत ने कांस्य पदक हासिल किया। नीरू ने फाइनल में 43 अंक बनाकर कतर की बासिल रे (37) और आशिमा (29) को पछाड़कर पहला स्थान हासिल किया। पुरुषों के ट्रैप फाइनल में भवनीश मेंदिरत्ता ने 45 अंक बनाकर रजत पदक जीता। चीन के निशानेबाज यिंग की (47) और पेंग्यू चेन (35) ने क्रमशः स्वर्ण और कांस्य पदक जीते। भवनीश क्वालीफिकेशन में चौथे स्थान पर रहे थे, जबकि कायनन चेनाई 15वें स्थान पर रहे। लक्ष्य श्योराण 41वें स्थान पर रहे। पहले दो ओलंपिक पदक जीत चुकी भारतीय निशानेबाज मनु भाकर महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में चौथे स्थान पर रही जबकि जूनियर वर्ग में भारतीयों का दबदबा रहा। नीरू, आशिमा और प्रीति रजक ने महिलाओं की ट्रैप स्पर्धा में 319 अंक के साथ टीम स्वर्ण पदक भी जीता। भारतीय टीम चीन और कुवैत से आगे रही। नीरू और आशिमा ने शूट-ऑफ के बाद क्रमशः पांचवें और छठे स्थान पर रहकर छह महिलाओं के फाइनल में प्रवेश किया। नी रू भारतीय ट्रैप निशानेबाज लक्ष्य श्योराण की चचेरी बहन हैं और उन्हें खेलते हुए देखने के बाद उन्होंने इस खेल को अपनाया। महिलाओं की 25 मीटर एयर पिस्टल में भारत की ही ईशा सिंह आठ महिलाओ के फाइनल में छठे स्थान पर रही। मनु ने 25 स्कोर किया और तीसरे स्थान पर रही वियतनाम की तू विन्ह त्रिन्ह से चार अंक पीछे रही। महिला जूनियर 25 मीटर पिस्टल फाइनल में भारत की पायल खत्री को 36 के स्कोर के साथ स्वर्ण पदक मिला जबकि नाम्या कपूर (30) ने रजत और तेजस्विनी (27) ने कांस्य पदक जीता। इन तीनों ने 1700 अंक के साथ टीम वर्ग में भी रजत पदक अपने नाम किया। कोरिया को स्वर्ण और कजाखस्तान को कांस्य पदक मिला। नाम्या और तेजस्विनी क्वालीफिकेशन में पहले दो स्थान पर रही जबकि पायल छठे स्थान पर रही थी। इससे पहले सीनियर वर्ग में चीन की यूयू झांग ने स्वर्ण और जियारूइशुआन शियाओ ने रजत पदक जीता। मनु, ईशा और सिमरनप्रीत कौर बरार की भारतीय तिकड़ी ने 1749 के कुल स्कोर के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया।



### महिला डीपीएल : साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स ने जीता खिताब

**नई दिल्ली।** साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स ने पिछले साल फाइनल में मिली हार को भुलाते हुए सेंट्रल दिल्ली क्वींस को वर्षाबाधित मैच में एक रन से हराकर महिला दिल्ली प्रीमियर लीग खिताब जीत लिया। जीत के लिए 122 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए क्वींस शुरू से ही दबाव में रही और 20 ओवर में आठ विकेट पर 120 रन ही बना सकी। क्वींस ने एक समय पांच विकेट 74 रन पर गंवा दिए थे लेकिन इसके बाद मोनिका (28 गेंद में 33 रन) और रिया शौकीन (28 गेंद में नाबाद 28) ने छठे विकेट के लिए 33 रन की साझेदारी करके जीत की उम्मीदें जगाईं। मोनिका के आउट होने के बाद हालांकि रिया को दूसरे छोर से मदद नहीं मिल सकी। सुपरस्टार्स के लिये मेधावी बिधुड़ी ने तीन ओवर में 26 रन देकर तीन विकेट लिए जबकि हिमाक्षी चौधरी को दो विकेट मिले।

# ड्रीम 11 से करार खत्म, बीसीसीआई को अब नए प्रायोजक की तलाश

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

फैंटेसी स्पोर्ट्स कंपनी ड्रीम 11 अब भारतीय क्रिकेट टीम की टाइटल प्रायोजक नहीं है और बोर्ड ने उसके विकल्प की तलाश शुरू कर दी है लेकिन यह अगले महीने एशिया कप से पहले होने की संभावना नहीं है। हाल ही में पारित 'ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन एवं विनियमन विधेयक, 2025' के तहत सरकार के वास्तविक धन गेमिंग पर प्रतिबंध लगाने के बाद ड्रीम 11 अब भारतीय क्रिकेट टीम का टाइटल प्रायोजक नहीं है।



### दूसरे विकल्प की तलाश में प्रक्रिया जारी

बीसीसीआई सचिव देवाजीत सैकिया ने इसकी पुष्टि की कि ड्रीम11 के साथ करार खत्म हो गया है और बीसीसीआई विभिन्न राष्ट्रीय टीमों के लिए नए टाइटल प्रायोजक की तलाश की प्रक्रिया में है। सैकिया ने कहा,' हमारा रुख स्पष्ट है। नियम बनने के बाद बीसीसीआई ड्रीम 11 या अन्य गेमिंग कंपनी के साथ प्रायोजन करार नहीं रख सकती। नए नियम के तहत अब इसकी कोई गुंजाइश ही नहीं है।' उन्होंने कहा,' इसलिए हम दूसरे विकल्प तलाश रहे हैं और प्रक्रिया जारी है। हम प्रायोजक की तलाश में है और अभी प्रक्रिया पूरी नहीं हुई है।

### ड्रीम 11 ने खरीदा था 358 करोड़ रुपए में टाइटल

भारतीय टीम का टाइटल प्रायोजक ड्रीम 11 था और इंडियन प्रीमियर लीग का आधिकारिक फैंटेसी स्पोर्ट्स भागीदार वास्तविक धन वाला ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफॉर्म 'माई11 सर्कल' है। ड्रीम 11 ने भारतीय टीम के टाइटल अधिकार लगभग 44 मिलियन अमेरिकी डॉलर (लगभग 358 करोड़ रुपये) में खरीदे थे। उनका करार खत्म होने में अभी एक साल बाकी है लेकिन इसके लिए उन्हें कोई दंड नहीं लगाया जाएगा। बोर्ड के एक शीर्ष अधिकारी ने कहा,'बीसीसीआई अपने प्रायोजक ही परेशानी को पूरी तरह समझता है। यह उनकी गलती नहीं है और भुगतान में चूक के अन्य मामलों की तरह ड्रीम11 पर कोई जुर्माना नहीं लगाया जाएगा।

## बेटफ्रेड ब्रिटिश मास्टर्स

# अहलावत के आखिरी में 3 बर्डी



एजेंसी ▶▶| सुटोन कोल्डफील्ड

भारत के वीर अहलावत आखिरी दौर में दो ओवर 74 के खराब स्कोर के साथ बेटफ्रेड ब्रिटिश मास्टर्स गोल्फ टूर्नामेंट में संयुक्त 54वें स्थान पर रहे। भारत के दूसरे खिलाड़ी शुभंकर शर्मा कट में प्रवेश नहीं कर सके थे। पीजीटीआई आर्डर आफ मेरिट में शीर्ष पर रहे अहलावत ने एक ओवर से 73-71-71-74 स्कोर किया। उन्होंने आखिरी दौर में तीन बर्डी लगाए, तीन बोगी और एक डबल बोगी किया। एलेक्स नोरेन ने सात साल बाद अपना 11वां डीपी वर्ल्ड टूर खिताब जीता।

## सीपीकेसी ओपन

# अदिति संयुक्त 36वें स्थान पर



एजेंसी ▶▶| मिसिसॉगा (कनाडा)

भारतीय गोल्फर अदिति अशोक सीपीकेसी महिला ओपन में चार दिन में तीसरी बार इवन पार 71 के स्कोर के साथ संयुक्त 36वें स्थान पर रही। कनाडा की ब्रूक हेंडरसन ने आस्ट्रेलिया की मिंजी ली को एक स्ट्रोक से हराकर दूसरी बार खिताब जीता। उनका चार अंडर 68 और कुल स्कोर 15 अंडर 269 रहा। जापान की माओ साइगो तीसरे स्थान पर रही।

## हिल्स ओपन

# प्रणवी के दो अंडर 69 स्कोर

एजेंसी ▶▶| गोटेनबर्ग (स्वीडन)

आखिरी दौर में डबल बोगी करने से भारतीय गोल्फर प्रणवी उर्स की शीर्ष 15 में रहने की उम्मीदों पर तुषारापात हो गया और वह हिल्स ओपन में संयुक्त 21वें स्थान पर रही। चोट के बाद वापसी कर रही प्रणवी ने दो अंडर 69 स्कोर किया। भारत की हिताषी बख्शी संयुक्त 41वें स्थान पर रही जबकि स्नेहा सिंह संयुक्त 47वें स्थान पर रही। भारत की त्वेसा मलिक, अमनदीप द्राल, अवनि प्रशांत और वाणी कपूर कट में प्रवेश नहीं कर सकी थी। स्वीडन की अमैच्योर मेजा ओर्टेंग्रेन ने अपने देश में पहला लेडीज यूरोपीय टूर खिताब जीता।



## सिनक्यूफील्ड कप

### प्रज्ञानानंदा ने खेला लगातार पांचवां ड्रा, दूसरे स्थान पर बरकरार

**सेंट लुइस (अमेरिका)।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर. प्रज्ञानानंदा ग्रैंड शतरंज टूर के सिनक्यूफील्ड कप के छठे दौर में पोलैंड के जान क्रिस्टोफ डुडा से ड्रॉ खेलकर संयुक्त दूसरे स्थान पर बने हुए हैं। प्रज्ञानानंदा का यह लगातार पांचवां ड्रॉ था। अब उनके छह मुकाबलों में 3.5 अंक हैं। अमेरिका के फेबियानो कारुआना चार अंक लेकर शीर्ष पर हैं। प्रज्ञानानंदा के साथ अमेरिका के लेवोन आरोनियन भी दूसरे स्थान पर हैं। विश्व चैंपियन डी. गुकेश, अमेरिका के वेसली सो और सैमुअल सेवियान, फ्रांस के अलीरजा फिरोजा और मैक्सिम वाचियेर लाग्रेव संयुक्त चौथे स्थान पर हैं। छठे दौर में गुकेश ने फिरोजा से ड्रॉ खेला।






## चीन-पाकिस्तान से मिलती साझा सुरक्षा चुनौती के बीच बढ़ेगी नौसेना की युद्धक क्षमता

# रक्षा मंत्री की मौजूदगी में आज नौसेना का हिस्सा बनेंगे 'उदयगिरि' और 'हिमगिरि' युद्धपोत

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

चीन और पाकिस्तान की सीमा से भारत को मिलती साझा सुरक्षा चुनौती के बीच भारतीय नौसेना के दक्षिण भारत में मौजूद एक महत्वपूर्ण अड्डे पर आज (मंगलवार) एक भव्य समारोह आयोजित किया जाएगा। जिसकी अध्यक्षता खुद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह करेंगे। मौका होगा बल के जंगी बेड़े में एक नहीं बल्कि उदयगिरि और हिमगिरि नामक दो विशालकाय स्टेल्थ फ्रिगेट (युद्धपोत) के शामिल होने का। इस समारोह का एक आकर्षक बिंदु ये भी होगा कि इसमें देश के दो अलग-अलग शिपयार्डों में निर्मित युद्धपोत एक ही दिन साथ में नौसेना के बेड़े में प्रवेश करेंगे यानी अपना पहला कदम रखेंगे। यह जानकारी नौसेना ने सोमवार को एक बयान जारी कर दी है।

**नौसेना के पूर्वी बेड़े में होगी दोनों युद्धपोत की तैनाती**



### युद्धपोतों में 75 फीसदी स्वदेशी सामग्री

नौसेना ने बताया, उदयगिरि को मुंबई स्थित मझगांव डॉकयार्ड लिमिटेड (एमडीएल) ने बनाया है। जबकि हिमगिरि का निर्माण कोलकाता के गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (जीआरएसई) ने किया है। आंतरिक रूप से दोनों फ्रिगेट के डिजाइन में नौसेना के डिजाइन ब्यूरो की अहम भूमिका है। यह दोनों युद्धपोत बल की प्रोजेक्ट-17 यानी शिवालिक श्रेणी के अनुवर्ती जहाज हैं। जो हिंद महासागर में समुद्री अभियानों की समूची श्रृंखला को अंजाम देने में सक्षम हैं। दोनों को डिजाइन, स्टेल्थ, हथियार और सेंसर प्रणालियों में जरूरी सुधार के साथ तैयार किया गया है। इनमें कुल करीब 75 फीसदी स्वदेशी सामग्री लगाई गई है। जो सैकड़ों स्वदेशी सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम द्वारा समर्थित रक्षा निर्माण में सरकार के आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण के अनुरूप है।

### जहाज निर्माण से जुड़ी ये खास परंपरा

यह दोनों युद्धपोत अपने प्रतिष्ठित पूर्ववर्ती युद्धपोतों के नामों को फिर से जीवित करने की नौसेना की परंपरा का साक्षात प्रमाण प्रस्तुत करते हैं। जिसके तहत इनका नाम आईएनएस उदयगिरि (एफ 35) और आईएनएस हिमगिरि (एफ 34) रखा गया है। पूर्व समय में दोनों युद्धपोतों ने सेवामुक्त होने से पहले करीब तीन दशक से अधिक समय तक देश की विशिष्ट सेवा में अपना योगदान दिया था। इस नजरिए से देखें तो इन दोनों युद्धपोतों का जलावतरण उनके पूर्वजों की विरासत का सम्मान करता है। साथ ही क्षमता के एक नए युग का भी सूत्रपात करता है।

### हिंद महासागर में बढ़ेगी सुरक्षा

*नौसेना ने कहा कि उदयगिरि डिजाइन ब्यूरो द्वारा डिजाइन किया गया 100वां युद्धपोत है। यह स्वदेशी डिजाइन के पांच दशकों में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। जहाजों में आधुनिक संयुक्त डीजल या गैस प्रणोदन संयंत्र, अत्याधुनिक एकीकृत प्लेटफार्म प्रबंधन प्रणाली व भारतीय निर्माताओं द्वारा विकसित किए गए उन्नत हथियारों और सेंसरों का एक समूह है। इनके बल के बेड़े का हिस्सा बनने से न केवल उसकी युद्धक क्षमता बढ़ेगी। बल्कि उसके अलावा युद्धपोत डिजाइन-निर्माण में आत्मनिर्भरता प्राप्त करने के देश के संकल्प की भी पुष्टि होगी। नौसेना में शामिल होने के बाद ये दोनों उसके पूर्वी बेड़े में शामिल हो जाएंगे। जिससे हिंद महासागर क्षेत्र में देश के समुद्री हितों की रक्षा करने की क्षमता और मजबूत होगी।*

## वायुसेनाप्रमुख ने राजस्थान के नाल एयरबेस से भरी मिग-21 में आखिरी उड़ान...

चंडीगढ़ में आयोजित किया जाएगा बड़ा समारोह, मिग-21 की अंतिम बची हुई स्क्वाड्रन की होगी नंबर प्लेटिंग

# 26 सितंबर 2025 को वायुसेना में पूरी तरह से खत्म हो जाएगा 'मिग युग'

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

1965 से लेकर बालाकोट एयरस्ट्राइक तक जिन मिग-21 लड़ाकू विमानों की हवाई धमक मात्र से ही दुश्मन थरथर कांपते थे। उनकी अंतिम स्क्वाड्रन की अगले महीने 26 सितंबर को वायुसेना से आधिकारिक रूप से सेवानिवृत्ति (नंबर प्लेटिंग) हो जाएगी। लेकिन इन सबके बीच करीब चार दशक पहले इस विमान को उड़ाने वाले मौजूदा वायुसेनाप्रमुख एयरचीफ मार्शल ए.पी.सिंह ने राजस्थान में वायुसेना के बीकानेर एयरबेस से एक बार फिर से मिग विमान में अंतिम रणनीतिक उड़ान भरी है।

हालांकि बल के जंगी बेड़े में इस समय तैनात मिग-21 बायसन विमानों की अंतिम दो स्क्वॉड्रन की अगले महीने 26 सितंबर को सेवानिवृत्ति हो जाएगी। जिसके लिए चंड़ीगढ़ एयरबेस पर एक बड़ा कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जहां पर ये विमान अपनी आखिरी प्रतीकात्मक उड़ान भी भरेंगे। कार्यक्रम को चंडीगढ़ में आयोजित करने के पीछे की वजह मिग-21 लड़ाकू विमानों की पहली स्क्वाड्रन का वर्ष 1963 में यहां से ही गठन किया जाना है। वायुसेना ने एयरचीफ मार्शल ए.पी.सिंह की इस उड़ान का जिक्र एक्स पर अपनी एक पोस्ट में भी किया है।

### 40 मिनट की थी यह उड़ान



वायुसेनाप्रमुख बीते सप्ताह 18 से 19 अगस्त तक राजस्थान के दो दिवसीय दौरे पर थे। जिसमें उन्होंने मिग-21 की अंतिम स्क्वाड्रन नंबर 23 (पैंथर्स) से जुड़े एक विमान में जो अंतिम उड़ान भरी।

वह करीब 40 मिनट की थी। इस दौरान वायुसेना की एक महिला अधिकारी स्क्वाड्रन लीडर प्रिया ने उन्हें नेतृत्व प्रदान किया। इस उड़ान की एक विशेषता यह भी रही कि इसके लिए वायुसेनाप्रमुख ने प्रारंभिक प्रशिक्षण भी लिया था। जो कि बल के हवाई विमान संचालन का एक अहम हिस्सा है। अपना अनुभव साझा करते हुए एयरचीफ मार्शल सिंह ने भावुक होते हुए कहा कि यह लड़ाकू विमान 1960 के दशक में वायुसेना में शामिल होने के साथ ही उसकी बड़ी ताकत के रूप में हमेशा डटा रहा है। हम लगातार इसमें उड़ान भरते रहे हैं। इतिहास में मिग-21 को दुनिया का सबसे ज्यादा प्रयोग किया जाने वाला सुपरसोनिक लड़ाकू विमान के रूप में जाना जाता है। जिसके लगभग 11 हजार विमान 60 देशों द्वारा प्रयोग किए गए। उन्होंने कहा कि 1985 में मैंने मिग-21 विमान के टाइप-77 वेरिएंट में पहली बार असम के तेजपुर में उड़ान भरी थी। यह एक बेहतरीन, उच्च स्तर की हवाई कलाबाजियों के साथ साधारण रूप से डिजाइन किया गया एक ऐसा लड़ाकू विमान है। जिसमें उड़ान भरने के लिए शुरुआती प्रशिक्षण की आवश्यकता होती है। लेकिन इसमें कोई शक नहीं है कि उड़ान के लिहाज से ये शानदार रहा है। निश्चित रूप से जिन लोगों ने इसे उड़ाया होगा। उन्हें इसकी कमी जरूर खलेगी। बताते चलें कि कुल छह दशक से अधिक समय तक देश की सीमाओं की सुरक्षा में तैनात रहे मिग-21 लड़ाकू विमानों के बीते वर्षों में लगातार दुर्घटनाग्रस्त होने की वजह से इनकी हवाई उड़ान पर बड़ा सवालिया निशान खड़ा हो गया था। दुर्घटनाओं का सिलसिला इतना बढ़ा कि मिग विमानों को उड़ता ताबूत यानी फ्लाइंग कॉफिन के नाम से जाना जाने लगा।

### तेजस, राफेल की ओर बढ़ने का समय

उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि हम तेजस, राफेल और सुखोई-30 जैसे लड़ाकू विमानों की ओर आगे बढ़ें। वायुसेनाप्रमुख के मुताबिक, किसी भी लड़ाकू विमान का प्रदर्शन उसका सबसे बड़ा सूचक होता है। अधिकतम रूप से फिर से गर्म होने के साथ ही ये विमान 250 मीटर प्रति सेकेंड की रफ्तार से ऊंचाई पर पहुंच सकता है। इसने अपनी युद्धक भूमिका के साथ देश की बेहतरीन ढंग से सेवा की है। लेकिन हर चीज का एक समय और जगह नियत होती है। तकनीक पुरानी हो गई है। जिसका रखरखाव करना मुश्किल है। तेजस का निर्माण ही मिग-21 विमानों की जगह लेने के लिए किया गया है।

## पहाड़ी क्षेत्रों में बारिश बनी आफत, टूटा कहर

# कई जगह भूस्खलन, सड़कें बंद

एजेंसी ▶▶ श्रीनगर/ शिमला

पहाड़ी क्षेत्रों जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश में बारिश से बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। जम्मू में तीन दशक बाद हुई मूसलाधार बारिश से शहर में बाढ़ आ गई। रणबीर नहर ओवरफ्लो होकर सड़कों और घरों में घुस गई। तीन से पांच फीट पानी भर चुका था। हालात काबू में लाने के लिए एसडीआरएफ और नगर निगम की टीमें दिनभर राहत और सफाई कार्य में जुटी रहीं। डोडा समेत कई जिलों में नदियां-नाले उफान पर हैं। प्रशासन ने यात्राएं रोकीं और भद्रवाह-चंबा मार्ग बंद किया। हेल्पलाइन नंबर जारी किया है।

वहीं, उत्तराखंड के देहरादून, उत्तरकाशी, नैनीताल तथा चमोली सहित अनेक जिलों में स्कूलों में अवकाश घोषित किया गया। बारिश के बीच उत्तरकाशी जिले के आपदाग्रस्त धराली और चमोली जिले के थराली में सेना, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, भारत तिब्बत सीमा पुलिस के अलावा राज्य सरकार की विभिन्न एजेंसियों द्वारा खोजबीन एवं राहत बचाव अभियान जारी है।

### कठुआ जिले का संपर्क टूटा



*कठुआ जिले में सबसे ज्यादा नुकसान सड़क नेटवर्क को पहुंचा है। जिला मुख्यालय कठुआ का सभी सब डिवीजनों से सीधा संपर्क कट चुका है। जम्मू पठानकोट नेशनल हाईवे के पैरलल चलने वाले सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण धार सड़क तक पहुंचाने वाले लखनपुर महानपुर और दियालाचक छलां मार्ग बंद हैं।*

### हिमाचल में 628 सड़कें ठप, स्कूल बंद

*इससे जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। कांगड़ा, बिलासपुर, हमीरपुर, सोलन, ऊना, चंबा जिले सहित कुल्लू और मनाली उपमंडल में सभी शैक्षणिक संस्थान आज बंद रखे गए हैं। लाहौल-स्पीति के केलांग और उदयपुर उपमंडल के सभी शिक्षण संस्थान भी बंद रहे। राज्य में सोमवार सुबह 10:00 बजे तक तीन नेशनल हाईवे सहित 628 सड़कें बंद रहीं। इसके अतिरिक्त 1533 बिजली ट्रांसफार्मर व 168 जल आपूर्ति योजनाएं भी प्रभावित हैं। मंडी, कुल्लू व चंबा जिले में सबसे अधिक सड़कें प्रभावित हैं। समुद्रतल से 1,6500 फीट ऊंचे शिंकुला दर्रा में रि बर्फबारी हुई। इससे दारचा-शिंकुला पदम सड़क मार्ग यातायात के लिए बंद हो गया है।*

### मणिमहेश जाते समय 3 की मौत

*हिमाचल के चंबा जिले में स्थित मणिमहेश जाते समय पंजाब के तीन श्रद्धालुओं की कथित तौर पर ऑक्सीजन की कमी (हाइपोक्सिया) के कारण मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि मृतकों की पहचान पठानकोट के रहने वाले अमन (18) और रोहित (18) तथा गुरदासपुर के रहने वाले अनमोल (26) के रूप में हुई है।*




## राजस्थान के जोधपुर रक्षा एवं खेल अकादमी के उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बोले रक्षा मंत्री

# सशस्त्र बलों ने आतंकियों को शरण देने वालों का उनके कर्म देखकर किया खात्माः राजनाथ

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को ऑपरेशन सिंदूर और उसमें दिखाई गई भारतीय सशस्त्र सेनाओं की साहस और वीरता को स्मरण करते हुए कहा कि पहलगाम हमले में आतंकवादियों ने निर्दोष लोगों की धर्म के आधार पर हत्या की थी। जबकि भारतीय सशस्त्र बलों ने आतंकियों को शरण देने वालों के कर्म देखकर उनका खात्मा किया है। हमारा देश जाति और धर्म के आधार पर भेदभाव नहीं करता है। यह सैन्य अभियान नए भारत की पहचान है। सेनाओं ने इस कायरतापूर्ण आतंकी हमले का करारा जवाब दिया और सभी निर्धारित लक्ष्यों को सटीकता के साथ हासिल किया है। रक्षा मंत्रालय ने राजनाथ सिंह के बयान को मीडिया से साझा किया।



**इस नीति से करते आतंकवाद का मुकाबलाः** गौरतलब है कि पहलगाम हमले में पाकिस्तान समर्थित लश्कर-ए-तैयबा के मुखौटा आतंकी संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट के आतंकियों ने 26 निर्दोष लोगों (25 भारतीय और 1 नेपाली नागरिक शामिल) की बेहद निर्मम तरीके से हत्या कर दी थी। जिसके जवाब में भारत ने 7 मई की मध्यरात्रि बाद ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई कर पाकिस्तान और पीओके में कुल 9 आतंकी कैंपों और उनमें मौजूद 100 से अधिक आतंकियों को पलक झपकते ही मौत के घाट उतार दिया था। भारत का ये सैन्य अभियान अभी पूरी तरह से समाप्त नहीं हुआ है। यह अस्थायी विराम पर है। अब अगर पाकिस्तान ने दोबारा भारत के खिलाफ कोई आतंकी हमला किया। तो उसे तत्काल उसका मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। वर्तमान में आतंकवाद से किसी तरह का कोई समझौता न करने यानी जीरो टॉलरेंस की भारत की नीति पूरी दृढ़ता के साथ लागू है।

**राष्ट्र सुरक्षा प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारीः** उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सीमावर्ती क्षेत्रों के लोगों ने सशस्त्र बलों को पूरा समर्थन प्रदान किया। जो इस बात का प्रमाण है कि देश की सुरक्षा की जिम्मेदारी न केवल सरकार और सेना की है। बल्कि यह प्रत्येक नागरिक की भी जिम्मेदारी है। रक्षा मंत्री ने जोर देते हुए कहा कि अगर देश के नागरिक खासतौर पर युवा अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूक और समर्पित रहें। तो भारत किसी भी कठिनाई का सामना करने के साथ ही मजबूत बन सकता है।

**रक्षा से सुनिश्चित होती सुरक्षाः** राजनाथ सिंह के मुताबिक, एक सुरक्षित और मजबूत राष्ट्र के निर्माण के लिए रक्षा, शिक्षा और खेल का समन्वय बेहद जरूरी है। शिक्षा जहां ज्ञान प्रदान करती है। वहीं, रक्षा से ही सुरक्षा सुनिश्चित होती है। सैनिक और खिलाड़ी की तुलनात्मक समानता के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि दृढ़ता, अनुशासन, धैर्य और दृढ़ संकल्प जैसे गुण एक सैनिक के लिए जितने जरूरी हैं। उतने ही एक खिलाड़ी के लिए भी हैं। रक्षा, शिक्षा और खेल के इस संगम से निकले छात्र राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन कर सकते हैं। उन्होंने नागरिकों से एक ऐसे देश के निर्माण का आह्वान किया। जो ज्ञान, संस्कृति और शक्ति के मामले में विश्व में अग्रणी हो। देश की रक्षा में राजस्थान के सैनिकों के महत्वपूर्ण योगदान के बारे में चर्चा करते हुए इस बात पर जोर दिया कि इस क्षेत्र में जवानों के अनुपात में अधिकारी नहीं बन रहे हैं। रक्षा मंत्री ने आम-जनता से सशस्त्र बलों में अधिकारी के रूप में शामिल होने, राष्ट्रीय सुरक्षा को और मजबूत करने में योगदान देने का आग्रह किया। रक्षा और खेल अकादमी जैसी पहल के महत्व के बारे में बताते हुए राजनाथ ने कहा कि एक सुरक्षित और मजबूत राष्ट्र के निर्माण के लिए रक्षा, शिक्षा और खेल का समन्वय बेहद जरूरी है।

## पाकिस्तान की साजिश फिर नाकाम

# उड़ी में 20 मिनट तक हुई मुठभेड़ सुरक्षाबलों ने विफल की घुसपैठ

एजेंसी ▶▶ श्रीनगर

उत्तरी कश्मीर में उड़ी (बारामुला) सेक्टर में टुरना के पास एलओसी पर सेना के जवानों ने सोमवार को आतंकियों की घुसपैठ के एक प्रयास को विफल बनाते हुए, उन्हें वापस मार भगाया। सोमवार सुबह तड़के उड़ी सेक्टर में एलओसी के साथ सटे टुरना इलाके में सेना के जवानों ने एलओसी के पार से कुछ हथियारबंद आतंकियों को भारतीय इलाके की तरफ आते देखा। जवानों ने आस पास की सभी चौकियों को सचेत करते हुए वहां अपनी पोजीशन संभाली और घुसपैठियों पर नजर रखी। जैसे ही वह भारतीय सीमा में दाखिल होने लगे, जवानों ने उन्हें ललकारते हुए सरेंडर के लिए कहा।

जवानों की ललकार सुनते ही घुसपैठियों ने जिनकी संख्या से तीन से चार बताई जाती है ने वहीं पर झाड़ियों के बीच पोजीशन लेकर फायर कर दिया। जवानों ने भी जवाबी फायर किया। दोनों तरफ से करीब 20 मिनट तक गोलीबारी हुई। घुसपैठियों की तरफ से गोलीबारी बंद होने पर जवानों ने भी फायरिंग बंद कर दी।

# कैमरून में फंसे 17 मजदूरों की हुई स्वदेश वापसी, 2 और आज आएंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत सरकार के विदेश मंत्रालय के हस्तक्षेप के बाद अफ्रीकी देश कैमरून में फंसे झारखंड के 19 में से 17 मजदूरों की सुरक्षित स्वदेश वापसी हो गई है। ये मजदूर बोकारो और हजारीबाग जिले के रहने वाले हैं। सोमवार को सभी अपने घर पहुंच गए।

बताया गया है कि दो अन्य मजदूरों की वापसी 26 अगस्त को होगी। ये मजदूर एक एजेंसी के जरिए कैमरून में बिजली ट्रांसमिशन का काम करने वाली ट्रांसरेल लाइटिंग लिमिटेड कंपनी में मजदूरी करने ले जाए गए थे। इस कंपनी ने उनका चार महीने का वेतन रोक रखा था। वेतन बंद होने से उनके सामने खाने-पीने और अन्य बुनियादी जरूरतों का संकट खड़ा हो गया था।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109